वर्ष- 13 अंक - 47 लखनऊ,
गुरुवार, 16 अक्टूबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



1100 स्वदेशी ड्रोन अयोध्या में आसमान में प्रदर्शित करेंगे रामायण के विविध प्रसंगों की झलकियां 03

दबंग पूर्व प्रधान ने चकमार्ग को काटा, एसडीएम ने काम रुकवाया 10

**-: सर्राफा बाजार भाव :-**

| | | |
|---|---|---|
| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
| 24 कैरेट | = | 1,29,590/ |
| 22 कैरेट | = | 1,18 800/ |
| 18 कैरेट | = | 97,230/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,90,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### भारत संग रणनीतिक सहयोग और मजबूत करेगा मंगोलिया

**नई दिल्ली।** मंगोलिया के उप प्रधानमंत्री सैनबुयान अमरसाइखान ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार भारत के साथ व्यापार, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और सैन्य सहयोग को और मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि वैश्विक व्यापारिक चुनौतियों के बावजूद भारत एक प्रमुख आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, जिसमें अपार संभावनाएं हैं। अमरसाइखान ने यहां पत्रकारों से कहा कि हम भारत के साथ अपने व्यापार, आर्थिक, सांस्कृतिक, शैक्षिक और सैन्य सहयोग का विस्तार करने के लिए तत्पर हैं। दुनिया भर में व्यापारिक मुद्दे हैं, लेकिन भारत का विशाल बाजार उसे एक रणनीतिक भागीदार बनाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2015 में भारत-मंगोलिया के राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ के अवसर पर मंगोलिया का दौरा किया था।

### 2030 के कॉमनवेल्थ खेल भारत में करने की सिफारिश

**अहमदाबाद।** भारत के खेल क्षेत्र के विकास को गति देने की दिशा में आज एक ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण घोषणा की गई। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट एग्जीक्यूटिव बोर्ड ने वर्ष-2030 में आयोजित होने वाले 24वें कॉमनवेल्थ गेम्स का आयोजन भारत में करने की सिफारिश की है। बोर्ड ने यह भी सिफारिश की है कि इन खेलों की मेजबानी गुजरात के अहमदाबाद को दी जाए। इस बात की संभावना है कि 1930 में शुरू हुए कॉमनवेल्थ गेम्स का शताब्दी समारोह अहमदाबाद में आयोजित होगा। बोर्ड की इस सिफारिश को अब नवंबर-2025 में आयोजित होने वाली कॉमनवेल्थ स्पोर्ट की महासभा के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

### सिवनी हवाला कांड के 10 आरोपी गिरफ्तार

**सिवनी।** 3 करोड़ रुपये के हवाला मामले में सिवनी जिले के 11 में से 10 पुलिसकर्मियों को बुधवार को गिरफ्तार कर लिया गया है। सभी को न्यायालय पेश किया गया। उन पर डकैती, अपहरण और आपराधिक षडयंत्र जैसे गंभीर आरोप हैं। विशेष जांच दल मामले की जांच कर रहा है। न्यायालय में खचाखच भीड़ के बीच में सभी आरोपियों को ले जाने के बाद कोर्ट से जब उन्हें 2 दिन के रिमांड व स्वास्थ्य परीक्षण के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। उस दौरान जब आरोपी कोर्ट से बाहर निकले तब न्यायालय परिसर में वकीलों और आमजनों की बड़ी संख्या में भीड़ मौजूद थी।

### शीर्ष आठ शहरों में जुलाई-सितंबर तिमाही में घरों की बिक्री घटी

**नयी दिल्ली।** देश के शीर्ष आठ शहरों में चालू कैलेंडर साल की जुलाई-सितंबर की अवधि के दौरान घरों की बिक्री एक प्रतिशत घटकर 95,547 इकाई रह गई। रियल एस्टेट परामर्श कंपनी प्रॉपटाइगर ने यह जानकारी दी। प्रॉपटाइगर के अनुसार, यह गिरावट मुख्य रूप से मुंबई, पुणे और दिल्ली-एनसीआर में कम मांग के कारण आई है।

## मुख्यमंत्री योगी ने राज्य के 1.86 करोड़ परिवारों के लिए मुफ्त सिलेंडर सब्सिडी जारी करते हुए कहा

# हर वंचित के साथ खड़ी है सरकार

**▸ दंगाइयों के सामने सरकार अब नहीं झुकेगी : योगी आदित्यनाथ**

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह हमारी वचनबद्धता है कि राज्य में हर बेटी, राहगीर और व्यापारी को सुरक्षा देंगे। हर नौजवान के हाथ को काम देंगे। हर गरीब को उसका हक देंगे। हर वंचित और दलित के साथ सरकार खड़ी होगी। यूपी में जिसने भी बहन-बेटी को छेड़ा, यमराज के हाथों उसका टिकट कटना तय है। यह केवल उत्तर प्रदेश कर सकता है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी बुधवार को यहां लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने दीपावली के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत राज्य के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों के लिए 1500 करोड़ धनराशि की गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी जारी की। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले कनेक्शन वालों को रसोई गैस नहीं मिल पाती थी। जो कनेक्शन चाहते थे, उन्हें कनेक्शन ही नहीं मिल पाता था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व की सरकार ने 11 करोड़ रसोई गैस कनेक्शन मुफ्त में उपलब्ध कराए। मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर भी हमला बोला।

मुख्यमंत्री ने त्योहारों पर खलल डालने वालों को भी चेतावनी दी। उन्होंने कहा कि दंगाइयों के सामने सरकार अब नहीं झुकेगी। उन्होंने कहा कि जिसे यमराज से टिकट कटवाना हो, वह बहन बेटी को छेड़ कर दिखाए। यह केवल उत्तर प्रदेश कर सकता है। यह हमारी बचनबद्धता भी है कि हर बेटी, राहगी, व्यापारी को सुरक्षा देंगे। हर नौजवान के हाथ को काम देंगे। हर गरीब को उसका हक देंगे। हर वंचित और दलित के साथ सरकार खड़ी होगी। उसके साथ कोई अन्याय नहीं होने देंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि त्योहारों में खलल डालने वालों के खिलाफ पुलिस कठोर कार्रवाई करेगी।

ऐसे लोगों को जेल की सलाखें उसका इंतजार कर रही होंगी। वह कोई भी हो, उसे जेल में ठूसने में देर नहीं लेगी। इस मौके पर वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश खन्ना, महापौर सुषमा खर्कवाल समेत अन्य महत्वपूर्ण जन उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के साथ ही सभी 75 जिलों में भी कार्यक्रम आयोजित किये गये। जिलों के आला अधिकारी और जनप्रतिनिधि उन कार्यक्रमों में शामिल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि उप्र की भाजपा नीत योगी सरकार ने प्रदेश की जनता से दीपावली और होली के अवसर पर मुफ्त सिलेंडर देने की घोषणा की थी। उसी के तहत सरकार यह धनराशि धनराशि दे रही है।

### सीएम से मिले कैंट विधायक संजीव अग्रवाल



**बरेली।** कैंट विधायक संजीव अग्रवाल ने बुधवार को मुख्यमंत्री योगी से लखनऊ स्थित लोक भवन में शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने बरेली में सौहार्दपूर्ण वातावरण स्थापित करने और कानून-व्यवस्था के प्रति मुख्यमंत्री के सख्त रुख के लिए आभार जताया। इस दौरान विधायक ने मुख्यमंत्री को रामदरबार की प्रतिमा भेंट कर दीपावली की शुभकामनाएं भी दीं। विधायक अग्रवाल ने मुख्यमंत्री का ध्यान बरेली एयरपोर्ट की ओर आकर्षित करते हुए कहा कि वर्तमान में यहां से कुछ ही उड़ानें संचालित हैं, जो क्षेत्र की जरूरतों के अनुरूप पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री से बरेली से जयपुर होते हुए अहमदाबाद, बरेली से लखनऊ होकर कोलकाता, वाराणसी, बेंगलुरु और चेन्नई होते हुए तिरुपति के लिए नियमित उड़ानें शुरू कराने का अनुरोध किया। विधायक ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकार की डबल इंजन नीति से हवाई यात्रा अब आम जन के लिए सुलभ हुई है। अगर नई उड़ानें शुरू होती हैं तो इससे व्यापार, उद्योग और पर्यटन को नया आयाम मिलेगा। उन्होंने चार धाम यात्रा के लिए हेलीकॉप्टर सेवा आरंभ करने की भी मांग की, ताकि तीर्थयात्री बरेली से सीधे दर्शन के लिए जा सकें।

## बिहार विस चुनाव : भाजपा ने मैथिली ठाकुर व आनंद मिश्रा को बनाया प्रत्याशी

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव -2025 को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपनी दूसरी सूची बुधवार शाम जारी की। इस सूची में प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर सहित 12 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। मैथिली ठाकुर को दरभंगा जिले के अलीनगर से टिकट मिला है। वहीं बक्सर सीट से पूर्व आईपीएस आनंद मिश्रा को उम्मीदवार बनाया गया है। मैथिली ठाकुर को इससे पहले मतदाता जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा बिहार का स्टेट आइकॉन नियुक्त किया गया था।

पत्रकारों से बातचीत में, जब उनसे पूछा गया कि क्या वह चुनाव लड़ने पर विचार करेंगी, तो उन्होंने कहा था कि उनका अपने गृहनगर से गहरा नाता है और उनका मानना है कि यहीं से अपनी राजनीतिक यात्रा शुरू करना एक बहुमूल्य सीख होगी। उल्लेखनीय है कि बिहार भाजपा प्रभारी विनोद तावड़े ने सोमवार को एक फेसबुक पोस्ट में मैथिली ठाकुर के साथ अपनी मुलाकात का विवरण साझा किया। तावड़े ने लिखा, प्रसिद्ध लोकगायिका मैथिली ठाकुर, जिनका परिवार 1995 में लालू प्रसाद यादव के कार्यकाल के दौरान बिहार छोड़कर चला गया था, अब राज्य के तेज विकास से प्रेरित होकर वापस लौटना चाहती हैं।

### उपचुनाव के लिए भाजपा ने जारी की उम्मीदवारों की सूची

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को चार राज्यों की 5 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। इनमें एक मुस्लिम चेहरा भी शामिल है। भाजपा ने चार राज्यों की पांच सीटों पर होने वाले उपचुनाव के लिए उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है। बुधवार को भाजपा महासचिव अरुण सिंह की तरफ से जारी की गई जानकारी के मुताबिक भाजपा ने झारखंड की घाटशिला (एसटी) सुरक्षित सीट से बाबूलाल सोरेन, जम्मू-कश्मीर की बडगाम सीट से आगा सैयद मोहसिन और नगरोटा से देवयानी राणा को उम्मीदवार बनाया है। जबकि ओडिशा की नुआपाड़ा सीट से जय ढोलकिया और तेलंगाना की जुबली हिल्स सीट से लंकाला दीपक रेड्डी को उम्मीदवार बनाया है।

### श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या आज से भारत की यात्रा पर

**नई दिल्ली।** श्रीलंका की प्रधानमंत्री डॉ. हरिनी अमरसूर्या भारत की तीन दिवसीय यात्रा पर गुरुवार को यहां आ रहीं हैं। विदेश मंत्रालय के अनुसार वह 16-18 अक्टूबर तक भारत की यात्रा करेंगी। श्रीलंका की प्रधानमंत्री आपसी हित के द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा करने के लिए भारतीय राजनीतिक नेताओं से मुलाकात करेंगी। यात्रा के दौरान, श्रीलंकाई प्रधानमंत्री दिल्ली में आयोजित एक सम्मेलन में मुख्य उद्बोधन देंगी। डॉ. हरिनी अमरसूर्या शिक्षा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग के रास्ते तलाशने के लिए भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान दिल्ली के साथ-साथ नीति आयोग का भी दौरा करेंगी। श्रीलंका की प्रधानमंत्री दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज के एक प्रतिष्ठित पूर्व छात्र संघ के कार्यक्रम में शामिल होंगी।

## यूएन के 32 सैन्य मित्र देशों के सेनाध्यक्ष व अफसरों ने सपरिवार देखा ताजमहल

समृद्धि न्यूज



**आगरा।** संयुक्त राष्ट्र संघ के 32 सैन्य मित्र देशों (यूएनटीसीसी) के सेना अध्यक्ष, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी सपरिवार ने बुधवार को आगरा पहुंचकर ताजमहल का दीदार किया। इस दौरान सुरक्षा के विशेष इंतजाम किये गए थे।

आज सुबह संयुक्त राष्ट्र संघ के 32 सैन्य मित्र देशों के सेना अध्यक्ष, वरिष्ठ सैन्य अधिकारी और उनके परिजन एक विशेष वायुयान से आगरा हवाई अड्डे पर पहुंचे। इन सैन्य अधिकारियों ने ताजमहल के दीदार किये और उसकी सुंदरता की सराहना की। सैन्य अधिकारियों ने यहां खूब फोटोग्राफी भी की। ताजमहल भ्रमण के दौरान डेलिगेशन के साथ ताजमहल सुरक्षा में लगी सीआईएसएफ के कमांडेंट वीके दुबे और आर्किलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया के वरिष्ठ सर्वेक्षण सहायक प्रिंस बाजपेई साथ रहे।

विदेशी सैन्य अधिकारियों का यह प्रतिनिधिमंडल लगभग एक घंटे तक ताजमहल परिसर में रहा। सर्वेक्षण सहायक प्रिंस वाजपेई ने बताया कि सुबह करीब 10 बजे सैन्य प्रतिनिधिमंडल ने ताजमहल को देखा। करीब दो सौ सदस्यों का यह डेलिगेशन आगरा में पैरा ब्रिगेड परिसर में आयोजित सैन्य स्वागत कार्यक्रम में भी शामिल हुआ।

### आजम खान ने ठुकराई वाई श्रेणी की सुरक्षा

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के नेता और पूर्व कैबिनेट मंत्री आजम खान ने उन्हें दिए जाने की खबर आई वाई श्रेणी की सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया है। 23 महीने बाद जेल से बाहर निकले आजम खान ने सुरक्षा को लेकर तंज कसते हुए कहा कि वह तो मुर्गी और बकरी चोर हैं और इन सुरक्षाकर्मियों का खर्च वहन नहीं कर सकते। उन्होंने सुरक्षाकर्मियों की पहचान पर भी संदेह व्यक्त किया अपनी सुरक्षा पर प्रतिक्रिया देते हुए आजम खान ने कई सवाल उठाए। आजम खान ने दावा किया कि उन्हें न तो शासन की ओर से और न ही सुरक्षा देने वालों की ओर से सुरक्षा दिए जाने की कोई लिखित तहरीर मिली है। वाई श्रेणी सुरक्षा में गाड़ी और तेल सुरक्षा देने वाले को मुहैया कराना होता है, लेकिन उन्हें वह नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमें आए दिन दिल्ली जाना होता है, इलाज के लिए तो कैसे जाएंगे ये लोग?

## एम-पैक्स में कर्मचारियों की कमी जल्द होगी दूर

**▸ उत्तर प्रदेश में 15 हजार पदों पर भर्ती, चौकीदार से सचिव तक, जिला स्तर पर ही होगा सेलेक्शन**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बहुद्देशीय प्राथमिक कृषि ऋण समितियां एम-पैक्स में कर्मचारियों की कमी जल्द दूर होगी। एम-पैक्स में सचिव, लेखाकार व चौकीदार के रिक्त पदों पर नियमित भर्ती होगी तथा कंप्यूटर आपरेटर आउटसोर्स के आधार पर रखे जाएंगे। भर्ती की नियमावली में बदलाव किया जा रहा है। रिक्त करीब 15 हजार पदों की भर्तियां जिले स्तर पर सहायक आयुक्त सहकारिता के माध्यम से कराए जाने की नई नियमावली बनाई जा रही है।

अभी तक एम-पैक्स के नियमित पदों पर भर्ती वर्ष 2020 से मंडल स्तर पर तैनात संयुक्त आयुक्त सहकारिता के माध्यम से कराने की व्यवस्था रही है। इससे पूर्व पैक्स खुद ही जरूरी कर्मचारियों की भर्तियां कर लिया करते थे। अब पहली बार एम-पैक्स के रिक्त पदों पर भर्ती जिला स्तर पर तैनात सहायक आयुक्त सहकारिता के माध्यम से कराए जाने की तैयारी की गई है। आयुक्त सहकारिता योगेश कुमार की अध्यक्षता में एम-पैक्स के रिक्त पदों पर भर्ती की नई नियमावली बनाई जा रही है। सहकारिता मंत्री जेपीएस राठौर के मुताबिक भर्ती की नई नियमावली को जल्द ही अंतिम रूप दे दिया जाएगा। अगले छह महीने में एम-पैक्स के रिक्त लगभग 15 हजार पदों पर भर्तियां कर देने की तैयारी है। मंत्री के मुताबिक सचिव, लेखाकार और चौकीदार के पद पर नियमित नियुक्तियां की जाएंगी। कंप्यूटर आपरेटर आउटसोर्स के माध्यम से रखे जाने पर विचार किया जा रहा है। भर्ती के लिए योग्यता और वेतनमान का निर्धारण भी नई नियमावली में किया जा रहा है। सचिव व लेखाकार की भर्ती के लिए न्यूनतम योग्यता स्नातक तथा न्यूनतम वेतनमान 16000 रुपये प्रतिमाह रखने का विचार है। एम-पैक्स पर सचिव के करीब 5000 पद तथा लेखाकार के लगभग 3000 पद रिक्त हैं। इन पदों पर नियमित भर्तियां होंगी। पैक्स पर नियमित चौकीदार भी रखे जाएंगे। पैक्स पर आउटसोर्स के माध्यम से कंप्यूटर आपरेटर नियुक्त किए जाने हैं। अन्य पदों पर दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी तैनात करने की तैयारी है।

## पूर्व सैनिकों और आश्रितों के लिए सौ फीसदी बढ़ेगी वित्तीय सहायता

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने केंद्रीय सैनिक बोर्ड के माध्यम से पूर्व सैनिक कल्याण विभाग की योजनाओं में पूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों के लिए वित्तीय सहायता में 100 फीसदी वृद्धि को मंजूरी दे दी है।

विवाह अनुदान को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। इसके अलावा गरीबी अनुदान को दोगुना कर दिया गया है। रक्षा मंत्रालय के अनुसार गरीबी अनुदान को दोगुना करके प्रति लाभार्थी 4,000 रुपये से 8,000 रुपये प्रति माह कर दिया गया है। इसलिए अब उन 65 वर्ष से अधिक आयु के गैर-पेंशनभोगी पूर्व-सैनिकों और उनकी विधवाओं को आजीवन निरंतर सहायता मिलेगी, जिनकी कोई नियमित आय नहीं है। इसके अलावा दो आश्रित बच्चों (कक्षा 1 से स्नातक तक) या दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम कर रही विधवाओं के लिए शिक्षा अनुदान 1,000 रुपये से बढ़ाकर 2,000 रुपये प्रति व्यक्ति प्रतिमाह कर दिया गया है। विवाह अनुदान को 50 हजार रुपये से बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति लाभार्थी कर दिया गया है। यह अनुदान पूर्व-सैनिकों की अधिकतम दो पुत्रियों और विधवा पुनर्विवाह के लिए मिलेगा।

### मुर्शिदाबाद के रास्ते अवैध रूप से भारत में घुसे चार बांग्लादेशी गिरफ्तार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिले मुर्शिदाबाद में पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर चार बांग्लादेशी नागरिकों और एक भारतीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। ये सभी लालगोला सीमा से अवैध रूप से भारत में घुसे थे और स्थानीय व्यक्ति के ठिकाने पर छिपे हुए थे। जिला पुलिस की ओर से बुधवार शाम जारी बयान में बताया गया है कि इन लोगों ने सोमवार शाम को घुसपैठ की थी जिसके बाद पुलिस को भनक लगी और मंगलवार रात भर तलाशी अभियान चला कर पकड़ा गया। पुलिस ने छापेमारी कर चारों बांग्लादेशी घुसपैठियों और उन्हें पनाह देने वाले भारतीय व्यक्ति को लालगोला क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

## अमेरिकी असॉल्ट राइफलों के लिए 659 करोड़ रुपए से खरीदे जाएंगे नाइट विजन उपकरण

**▸ अंधेरे में फायरिंग करने के लिए आंखों से लैस न होने के कारण हो रही थीं मुश्किलें**

एजेंसी



**नई दिल्ली।** अमेरिकी कंपनी सिग सॉयर की 7.62 × 51 मिमी. असॉल्ट राइफलों में लगाने के लिए नाइट विजन उपकरण खरीदे जाएंगे।

रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को भारतीय सेना की असॉल्ट राइफलों के लिए 659.47 करोड़ का यह सौदा दो कंपनियों के साथ किया है। नाइट साइट सैनिकों को सिग-716 असॉल्ट राइफल की लंबी प्रभावी रेंज का पूरा लाभ उठाने में सक्षम बनाएगी।

यह नाइट विजन तारों की रोशनी में भी 500 मीटर की प्रभावी रेंज तक के लक्ष्यों को भेदने में सक्षम हैं और मौजूदा पैसिव नाइट साइट की तुलना में महत्वपूर्ण सुधार होगा। रक्षा मंत्रालय ने आज कानपुर की कंपनी एमकेयू लिमिटेड और नोएडा की कंपनी मेडबिट टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ 659.47 करोड़ के अनुबंध पर हस्ताक्षर किए हैं।

यह सौदा भारतीय सेना के लिए 7.62×51 मिमी असॉल्ट राइफल के लिए नाइट साइट (इमेज इंटेंसिफायर) और सहायक उपकरणों की खरीद के लिए किया गया है। 51 फीसदी से अधिक स्वदेशी सामग्री के साथ यह खरीद रक्षा निर्माण में आत्मनिर्भरता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इस पहल से घटकों के निर्माण और कच्चे माल की आपूर्ति में शामिल लघु उद्यमों को भी लाभ होगा।

### महाभारत में कर्ण बनकर मशहूर हुए अभिनेता पंकज धीर का निधन

**नई दिल्ली।** मनोरंजन जगत से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। लोकप्रिय टीवी अभिनेता पंकज धीर, जिन्होंने दूरदर्शन के ऐतिहासिक धारावाहिक महाभारत में कर्ण का यादगार किरदार निभाकर दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी, अब इस दुनिया में नहीं रहे। 68 वर्षीय अभिनेता ने बुधवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर ने पूरे इंडस्ट्री और उनके चाहने वालों को शोक में डाल दिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, पंकज धीर पिछले कुछ समय से गंभीर रूप से बीमार थे। इसी साल मार्च में उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

**उद्घाटन** — रेल मंत्री ने भारत मंडपम में एशिया की सबसे बड़ी रेलवे प्रदर्शनी 'आईआरईई 2025' का किया उद्घाटन

# मानकविहीन पुर्जों की आपूर्ति वाली कंपनियों पर होगी सख्ती

एजेंसी




**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को राजधानी के भारत मंडपम में एशिया की सबसे बड़ी रेलवे और परिवहन प्रदर्शनी- 16वीं अंतरराष्ट्रीय रेलवे उपकरण प्रदर्शनी (आईआरईई 2025) का उद्घाटन किया। यह तीन दिवसीय प्रदर्शनी 17 अक्टूबर तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। आयोजन का मुख्य उद्देश्य रेलवे क्षेत्र में नवाचार, आधुनिकीकरण और आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर सीआईआई (भारतीय उद्योग परिसंघ) और गति शक्ति विश्वविद्यालय के बीच कौशल विकास और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए।

इसके अलावा सीआईआई और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने संयुक्त रूप से ऑन द राइट ट्रैक शीर्षक से एक रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारतीय रेलवे में हो रहे परिवर्तन और विकास की दिशा पर प्रकाश डाला गया है। रेल मंत्री वैष्णव ने प्रदर्शनी के उद्घाटन सत्र में कहा कि आईआरईई, भारतीय रेलवे के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है, जिसमें करीब 15 देशों के उपकरण निर्माता और बड़ी संख्या में एमएसएमई इकाइयां भाग ले रही हैं। यह समय है जब हमें अपने उपकरणों की गुणवत्ता, रेलवे के आधुनिकीकरण और नई तकनीकों के प्रयोग पर गंभीरता से पुनर्विचार करना होगा। उन्होंने बताया कि पिछले 11 वर्षों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रेलवे के क्षेत्र में अभूतपूर्व बदलाव हुए हैं।

अब तक 35,000 किलोमीटर नई पटरियां बिछाई गई हैं। देश में 156 वंदे भारत एक्सप्रेस, 30 अमृत भारत और 4 नमो भारत ट्रेनें चल रही हैं, जो यात्रियों के बीच अत्यधिक लोकप्रिय हैं। वर्तमान में भारतीय रेलवे प्रतिवर्ष लगभग 7,000 कोच तैयार कर रहा है। रेल मंत्री ने रेलवे की लंबी दूरी की ट्रेनों के लिए पुश-पुल तकनीक अपनाने की दिशा में भी जोर दिया। उन्होंने बताया कि भारत में लगभग 2,500 से 3,000 किलोमीटर लंबी यात्राओं के लिए यह तकनीक अत्यंत उपयोगी होगी। आने वाले वर्षों में सभी लंबी दूरी की ट्रेनों में इस तकनीक को शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि भारतीय रेलवे अब नई पीढ़ी के अमृत भारत 4.2 ट्रेनसेट और नई जनरेशन पैसेंजर लोकोमोटिव के विकास पर कार्य कर रहा है, जिसका लक्ष्य अगले 36 महीनों में इसे पटरी पर उतारने का है। गुणवत्ता नियंत्रण पर कड़ा संदेश देते हुए वैष्णव ने सभी उपकरण निर्माताओं को चेतावनी दी कि कम गुणवत्ता वाले उपकरणों और पुर्जों की आपूर्ति करने वाली कंपनियों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी।

### पत्रकारों के लिए बने वेलफेयर फंड : डॉ. राजेश्वर सिंह



**लखनऊ।** सरोजनीनगर विधायक डॉ.राजेश्वर सिंह बुधवार को केडी सिंह बाबू स्टेडियम में आयोजित 'एकाना मीडिया टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट' के फाइनल मुकाबले में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस दौरान उन्होंने विजेता टाइम्स ऑफ इंडिया टीम तथा उपविजेता दूरदर्शन-एआईआर टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया। डॉ. राजेश्वर सिंह ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र के सच्चे संरक्षक हैं। उन्होंने खिलाड़ियों के समर्पण, निष्ठा और निर्णय क्षमता की सराहना करते हुए कहा कि खिलाड़ी केवल खेल के नायक नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के श्रेष्ठ नागरिक होते हैं।

## सफेद टेबल पर बैठकर भाजपा बोलती है काला झूठ : अखिलेश

समृद्धि न्यूज



**लखनऊ।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार सफेद टेबल पर बैठकर काला झूठ बोलती है। यह सरकार नदियां नहीं साफ कर रही, बजट साफ कर रही है। सरकार की नीयत नेक नहीं है। यह बातें समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कही।

अखिलेश यादव बुधवार को पार्टी मुख्यालय में पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आज हमने संकल्प लिया है कि उत्तर प्रदेश को खुशहाली के रास्ते पर लाने के लिए लगातार संघर्ष करेंगे। भाजपा पर तंज कसते हुए अखिलेश ने कहा कि ये लोग बातें अच्छी करते हैं, लेकिन काम अच्छा नहीं करते हैं। जब सरकार के जाने का वक्त नजदीक आया, तब इन्हें गोमती की सफाई याद आई है। ये सरकार नदी नहीं साफ कर रही है, बल्कि बजट साफ कर रही है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि सरकार में आने पर हम गोरखपुर के साथ-साथ लखनऊ में गोमती रिवरफ्रंट पर स्वर्गीय केदनारनाथ सिंह सैंथवार जी की प्रतिमा लगाकर उनको सम्मान दिलाने का काम करेंगे।

## खबरें एक नजर में

### सीओ ने मिशन शक्ति अभियान के तहत महिला सुरक्षा के प्रति किया जागरूक



**हैदरगढ़, बाराबंकी।** क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ द्वारा मिशन शक्ति फेज-5 के तहत थाना लोनीकटरा के ग्राम इलियासपुर में आमजन मानस को महिला सुरक्षा के प्रति जागरुक किया गया। एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान, स्वावलम्बन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति फेज-5 के तहत क्षेत्राधिकारी हैदरगढ़ समीर कुमार सिंह व थानाध्यक्ष लोनीकटरा अभय कुमार द्वारा थाना लोनीकटरा के ग्राम इलियासपुर में आमजन मानस को महिला सुरक्षा के प्रति जागरूक कर उप्र शासन व उप्र पुलिस के स्तर से संचालित समस्त योजनाओं एवं प्रबन्धों की जानकारी दी गई।

### धन निकासी की उम्र का कोई मापदंड नही होताः प्रणव पूरी



**हैदरगढ़ बाराबंकी।** उम्र अथवा धनकिसी के बड़े होने का मापदंड नहीं होता है। मनुष्य अपने विचारों से बड़ा होता है। उक्त उद्गार उज्जैन महाकाल लोक के पीठाधीश्वर प्रणव पुरी महराज ने चौबीसी गांव में प्रधान गौरव सिंह के यहां आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में मंगलवार की रात व्यक्त किये। हिरण्यकश्यप व भक्त प्रह्लाद की कथा बड़े ही मोहक ढंग से सुनाकर सभी श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।बताया कि प्रहलाद तो माता के गर्भ में ही नारद जी से प्रभू भक्ति की कथा विस्तार से सुन चुके थे। इसीलिए बालपन से ही भगवान विष्णु की भक्ति के अलावा उन्हें संसार की कोई चीज अच्छी नहीं लगती थी।कथा व्यास ने बताया कि मनुष्य तो इस माया रुपी संसार में आकर मैं और मेरा में ही फंसकर रह गया है।कथा व्यास ने विधायक दिनेश रावत, पूर्व ब्लाक प्रमुख सुनील सिंह, कुँवर रामानन्द सिंह व आदि को भगवान विष्णु का चित्र देकर आशीर्वाद प्रदान किया।कथा के जजमान जगत सिंह व उनकी पत्नी श्रीमती सरोज सिंह ने सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया।

### सर्प दंश का शिकार हुई महिला की मौत

**हैदरगढ़ बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के मोती का पुरवा गांव में खेत देखने गई एक वृद्ध महिला सर्पदंश की शिकार हो गई। परिजनों द्वारा आनन फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लायी गयी महिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार गांव निवासी शिवराम की पत्नी शिवनाथ 60 वर्ष बुधवार की शाम घर के बाहर स्थित खेत देखने गई हुई थी। परिजनो ने बताया कि खेत में बैठे किसी जहरीले सर्प ने महिला के पैरो में काट लिया। महिला द्वारा जानकारी देने के बाद परिवार के सदस्य उसे सीएचसी लाये, जहां महिला को मृत घोषित कर दिया गया। डा॰ विश्वनाथ मधेशिया ने बताया कि अस्पताल लाने में देरी के कारण महिला की मौत हो गई। यदि समय से लाया जाता तो शायद जान बच सकती थी।

### बीडीओ ने गौशाला का किया निरीक्षण

**सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी।** खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बुधवार को हजरतपुर गौशाला का औचक निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने गौशाला में गौवंशो की गणना कराई और उनकी देखरेख व व्यवस्थाओं को लेकर आवश्यक निर्देश दिए।निरीक्षण के समय बीडीओ ने भूसा भंडारण का जायजा लिया, जहां भूसा,हरा चारा और पशु आहार उपलब्ध पाया गया। उन्होंने गौशाला के रजिस्टर का भी अवलोकन किया और पशुओ की संख्या का मिलान किया। संजीव कुमार गुप्ता ने गौशाला की साफ-सफाई बनाए रखने, पशुओं को नियमित रूप से हरा चारा और पशु आहार उपलब्ध कराने पर जोर दिया। उन्होने मौके पर मौजूद पैरावेट को पशुओ की टैगिंग सुनिश्चित करने के भी आदेश दिए। इसके बाद बीडीओ ने हजरतपुर के लेखपाल के साथ मिलकर गांव में गौचरी के लिए आरक्षित लगभग 3 बीघा भूमि का सीमांकन कराया। यह भूमि गौशाला संचालक और ग्राम सचिव सुरेश चंद्र यादव को सौंपते हुए, उस पर हरा चारा और नेपियर घास बोने के निर्देश दिए गए। इस निरीक्षण के दौरान उपमुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ गया प्रसाद, सहायक विकास अधिकारी कोआपरेटिव आशीष वर्मा,सहायक विकास अधिकारी पंचायत मनोज मिश्रा,राजेश कुमार सहित कई अन्य अधिकारी और प्रधान प्रतिनिधि औन मिंया मौजूद रहे। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी संजीव कुमार गुप्ता ने बताया कि गौवंशों की गिनती कराई गई जो रजिस्टर के अनुसार बराबर पाई गई। गौशाला मे साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए थे।

### ड्रोन से पुलिस कर रही देवा मेला की सुरक्षा व निगरानी

**बाराबंकी।** मिशन शक्ति के तहत देवा मेला में महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ड्रोन से सतर्क निगरानी कर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ की जा रही है। एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में थाना देवा क्षेत्रान्तर्गत आयोजित देवा मेला में सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था की दृष्टिगत पुलिस द्वारा सतर्क दृष्टि रखी जा रही है। नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा ड्रोन कैमरों के माध्यम से भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों की निगरानी की जा रही है। ड्रोन से हो रही यह रीयल टाइम मॉनिटरिंग सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बना रही है तथा किसी भी आपात स्थिति में त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित कर रही है। महिला पुलिस कर्मियों की यह सक्रिय भूमिका नारी सशक्तिकरण एवं मिशन शक्ति-5.0 के उद्देश्यों- सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन को मूर्त रूप प्रदान कर रही है। देवा मेला में आने वाले श्रद्धालुओं से अपील है कि वे पुलिस प्रशासन के सहयोगी बनें तथा किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तत्काल निकटवर्ती पुलिस कर्मियों या डायल 112 पर दें।

### स्नातक की मिड टर्म परीक्षा शुरू, नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में यह परीक्षा उत्तीर्ण करना जरूरी



**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** सीतादेवी महाविद्यालय में स्नातक की मिड टर्म परीक्षा बुधवार से प्रारंभ हो गई है।यह परीक्षा मुख्य विषय के साथ-साथ माइनर विषय की भी होगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. करुणेश तिवारी ने बताया कि नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सभी छात्रों को मिड टर्म परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है। इसमें सभी छात्रों का सतत आंतरिक मूल्यांकन किया जाता है। बीएससी प्रथम सेमेस्टर में मनीष यादव ने रसायन विज्ञान और माइनर हिंदी की परीक्षा कराई। महाविद्यालय के निर्देशक अभिषेक शुक्ला ने परीक्षार्थियों की उपस्थिति की अनिवार्यता पर प्रकाश डाला। पंकज शुक्ला के निर्देशन में यह परीक्षा संपन्न हुई। मिड टर्म परीक्षा छात्रों के लिए बेहद महत्वपूर्ण होती है, क्योंकि यह उनके पहले छमाही में शामिल विषयों पर उनकी पकड़ का आकलन करने में मदद करती है। यह परीक्षा छात्रों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए बेहतर तरीके से तैयार करने में भी मदद करती है।

### मारपीट का मुकदमा दर्ज, चचेरे भाई को बचाने में बढ़ी घटना

**जैदपुर-बाराबंकी।** मारपीट व शोर सुनकर चेचेरे भाई को बचाने गये पीड़ित व उसके पिता को गांव के लोगों ने एक राय होकर रात में मारा पीटा, जिसकी शिकायत जैदपुर थाने में करने पर पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी गयी है, सुनील कुमार पुत्र भवानीदीन जियंनपुर मजरे कोला थाना जैदपुर ने जैदपुर पुलिस को शिकायती पत्र देते हुये बताया कि दिनॉक 13-10-25 को लगभग 9.30 बजे रात्रि में बजरंग व रामसिंह, अर्जुन, प्रदीप, संदीप पुत्र जगदीश के पुत्र जेनपुर मजरे कोला थाना जैदपुर ने एक राय होकर के मेरे चचेरे भाई अनिल पुत्र अशोक कुमार को लाठी एवं लोहे राड से मारने पीटने लगे। किसी तरह वो जान बचाकर भागा, चिल्लाने पर मैं सुनील कुमार एवं मेरे पापा भवानीदीन तथा अन्य गाँव वाले बचाने दौडे तब मुझे एवं मेरे पापा को भी मारा पौटा लेकिन गाँव वाले के डर से गाली गलौज एवं जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गये।

### मिशन शक्तिः छात्राओं को किया गया जागरूक, एंटी रोमियो टीम ने दी नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन की जानकारी



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक विकास कुमार के निर्देशन में मिशन शक्ति फेज 5.0 के अंतर्गत महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत एंटी रोमियो टीम व मिशन शक्ति टीम उपनिरीक्षक शैलेंद्र कुमार यादव,कांस्टेबल उमेश पासवान ,कांस्टेबल अनिल नायक, महिला आरक्षी पूजा चौधरी, महिला आरक्षी शिवांगी भार्गव, महिला आरक्षी सीता गुप्ता द्वारा प्राथमिक विद्यालय भेलया मदनपुर में छात्राओं को नारी सुरक्षा, सम्मान व स्वालंबन के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को बाल विवाह, पॉक्सो एक्ट, साइबर क्राइम तथा यातायात नियमों से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में वे तत्काल सरकारी हेल्पलाइन नंबरों का उपयोग कर सकती हैं-1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 1090 वूमेन पावर लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन, 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा तथा 102 स्वास्थ्य सेवा। टीम द्वारा छात्राओं को सामूहिक विवाह योजना, कन्या सुमंगला योजना, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन जैसी शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी भी दी गई और पंपलेट वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान टीम ने छात्राओं से उनकी समस्याएं भी पूछीं, किंतु किसी ने कोई समस्या नहीं बताई। अंत में छात्राओं को कानून का पालन करने तथा दूसरों को भी जागरूक करने का संदेश दिया गया।

# डीसीएम की टक्कर से ट्रैक्टर-ट्रॉली पलटी, दो की मौत

- हादसे में दो लोग गंभीर रूप से हुए घायल

**फतेहपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



फतेहपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत रामनगर रोड पर स्थित इब्राहिमपुर गांव के पास मंगलवार की देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गये। बताया जा रहा है कि एक तेज रफ्तार डीसीएम ने धान लदी ट्रैक्टर ट्राली को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि ट्रैक्टर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया और उस पर सवार लोग नीचे दब गए। डीसीएम ट्रैक्टर ट्राली से हुई दुर्घटना में देशराज यादव पुत्र गुरु प्रसाद निवासी भवानी गंज टिकैतनगर व कल्लू रावत पुत्र राम लखन निवासी सेवढ़ा का पुरवा थाना टिकैतनगर की मौत हो गयी। वहीं जैसू लोधी पुत्र रामफेर निवासी लखपुरवा, कमलेश यादव पुत्र रामलखन यादव निवासी दलसराय, अश्वनी लोधी पुत्र जगरूप निवासी थाना टिकैतनगर को गंभीर छोटे होने के चलते डॉक्टर ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं सूरज यादव पुत्र लक्षण यादव निवासी रायपुर का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में उपचार किया जा रहा है।

फतेहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टरों ने देशराज यादव और कल्लू को मृत घोषित कर दिया, जबकि गंभीर रूप से घायल जैसू व कमलेश की हालत चिंताजनक होने के कारण उन्हें जिला अस्पताल बाराबंकी रेफर कर दिया गया। अन्य सवारों को प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। डीसीएम चालक फरार सूचना मिलते ही फतेहपुर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त डीसीएम और ट्रैक्टर को सड़क किनारे से हटवाया, जिससे यातायात बहाल हो सका। हादसे के बाद डीसीएम चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस टीम जुटी हुई है। अधिकारियों ने किया निरीक्षण दुर्घटना की सूचना पर एसडीएम कार्तिकेय सिंह और सीओ जगतराम कनौजिया ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।इस दर्दनाक हादसे से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृतकों के परिवार को आर्थिक सहायता देने और दोषी चालक के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। सीओ जगतराम कनौजिया ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया है और मृतको के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजने के साथ आगे कि कार्रवाई की जा रही है।

### डायल 112 की स्कार्पियो पलटी, बाल-बाल बचे पुलिसकर्मी



**सिद्धौर बाराबंकी।** असंद्रा थाना क्षेत्र में बीती रात जरौली गांव स्थित हनुमान मंदिर के निकट डायल 112 की स्कॉर्पियो अनियंत्रित होकर पलट गई। संयोग से हादसे में किसी को गंभीर चोट नहीं आई। वाहन में एक उपनिरीक्षक समेत कुल तीन पुलिसकर्मी सवार थे। डायल 112 का वाहन संख्या यूपी 32डीजी5498 बीती रात धनौली गांव की ओर से असंद्रा बाजार की ओर जा रहा था। वाहन आरक्षी संजय चला रहे थे और उपनिरीक्षक शिवपूजन समेत दो पुलिसकर्मी बैठे थे। रास्ते में जरौली गांव स्थित हनुमान मंदिर के निकट सामने सड़क पर अचानक एक वनरोज आ गया जिसको बचाने के चक्कर में चालक ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया और गाड़ी सड़क से उतरकर खाई में जाकर पलट गई। हादसे के बाद वाहन पर सवार पुलिसकर्मी शीशा तोड़कर किसी तरह से बाहर निकले।हादसे में सभी को मामूली चोट आई है। बुधवार सुबह क्रेन की सहायता से दुर्घटनाग्रस्त वाहन को बाहर निकाला गया।

## हनुमंतलाल हत्याकांड का 24 घण्टे में खुलासा, कातिल बीबी सहित दो गिरफ्तार

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



स्वाट, सर्विलांस व थाना घुंघटेर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा हनुमंतलाल उर्फ हनोमान हत्याकाण्ड का सफल अनावरण कर हत्याभियुक्ता पत्नी सहित 2 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार, कब्जे/निशांदेही से आलाकत्ल 1 अदद सरिया, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त 1 अदद ई-रिक्शा बरामद हुआ। बीते 14 अक्टूबर को वादी रामशंकर पुत्र चोखेलाल गौतम निवासी ग्राम मंगलपुरवा ददेरा थाना घुंघटेर जनपद बाराबंकी ने थाना घुंघटेर पर अपने भाई हनुमंतलाल उर्फ हनोमान उम्र-35 वर्ष की हत्या के सम्बन्ध में दी गई तहरीर के आधार पर मुअसं- 318/2025 धारा 103(1) बीएनएस पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय द्वारा घटना का अनावरण एवं संलिप्त अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसी क्रम में स्वाट/सर्विलांस व थाना घुंघटेर की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा मैनुअल इंटेलीजेन्स व डिजिटल डेटा की मदद से घटना का सफल अनावरण करते हुए 15 अक्टूबर को अभियुक्त पूजा (मृतक की पत्नी) पत्नी स्व हनुमंत उर्फ हनोमान निवासिनी ग्राम मंगलपुरवा ददेरा थाना घुंघटेर व कमलेश पुत्र मूलचन्द्र निवासी ग्राम गठुवन पुरवा थाना फतेहपुर हाल पता गोइला निकट अपट्रान चौकी थाना चिनहट जनपद लखनऊ को ददेरा ताहीरपुर मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण के कब्जे/निशांदेही से आलाकत्ल 1 अदद सरिया, मोबाइल व घटना में प्रयुक्त 1 अदद ई-रिक्शा UP32UN5380 बरामद किया गया। पूछताछ एवं जांच से प्रकाश में आया कि मृतक की पत्नी पूजा गौतम का कोई भाई नहीं है, जिससे उसके परिजनों द्वारा एक घर जनपद लखनऊ स्थित डालीगंज में दे दिया गया। मृतक की पत्नी पूजा गौतम अक्सर अपने पैतृक घर जनपद लखनऊ आया-जाया करती थी। मृतक का अपनी पत्नी से घरेलू विवाद के कारण अक्सर लड़ाई- झगड़ा होता रहता था। इस कारण अभियुक्ता का संबंध अपने ही परिवार के ही भतीजे से हो गया। उक्त संबंध की जानकारी मृतक को हो गई, जिससे दोनों के मध्य और भी लड़ाई-झगड़ा होने लगा। इसी बात को लेकर अभियुक्ता द्वारा अपने पति से पीछा छुड़ाने के लिए योजना बनाई गयी। अभियुक्ता, जनपद लखनऊ में ई-रिक्शा चालक कमलेश पुत्र मूलचन्द्र निवासी ग्राम गठुवन पुरवा थाना फतेहपुर जनपद बाराबंकी, हाल पता गोइला निकट अपट्रान चौकी थाना चिनहट लखनऊ से मिली, जिससे अपने पति को जान से मारने की बात बताई और उसके बदले में एक लाख रूपये देने की बात की। पैसे के लालच में आकर अभियुक्त कमलेश उसकी योजना में शामिल हो गया। योजनानुसार दिनांक 13.10.2025 को पूजा अपने पति व बच्चों सहित जनपद लखनऊ स्थित घर की साफ-सफाई करने के बाद वापस बाराबंकी आकर देवा शरीफ मेला घूमने के बाद अभियुक्त कमलेश का ई-रिक्शा बुक कर घुंघटेर स्थित घर जाते समय रास्ते में ताहीरपुर मोड़ के पास ई-रिक्शा चालक के साथ मिलकर हनुमंतलाल के सिर पर सरिया मार कर उसकी हत्या कर दी। हत्या करने के बाद पुलिस व परिजनों को सड़क दुर्घटना में अपने पति की मृत्यु हो जाने की सूचना दी।

### मादक पदार्थ तस्कर एक वर्ष के लिए निरुद्ध

**जैदपुर बाराबंकी।** थाना क्षेत्र के मादक पदार्थ तस्कर मोहम्मद शारिफ उर्फ सारिक को राज्य सरकार द्वारा एक वर्ष के लिए निरुद्ध करने का आदेश जारी किया गया है। यह आदेश उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा द प्रिवेंशन ऑफ इलिसिट ट्रैफिक इन नारकोटिक्स ड्रग्स एंड साइकोट्रॉपिक सब्सटेंस एक्ट-1988 ( पीआईटी एनडीपीएस एक्ट) की धारा 3(1) के तहत 14 अक्टूबर 2025 को जारी किया गया। शारिफ उर्फ सारिक, जो जैदपुर थाना क्षेत्र के टिकरा उस्मा गांव का निवासी है, वर्तमान में जिला कारागार बाराबंकी में निरुद्ध है और उसे यह आदेश तामील करा दिया गया है।यह कार्रवाई पीआईटी एनडीपीएस एक्ट-1988 के लागू होने के बाद से जनपद बाराबंकी पुलिस द्वारा की गई पहली ऐसी कार्रवाई है।इससे पहले, प्रशासन और पुलिस ने शारिफ उर्फ सारिक और उसके परिजनों के नाम अपराध से अर्जित लगभग 5 करोड़ 20 लाख रुपये की चल-अचल संपत्ति को गैंगस्टर एक्ट की धारा 14(1) के तहत कुर्क किया था। अभियुक्त के खिलाफ तीन बार गैंगस्टर एक्ट के तहत भी मामले दर्ज कर कार्रवाई की जा चुकी है। शारिफ उर्फ सारिक की आपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण और निगरानी रखने के लिए जैदपुर थाने में उसकी हिस्ट्रीशीट (नंबर 79बी) खोली गई है। इसके अलावा, उसके गिरोह के सदस्यों का जनपद स्तर पर गैंग पंजीकरण संख्या डी-184 के तहत सूचीबद्ध किया गया है। विभिन्न मामलों में अभियुक्त शारिफ उर्फ सारिक और उसके गिरोह के सक्रिय सदस्यों के पास से कुल 8.010 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ बरामद किया गया था। इसमें 1.380 किलोग्राम मॉर्फिन और 5.630 किलोग्राम स्मैक, हेरोइन शामिल थी। बरामद मादक पदार्थ की अंतर्राष्ट्रीय बाजार में अनुमानित कीमत 28 करोड़ 84 लाख रुपये है।

## साहित्यकार प्रदीप सारंग व डॉ. सत्या सिंह का एयरपोर्ट पर स्वागत



**बाराबंकी।** अहमदाबाद इंटर नेशनल फेस्टिवल एआईएलएफ अहमदाबाद में सहभागिता कर वापस लौटे प्रसिद्ध कवि व साहित्यकार प्रदीप सारंग व पूर्व पुलिस अधिकारी डॉ. सत्या सिंह का लखनऊ के अमौसी एयर पोर्ट पर स्वागत अभिनन्दन किया गया। बीते मंगलवार को ग्रीन गैंग राज्य प्रभारी व पत्रकार सूरज सिंह गौर के नेतृत्व में लगभग तीन दर्जन संभ्रांत लोगों ने चौधरी चरण सिंह इंटरनेशनल हवाई अड्डा अमौसी लखनऊ पहुंचकर कवि, साहित्यकार, पत्रकार व पूर्व पुलिस अधिकारी डाक्टर सत्या सिंह का फूल माला पहनाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर अवध भारती संस्थान के अध्यक्ष राम बहादुर मिश्र ने स्वागत समारोह की अध्यक्षता करते हुए कहा कि- बाराबंकी जनपद व पूरे प्रदेश के लिए यह गौरव शाली व हर्षोल्लास का पल हैं। स्वागत मंडली का नेतृत्व कर रहे सूरज सिंह पत्रकार ने कहा- यह पल सिर्फ वापस लौटे अतिथियों के लिए सिर्फ स्वागत का नहीं था यह पल हम सबके लिए इतिहासिक था। इस अवसर पर आँखें फाउंडेशन अध्यक्ष सदानंद वर्मा, गुलजार फाउंडेशन सचिव गुलजार बानो, कवि प्रदीप महाजन, सुनील सहारा, पूर्व अध्यक्ष छात्र सभा अनिल यादव, रमेश रावत, ग्रीन गैंग अध्यक्ष रजत बहादुर वर्मा सौम्या वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## ई-रिक्शा चालक की संदिग्ध हालात में मौत, रिक्शा गायब, जांच में जुटी पुलिस

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज़।**



तीन दिन पूर्व घर से ई-रिक्शा चलाने निकले एक व्यक्ति की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई, जबकि उसका रिक्शा अब तक लापता है। मृतक की पहचान चंदौली गांव निवासी 38 वर्षीय जगदीश पुत्र मंगल के रूप में हुई है, जो ई-रिक्शा चलाकर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जानकारी के अनुसार सोमवार की सुबह जगदीश रोज की तरह भिटरिया बाजार की ओर ई-रिक्शा लेकर गया था, लेकिन शाम तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने उसकी खोजबीन शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार को भिटरिया से करीब चार किलोमीटर दूर इब्राहिमाबाद के पास जंगल में जगदीश को ग्रामीणों ने अर्धमूर्छित अवस्था में देखा। बताया जाता है कि वह राहगीरों से पानी मांग रहा था। स्थानीय लोगों ने उसे पानी पिलाया और उसके कहने पर भाई को सूचना दी। परिजन मौके पर पहुंचे तो वह बेहोश पड़ा मिला। उसे इलाज के लिए सीएचसी ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। घटना स्थल पर शराब की बोतलें, प्लास्टिक के गिलास और एक अंगोछा मिलने से मामले में रहस्य गहराता जा रहा है। हालांकि, जगदीश के शरीर पर चोट के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले हैं। ग्रामीणों का कहना है कि प्रश्न यह उठता है कि जगदीश तीन दिनों तक कहां रहा और उसका नया ई-रिक्शा कहां गायब हो गया।मृतक के पीछे उसकी पत्नी, तीन बेटियां और दो बेटे हैं, जिनका रो-रोकर बुरा हाल है। इस संबंध में कोतवाली प्रभारी अंकित त्रिपाठी ने बताया कि जंगल में पहले से शराब की शीशियां पड़ी हो सकती हैं। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि जगदीश ने कई लोगों से कर्ज लिया था और उसका रिक्शा भी नहीं मिला है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के कारणों का खुलासा हो सकेगा।

## किसान यूनियन (भानु) ने डीएम को सौंपा ज्ञापन, किसानों की समस्याओं के समाधान की मांग

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**



भारतीय किसान यूनियन (भानु) के जिलाध्यक्ष बृजेश विश्वकर्मा के नेतृत्व में बुधवार को किसानों के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी बलरामपुर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों ने क्षेत्र की गंभीर जनसमस्याओं एवं कृषि से जुड़ी परेशानियों के शीघ्र समाधान की मांग की। संगठन ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि 10 अक्टूबर 2025 को किसान दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय स्थित तहसील परिसर में किसानों ने अपनी समस्याओं को लेकर प्रदर्शन किया था। किसानों का कहना है कि संगठित तरीके से कृषि कार्य करने वाले किसानों को ऋण सुविधा, सिंचाई व्यवस्था तथा खाद बीज वितरण में भारी लापरवाही की जा रही है। ज्ञापन में कहा गया कि शासन द्वारा चलाई जा रही किसान कल्याण योजनाओं का लाभ सही पात्र किसानों तक नहीं पहुंच पा रहा है। क्षेत्र में धान क्रय केंद्रों की मनमानी और लापरवाही से किसान परेशान हैं। कई बार धान क्रय केंद्रों पर किसानों को घंटे घंटे लाइन में खड़ा रहना पड़ता है, फिर भी उनकी उपज नहीं खरीदी जाती। कृषि विभाग के अधिकारियों की अनियमितता के चलते किसानों को समय पर खाद और बीज नहीं मिल पा रहे हैं। क्षेत्र में बिजली की समस्या भी गंभीर बनी हुई है, जिससे सिंचाई कार्य प्रभावित हो रहा है। संगठन ने चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो किसान यूनियन आंदोलन करने को बाध्य होगी। इस अवसर पर राजकुमार, रामकुमार विश्वकर्मा, अजय विश्वकर्मा, मनोज विश्वकर्मा, सुरेश विश्वकर्मा, उमाशंकर निषाद, सहित कई किसान मौजूद रहे। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि प्रशासन को किसानों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए स्थायी समाधान सुनिश्चित करना चाहिए। ज्ञापन जिलाधिकारी बलरामपुर के माध्यम से प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को संबोधित किया गया है, जिसमें किसानों के लिए उचित मुआवजा, बिजली आपूर्ति में सुधार, तथा कृषि विभाग में पारदर्शिता लाने की मांग की गई है।

### सांसद खेल स्पर्धा को लेकर बैठक संपन्न



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** आगामी सांसद खेल स्पर्धा 2025-26 के सफल आयोजन की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को प्रातः 11 बजे ग्राम पंचायत भवन गूमा फातिमाजोत में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता रमेश गुप्ता ग्राम प्रधान ने की। इस अवसर पर रेहरा ब्लॉक संयोजक संतोष सिंह पिंकू भैया विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि उप संयोजक राजकुमार गुप्ता ने भी सहभागिता की। बैठक में सादुल्लानगर मंडल के सभी सम्मानित ग्राम प्रधानों ने भाग लिया। चर्चा के दौरान सांसद खेल स्पर्धा के आयोजन से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें प्रतियोगिताओं की रूपरेखा, प्रतिभागियों का चयन, खेल मैदानों की तैयारी, संसाधनों की उपलब्धता और अन्य व्यवस्थाओं को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। संतोष कुमार सिंह (पिंकू सिंह) ने कहा कि सांसद खेल स्पर्धा ग्रामीण प्रतिभाओं को मंच प्रदान करने का एक उत्कृष्ट अवसर है, जिसे सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है।इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष बिष्णु प्रताप गुप्ता,मंडल अध्यक्ष जिलेदार पाण्डेय, प्रधान शब्बू रजा, अवधेश उपाध्याय, राधेश्याम गुप्ता, कपूर चंद कश्यप, आमिर हसन, प्रदीप, रव्वाब अली, अजय श्रीवास्तव, मो अहमद, सुरेश, काशिफ, प्रभाकर सिंह, महमूद आलम, मो रफीक, मो नईम आदि उपस्थित रहें।

## सादुल्लानगर पुलिस का विशेष अभियान, उतरावाई गयी काली फिल्म

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** महिलाओं की सुरक्षा एवं मिशन शक्ति अभियान के तहत थाना सादुल्लनगर पुलिस ने व्यापक चेकिंग अभियान चलाया। थाना प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में यह अभियान सादुल्लनगर-मुबारक मोड़ चौराहे पर संचालित किया गया। अभियान के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं व बालिकाओं से संवाद कर उन्हें सुरक्षा का अहसास दिलाया और जागरूकता संदेश दिए। इस दौरान विद्यालयों एवं कॉलेजों के बाहर अनावश्यक रूप से घूमने वाले शोहदों पर कार्रवाई की गई। पुलिस ने लगभग एक दर्जन बाइकों का चालान किया, साथ ही एक वाहन से काली फिल्म हटवाई। चेकिंग टीम में मिशन शक्ति प्रभारी उपनिरीक्षक शैलेन्द्र यादव, कांस्टेबल उमेश पासवान, कांस्टेबल अनिल नायक, महिला कांस्टेबल पूजा चौधरी एवं महिला कांस्टेबल शिवांगी भार्गव,महिला आरक्षी सीता गुप्ता शामिल रहीं। थाना प्रभारी ने बताया कि वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशानुसार, भीड़-भाड़ वाले सार्वजनिक स्थलों, स्कूलों, कॉलेजों, बैंकों व प्रमुख चौराहों पर प्रतिदिन विशेष अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा को लेकर पूरी तरह संवेदनशील है और मिशन शक्ति अभियान के तहत उन्हें आत्मनिर्भर, सजग एवं निडर रहने का संदेश दिया जा रहा है।

## अधिवक्ताओं की मांग पर मुकदमा पंजीकृत, आंदोलन समाप्त, शुक्रवार से न्यायिक कार्य शुरू

**बलरामपुर, समृद्धि न्यूज़।**

- मुकदमा दर्ज न होने से नाराज़ अधिवक्ताओं ने बुधवार से क्रमिक अनशन शुरू करने का लिया था निर्णय

उतरौला बार एसोसिएशन के आंदोलन को तब विराम मिला जब प्रशासन और पुलिस ने अधिवक्ताओं की मुख्य मांग को स्वीकार करते हुए मुकदमा दर्ज कर लिया। अधिवक्ताओं ने अपनी मांग पूरी होने के बाद एक बैठक कर आंदोलन समाप्त करने और शुक्रवार से न्यायिक कार्य में पुनः सहयोग करने का निर्णय लिया। जानकारी के अनुसार, साथी अधिवक्ता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज न होने से नाराज़ अधिवक्ताओं ने बुधवार से क्रमिक अनशन शुरू करने का निर्णय लिया था। इससे पहले मंगलवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया और मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन भी सौंपा था, जिसमें मुकदमा पंजीकरण की मांग प्रमुख थी। अधिवक्ताओं के लगातार विरोध और प्रशासनिक वार्ता के बाद उतरौला पुलिस ने सरवन व राम प्रताप वर्मा सहित अन्य पुरुषों और महिलाओं के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर लिया। मुकदमा दर्ज होने के बाद बार एसोसिएशन में संतोष का माहौल देखने को मिला। मुकदमा दर्ज होने के पश्चात अधिवक्ता संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष अखिलेश सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सर्वसम्मति से यह निर्णय लिया गया कि अब जब अधिवक्ताओं की मांग पूरी हो चुकी है, तो शुक्रवार से सभी अधिवक्ता न्यायिक कार्य में सहयोग करेंगे। अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने कहा कि यह आंदोलन अधिवक्ताओं की एकजुटता का प्रतीक था। उन्होंने प्रशासन और पुलिस से अपेक्षा जताई कि भविष्य में इस प्रकार की स्थितियाँ उत्पन्न न हों, ताकि न्यायिक कार्य बाधित न हो। इस अवसर पर मार्कण्डेय मिश्र, प्रह्लाद यादव, मुस्तफा हुसैन, रवि गुप्ता, आशीष कसौधन, मनोज शर्मा सहित अनेक अधिवक्ता मौजूद रहे। मालूम हो कि अधिवक्ता संघ ने साथी अधिवक्ता के प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज न होने को लेकर बुधवार से क्रमिक अनशन शुरू करने का ऐलान किया था। मंगलवार को तहसील में हुए प्रदर्शन के दौरान अधिवक्ताओं ने नारेबाजी करते हुए कहा था कि जब तक प्रशासन मुकदमा दर्ज नहीं करता, तब तक उनका आंदोलन जारी रहेगा। आखिरकार, पुलिस द्वारा मुकदमा दर्ज किए जाने के बाद अधिवक्ताओं ने राहत की सांस ली और अपने आंदोलन को समाप्त करने का औपचारिक निर्णय लिया।

# खाद्य विभाग ने अब तक 2993 क्विंटल मिलावटी खाद्य सामग्री की जब्त

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** दीपावली पर्व को ध्यान में रखते हुए प्रदेश सरकार के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 08 अक्टूबर से 17 अक्टूबर तक दीपावली विशेष अभियान शुरू किया है। इसके तहत अब तक प्रदेश भर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की टीमों ने 4621 निरीक्षण, 2085 छापे और 2853 नमूनों की जांच की।

अब तक कुल 2993 क्विंटल मिलावटी और अस्वास्थ्यकर खाद्य सामग्री जब्त की गई, जिसका अनुमानित मूल्य 3.88 करोड़ रुपये है। मानव उपभोग के योग्य नहीं होने पर 1155 क्विंटल सामग्री नष्ट की गई,




जिसकी अनुमानित कीमत 1.75 करोड़ रुपये है। उन्नाव, मथुरा और लखनऊ में भारतीय न्याय संहिता 2023 के अंतर्गत तीन प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

सचिव खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को बताया कि त्योहारों को सुरक्षित, स्वच्छ और आनंददायक बनाने के लिए प्रदेश सरकार संकल्पित है। मिलावटखोरी और स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह खाद्य सामग्री के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। त्योहारों के अवसर पर आम नागरिकों के स्वास्थ्य से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शीघ्र नष्ट होने वाली सामग्री मौके पर ही जब्त और विनष्ट की जाती है, जिससे उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने बताया कि अभियान में प्रमुख कार्यवाहियों में उन्नाव में 215 किलो खोया जब्त कर नष्ट किया गया और नमूने संग्रहीत कर एक एफआईआर दर्ज की गई। मथुरा में 400 किलो मिलावटी पनीर नष्ट किया गया। लखनऊ में 802 किलो खोया नष्ट किया गया। झांसी में 1200 किलो खोया, हाथरस में 790 किलो मिलावटी आचार जब्त कर 3000 किलो खराब आचार नष्ट किया गया।

बुलंदशहर में 3000 किलो मिलावटी रसगुल्ला व गुलाबजामुन, मीरजापुर में 1478 किलो मिलावटी खोया, सहारनपुर में 1100 किलो खोया नष्ट किया गया।

### विभाग ने विशेष हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर जारी किए

मेरठ में 71 लीटर पामोलिन तेल, 20 किलो स्किम्ड मिल्क पाउडर जब्त और 35 किलो रसगुल्ला, 180 किलो पनीर, 2500 किलो खोया नष्ट किया गया। एटा में 340 लीटर सरसों तेल और 900 किलो घी नष्ट किए गए। खीरी में 871 किलो खाद्य सामग्री जब्त और 50 किलो नष्ट की गई। आगरा, अलीगढ़, गाजियाबाद, मुजफ्फरनगर में भी लाखों रुपये मूल्य की मिलावटी सामग्री नष्ट की गई। इसके अलावा टोल प्लाजा और हाईवे पर भी अभियान की कार्रवाई में बड़ी जब्तियां शामिल हैं। साहिबाबाद टोल पर 750 किलो पनीर, हापुड़ टोल छिजारसी पर 1500 किलो पनीर, एनएच 34, जीटी रोड कानपुर से 4040 किलो खोया, बाराबंकी टोल से 910 कार्टन मिलावटी मिठाई, और कानपुर पनकी रोड से 2450 किलो खोया नष्ट किया गया। राज्य सरकार ने जनता से अपील की है कि यदि कहीं भी खाद्य पदार्थों में मिलावट, नकली उत्पादों का निर्माण या विक्रय अथवा संगठित रूप से मिलावट का कारोबार संचालित होने की जानकारी मिले, तो उसकी गोपनीय सूचना तुरंत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग को दें। इसके लिए विभाग ने विशेष हेल्पलाइन और व्हाट्सएप नंबर जारी किए गए हैं।

### टोल फ्री नंबर पर दर्ज कराएं शिकायत

गोपनीय शिकायत दर्ज कराने के लिए टोल फ्री नंबर 1800–180–5533 पर कॉल की जा सकती है। मिलावटी या नकली खाद्य पदार्थ से संबंधित सूचना व्हाट्सएप नंबर 9793429747 पर भेजी जा सकती है। वहीं अगर किसी को नकली या घटिया दवाइयों के निर्माण या बिक्री की जानकारी मिले, तो उसकी सूचना व्हाट्सएप नंबर 8756128434 पर भेजी जा सकती है। ऐसी शिकायतों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## सर्किल रेट निर्धारण के नियम अब होंगे सरल आम लोग खुद करा सकेंगे संपत्ति की रजिस्ट्री

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रदेश के स्टांप एवं पंजीयन मंत्री रवीन्द्र जायसवाल ने बताया कि सर्किल रेट निर्धारण के नियमों को अब सरल किया जा रहा है। अब तक जहां लगभग 40 मानकों के आधार पर सर्किल रेट तय किए जाते थे, वहीं अब उन्हें घटाकर 15 से 20 मानकों तक सीमित किया जाएगा। नियमों के सरलीकरण से आम नागरिकों को बड़ी राहत मिलेगी।

सर्किल रेट तय करने की प्रक्रिया आसान होने से अब कोई भी नागरिक स्वयं अपनी संपत्ति की रजिस्ट्री बिना किसी एजेंट या मध्यस्थ के करा सकेगा। लोग विभागीय वेबसाइट पर जाकर अपनी जमीन का सर्किल रेट खुद देख सकेंगे, आवश्यक विवरण दर्ज कर स्लॉट बुक करके रजिस्ट्री स्वयं करा सकेंगे। श्री जायसवाल ने बताया कि नए मानक लागू होने से सर्किल रेट की असमानता दूर होगी, जिससे पूरे प्रदेश में एक समान और पारदर्शी रियल एस्टेट व्यवस्था होगी। अस्पष्ट नियमों के कारण अब तक होने वाली स्टांप चोरी, रजिस्ट्री विवाद और कानूनी मुकदमों में उल्लेखनीय कमी आएगी। मानकों में सरलीकरण के लिए, शासनादेश शीघ्र जारी किया जाएगा, जिससे विभागीय स्तर पर इसका क्रियान्वयन शुरू किया जा सकेगा।

## खबरें एक नजर में

### पार्षद ने खराब समरसेबल तुरंत लगवाकर दी राहत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** वजीरगंज–मशकगंज वार्ड संख्या 102 में, पार्षद मोहम्मद नईम ने सेवा की एक नई मिसाल कायम की है। लगातार पाँच बार जीतने के बाद, उन्होंने छठी बार भी जीत हासिल की है, जिससे यह साबित होता है कि उनका और उनके परिवार का राजनीतिक सफर सन् 1995 से निरंतर जारी है। 25 वर्षों से अधिक समय से सक्रिय, नईम भाई की पहचान उनका कार्य है। वह अपने कार्यालय को सेवा केंद्र मानते हैं, जहाँ वह सुबह 8 से 2 और शाम 5 से 8 बजे तक जनता की समस्याएं सुनते हैं और उनका तुरंत निस्तारण करते हैं। हाल ही में, ताजी खाना क्षेत्र में समरसेबल खराब होने की सूचना मिलते ही, उन्होंने तत्काल नया समरसेबल लगाने का आदेश दिया और टीम को मौके पर भेजा ताकि लोगों को परेशानी न हो। छात्र राजनीति से जनसेवा में उतरे नईम भाई का मानना है कि राजनीति लोगों के लिए काम करने का माध्यम है। उनकी पत्नी, साइमा नईम, जो वर्तमान में इसी वार्ड से सपा पार्षद हैं, भी इसी सेवा भावना के लिए जानी जाती हैं। मोहम्मद नईम की लगातार जीत यह दर्शाती है कि लखनऊ नगर निगम में काम बोलता है।

### मायावती ने पदाधिकारियों की बुलाई बैठक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती बृहस्पतिवार को लखनऊ में पार्टी के राज्य स्तरीय पदाधिकारियों की एक अहम बैठक को संबोधित करेंगी। बसपा द्वारा बुधवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, मायावती द्वारा पार्टी के प्रदेश कार्यालय में पूर्वाह्न 11 बजे बुलायी गयी इस बैठक में विगत नौ अक्टूबर को बसपा संस्थापक कांशीराम की 19वीं पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित रैली की ऐतिहासिक सफलता में पार्टी पदाधिकारियों और समर्थकों के योगदान की सराहना और आभार व्यक्त किया जाएगा। पार्टी के मीडिया आमंत्रण के मुताबिक, मायावती इस बैठक में सभी स्तरों पर कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों के प्रयासों के लिए उनका आभार व्यक्त करेंगी और पार्टी की भविष्य की कार्ययोजना के लिए महत्वपूर्ण दिशा–निर्देश भी देंगी। बैठक में प्रदेश भर से वरिष्ठ बसपा नेताओं, जिला अध्यक्षों, समन्वयकों और अन्य प्रमुख पदाधिकारियों के शामिल होने की उम्मीद है।

### एसो. ऑफ केमिस्ट्री टीचर्स की 25वीं वर्षगांठ पर हुई संगोष्ठी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आज नवयुग कन्या महाविद्यालय, लखनऊ के रसायन विज्ञान विभाग की छात्रा इकाई क्लब–नव उमंग द्वारा एसोसिएशन ऑफकेमिस्ट्री टीचर्स, इंडिया के सहयोग से दिनांक 15 अक्टूबर 2025 को एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य प्रोफेसर मंजुला उपाध्याय की अध्यक्षता में किया गया। इस संगोष्ठी का विषय स्वस्थ जीवन एवं हरित ग्रह के लिए रसायन विज्ञान संगोष्ठी एसोसिएशन ऑफकेमिस्ट्री टीचर्स की स्थापना की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) के उपलक्ष्य में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन से हुआ, जिसके साथ दीप प्रज्वलन गीत प्रस्तुत किया गया, जिसे अक्षरा ज्ञान ने स्वरबद्ध किया। तत्पश्चात सृष्टि मिश्रा द्वारा सरस्वती वंदना पर मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति की गई। अतिथियों का स्वागत पारंपरिक रूप से स्मृति चिन्ह और पौध भेंट कर किया गया, जो संस्था की पर्यावरणीय चेतना एवं सांस्कृतिक परंपराओं को दर्शाता है। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अजीत कुमार शासने (निदेशक– सीएसआईआर–राष्ट्रीय वनस्पति अनुसंधान संस्थान) एवं विशिष्ट वक्ता के रूप में डॉ. नम्रता रस्तोगी (सीनियर प्रिंसिपल साइंटिस्ट–सीएसआईआर.सीडीआरआई) ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

### डॉ. कलाम की जयंती पर लगी विज्ञान प्रदर्शनी

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को पूर्व राष्ट्रपति, भारत रत्न डॉ. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर गोमती नगर स्थित मदरसा दारुल उलूम वारसिया गोमतीनगर में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री दानिश आजाद मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार अंजना सिरोही जिलाधिकारी पवन कुमार मुख्य रूप से मौजूद रहे। प्रदर्शनी में मदरसे के बच्चों के द्वारा साइंस और टेक्नोलॉजी के माध्यम से विभिन्न प्रकार के मॉडल तैयार किया। दानिश आजाद ने सभी स्टॉल्स पर जाकर बच्चों के द्वारा तैयार किए गए मॉडल को देखा। साइंस और टेक्नोलॉजी के अद्भुत संगम से तैयार किए गए मॉडल की प्रशंसा किया। एग्जीबिशन में 20 से अधिक मदरसों ने हिस्सा लिया। मदरसे के छात्रों ने अंग्रेजी, उर्दू और अलग–अलग भाषाओं में डॉक्टर कलाम पर भाषण दिया। दानिश आजाद ने कहा कि मोदी और योगी सरकार का मकसद बिल्कुल स्पष्ट है मुसलमान बच्चों को अच्छी शिक्षा दी जाए। डॉक्टर कलाम की जिंदगी हमें बहुत कुछ सीख देती है और वह हमारे आदर्श हैं। दानिश आजाद ने कहा कि मदरसे के बच्चों के एक हाथ में हम कुरान दूसरे हाथ में लैपटॉप दे रहे हैं। आज यह जो साइंस एग्जीबिशन लगी है यह हमारी सरकार की दूरदर्शी सोच का नतीजा है।

### नकली, अपमिश्रित औषधि निर्माण, भण्डारण व विक्रय की करें शिकायत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रदेश में उपभोक्ताओं की सुरक्षा एवं गुणवत्तापरक औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित किये जाने के उद्देश्य से खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा सत्त प्रवर्तन अभियान संचालित किया जा रहा है। आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन डा रोशन जैकब ने इस संबंध में आमजन से अपील की है कि यदि किसी भी स्तर पर प्रदेश में अधोमानक, नकली, मिथ्याछाप एवं अपमिश्रित औषधियों के निर्माण, भण्डारण व विक्रय के संबंध में अधिसूचना प्राप्त होती है, जिससे जनस्वास्थ्य प्रभावित होने की संभावना हो, तो ऐसी गोपनीय सूचना व्हाट्सअप नम्बर 8756128434 पर संदेश के माध्यम से प्रेषित किया जा सकता है। विश्वसनीय सूचनाओं पर त्वरित एवं प्रभावी प्रवर्तन कार्यवाही की जायेगी तथा दोषियों के विरूद्ध सख्त विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

### पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बताया

# हर सहायता में झलक रहा संवेदनशील सुशासन

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** हजारों ग्रामीण परिवारों के लिए निराशा को उम्मीद में बदलते हुए, पंचायत राज विभाग के अंतर्गत बनाए गए पंचायत कल्याण कोष ने पिछले तीन वर्षों में मृत पंचायत प्रतिनिधियों के 3,866 परिवारों को 136 करोड़ की सहायता राशि वितरित की है।



पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने बताया कि 2021 के पंचायत चुनावों के अनुसार, उत्तर प्रदेश में तीन-स्तरीय पंचायत राज व्यवस्था में लगभग आठ लाख निर्वाचित प्रतिनिधि हैं। अधिकांश बिना वेतन या बिना भत्ते के काम करते हैं, जिससे मृत्यु की स्थिति में उनके परिवार आर्थिक रूप से असुरक्षित हो जाते हैं।

इस योजना की शुरुआत 15 सितंबर 2021 को मुख्यमंत्री योगी द्वारा की गई थी। इस योजना का उद्देश्य उन पंचायत प्रतिनिधियों के परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करना है, जो निर्वाह भत्ते या वेतन के बिना अपने ग्राम, क्षेत्र या जिला पंचायतों में सेवा करते हैं और दुर्भाग्यवश असामयिक मृत्यु का शिकार हो जाते हैं। इस योजना से प्रभावित कई परिवारों ने इसे जीवन बदलने वाली राहत बताया है। खीरी जिले की ग्राम सभा सदस्य रेखा देवी की मृत्यु के बाद उनके परिवार को 2 लाख की सहायता मिली, जिससे उनकी बेटी पूजा की शादी संपन्न हो सकी। पूजा के मामा पिंटू कुमार ने बताया कि सरकार से 2 लाख की सहायता मिली, जिससे हम बिना किसी परेशानी के पूजा की शादी अप्रैल 2024 में करा पाए। अब वह सुखी विवाहित जीवन जी रही है। उन्नाव जिले के मियागंज ब्लॉक के क्षेत्र पंचायत सदस्य उदन सिंह के पुत्र को 3 लाख की आर्थिक सहायता राशि मिली। इस सहायता राशि से उदन सिंह के पुत्र ने एक वैन खरीदी, जिससे ग्रामीणों को आपात स्थिति में अस्पताल पहुंचाया जा सके। यह योजना सामाजिक प्रभाव का सशक्त उदाहरण है। पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने बताया कि ÷पंचायत प्रतिनिधि गांव की रीढ़ हैं, वे बिना किसी स्वार्थ के जनता की सेवा करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शुरू की गई 'पंचायत कल्याण कोष योजना' ऐसे प्रतिनिधियों के परिवारों के लिए आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा का मजबूत माध्यम बनी है।पंचायती राज निदेशक अमित कुमार सिंह ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में 136.22 करोड़ की सहायता राशि 3,866 लाभार्थी परिवारों को वितरित की गई है। इस योजना ने हजारों परिवारों को कठिन समय में संबल प्रदान किया है।

उपनिदेशक पंचायती राज योगेन्द्र कटियार ने बताया कि सहायता हेतु आवेदन राज्य की पंचायत राज वित्त पोर्टल पर ऑनलाइन जमा किए जाते हैं। दस्तावेज सत्यापन के उपरांत स्वीकृत राशि सीधे लाभार्थी के बैंक खाते में भेजी जाती है। इस योजना का मानवीय और सामाजिक प्रभाव अत्यंत गहरा है। कई परिवार इस सहायता से शिक्षा, स्वास्थ्य, पशुपालन, कृषि, छोटे व्यवसाय और आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

### आरपीआई ने बिजली कनेक्शन में रेट बढ़ाने का किया विरोध

**लखनऊ।** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया आठवले के प्रदेश अध्यक्ष पवन भाई गुप्ता ने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी को पत्र लिखकर ऊर्जा विभाग द्वारा नए बिजली कनेक्शन के शुल्क में की गई भारी वृद्धि को गरीब और मध्यमवर्गीय परिवारों के साथ अन्याय बताया है और फैसला वापस करवाने की मांग की है। पवन भाई गुप्ता ने कहा कि पहले 1,032 में मिलने वाला नया बिजली कनेक्शन अब 6,400 रूपये में दिया जा रहा है, जो लगभग छह गुना अधिक है। केंद्र सरकार की आरडीएसएस योजना के तहत उपभोक्ताओं को प्रीपेड मीटर निरूशुल्क लगाए जाने का स्पष्ट निर्देश है लेकिन उत्तर प्रदेश में ऊर्जा विभाग इसके विपरीत 6,061 तक की वसूली कर रहा है। यह जनता के साथ सरासर अन्याय है।

## हो रही जांच, शिकायतकर्ता और आरोपी सुपरवाइजर व कंपनी से दस्तावेज मांगे

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** बलरामपुर अस्पताल में आउटसोर्सिंग कर्मचारी से घूसखोरी के मामले की जांच शुरू हो गई है। वार्ड ब्वॉय का काम कर रहे कर्मचारी को सुरक्षाकर्मी बनाने की धमकी देकर 40 हजार रुपये वसूली की शिकायत हुई थी। इस मामले में तीन सदस्यीय जांच कमेटी ने शिकायतकर्ता, आरोपी व आउंटसोर्सिंग कंपनी से जरूरी दस्तावेज तलब किए हैं। इसके लिए दो दिन की मोहलत दी गई है।

बलरामपुर अस्पताल में 756 बेड हैं। ज्यादातर बेड हमेशा भरे रहते हैं। प्रतिदिन पांच से सात हजार मरीज ओपीडी में आ रहे हैं। मरीजों को बेहतर इलाज उपलब्ध कराने के लिए बड़ी संख्या में आउटसोर्सिंग कंपनी के कर्मचारी भी अस्पताल में तैनात हैं। लेकिन इन कर्मचारियों को वसूली के लिए परेशान करने के गंभीर आरोप लगे हैं। कई वर्षो से वार्ड ब्वॉय का काम कर रहे आउटसोर्स कर्मचारी का आरोप है कि सुपर वाइजर परेशान कर रहे हैं। आरोप है कि कर्मचारी को वार्ड ब्वॉय का काम लेकर सुरक्षा गार्ड बनाने की धमकी दी गई। ऐसा न करने के एवज में वार्ड ब्वॉय से 40 हजार रुपये वसूले। पीड़ित ने आरोपी से 40 हजार रुपये वापस दिलाने व कठोर कार्रवाई की फरियाद की है। अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लिया है। तीन सदस्यीय जांच कमेटी गठित की है।

### बोरे में पैक मिला युवक का शव, रस्सी से बंधी थी बॉडी

**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ में एक युवक का नग्न शव बरामद हुआ है। शव बोरे में बंद था। हाथ-पैर मोड़कर पूरे शरीर को रस्सी से बांधा गया था। मुंह पर टेप चिपका था। सिर पर चोट के गहरे निशान थे। युवक की पहचान नहीं हो पाई। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। घटना स्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। मामला पारा थाना क्षेत्र का है। बुधवार सुबह करीब 10 बजे विक्रम नगर ओवरब्रिज के नीचे सफाईकर्मियों ने युवक का शव नग्न अवस्था में था। उसकी उम्र करीब 28-30 साल की लग रही है। पुलिस ने आसपास के लोगों से युवक की पहचान कराने की कोशिश की। उसके फोटो आसपास के थानों में भेजा, लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी।

## छठ पूजा की तैयारियों का मंडलायुक्त ने लिया जायजा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** छठ पर्व के अवसर पर राजधानी लखनऊ में तैयारियों को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। बुधवार को मंडलायुक्त विजय विश्वास पंत ने गोमती नदी के विभिन्न घाटों- लक्ष्मण मेला पार्क, झूलेलाल वाटिका, सझिया घाट, कुड़िया घाट, खाटू श्याम घाट, शहीद पथ स्थित छठ पूजा स्थल प्रथम व द्वितीय तथा कुकरैल पिकनिक स्पॉट घाट का स्थलीय निरीक्षण कर तैयारियों की समीक्षा की।

निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी घाटों पर सफाई, प्रकाश व्यवस्था, जल निकासी, चिकित्सा सुविधा और सुरक्षा के समुचित इंतजाम सुनिश्चित किए जाएं। उन्होंने कहा कि गोमती नदी



में सफाई कार्य तेज किया जाए और कूड़ा निकालने वाली नावों व स्टीमर की संख्या बढ़ाई जाए, जिन पर जीपीएस सिस्टम लगाया जाए ताकि उनकी गतिविधियों की रियल टाइम मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से हो सके। मंडलायुक्त ने कहा कि प्रतिदिन निकाले जा रहे कूड़े और जलकुंभी की मात्रा का रिकॉर्ड रजिस्टर मेंटेन किया जाए, जिससे सफाई की वास्तविक स्थिति का आकलन हो सके। उन्होंने यह भी कहा कि सभी सफाईकर्मी ड्रेस कोड में नजर आएं और कार्यस्थल पर मौजूद रहें। मंडलायुक्त पंत ने बताया कि लखनऊ में छठ पूजा का आयोजन हर वर्ष की तरह इस बार भी लक्ष्मण मेला पार्क और झूलेलाल वाटिका घाट सहित गोमती तट के विभिन्न स्थलों पर भव्य रूप से किया जाएगा। यहां हर साल की तरह इस बार भी लाखों श्रद्धालु उपस्थित होंगे।

## 1100 स्वदेशी ड्रोन अयोध्या में आसमान में प्रदर्शित करेंगे रामायण के विविध प्रसंगों की झलकियां : जयवीर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** प्रभु श्रीराम की नगरी अयोध्या, दीपोत्सव-2025 में आस्था, संस्कृति और आधुनिक तकनीक का अद्भुत संगम देखने को मिलेगा। राम की पैड़ी सहित 56 घाटों पर जलने वाले 26 लाख दीपों की आभा जहां भक्ति और उल्लास का प्रतीक बनेगी, वहीं कोरियोग्राफ्ड म्यूजिकल ड्रोन शो और 3-डी होलोग्राफिक्र म्यूजिकल लेजर शो श्रद्धालुओं को अनूठा अनुभव देंगे।

पर्यटन विभाग ने श्रद्धालुओं के उत्साह को ध्यान में रखते हुए ड्रोन शो और लेजर शो प्रस्तुतियों को आमजन के लिए दो दिन 18 व 19 अक्टूबर को आयोजित करने का निर्णय लिया है। पर्यटन एवं संस्कृति



मंत्री ने बताया कि स्वदेश निर्मित 1,100 ड्रोन आसमान में रामायण के विभिन्न प्रसंगों की झलकियां प्रस्तुत करेंगे। आकाश में अद्भुत कलाकृतियां उभरकर एक दिव्य दृश्य प्रस्तुत करेंगी। 3-डी होलोग्राफिक म्यूजिकल लेजर शो दर्शकों के सामने वास्तविक प्रतीत होने वाली छवियों के माध्यम से अनुभव को यादगार बनाएंगी।

पर्यटन एवं संस्कृति विभाग सदैव आस्था, संस्कृति और नवाचार के समन्वय को प्राथमिकता देता आया है। पिछले वर्ष आयोजित दीपोत्सव में पहली बार 500 ड्रोन के माध्यम से भव्य शो का आयोजन किया गया था, जो आमजन और विशिष्ट अतिथियों सभी के लिए अत्यंत रोमांचक अनुभव रहा।

दीपोत्सव-2025 को और अधिक आकर्षक एवं भव्य बनाने के उद्देश्य से 1,100 ड्रोन के जरिए अद्भुत ड्रोन शो प्रस्तुत करने की योजना बनाई गई है। आमलोगों के अभूतपूर्व उत्साह को देखते हुए पर्यटन विभाग ने दीपोत्सव पूर्व 18 अक्टूबर को भी एक अतिरिक्त ड्रोन शो आयोजित करने का निर्णय लिया है। संगीत और रोशनी से सजे लेजर शो में प्रभु श्रीराम के जीवन और आदर्शों को आधुनिक तकनीक के माध्यम से चित्रित किया जाएगा।

### शोषणकर्ताओं को सख्त से सख्त सजा दिलाए जाने की मांग

**लखनऊ।** केरल के आईटी प्रोफेशनल आनंदू अजि ने 9 अक्टूबर को आत्महत्या कर ली। आत्महत्या से पूर्व आनंदू अजि ने अपने सुसाइड नोट में लिखा कि संघ की शाखा में सालों हुए शारीरिक शोषण के कारण वह आत्महत्या कर रहे हैं, साथ यह भी लिखा कि संघ की शाखाओं में वृहद स्तर पर लोगों खासतौर पर बच्चों का शारीरिक शोषण होता है। प्रकरण का संज्ञान लेते हुए उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने आज देश के गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को प्रतिबंधित किए जाने तथा आनंदू अजि के शोषणकर्ताओं को सख्त से सख्त सजा दिलाए जाने की मांग की है। श्री राय ने कहा कि आनंदू अजि ने जो इल्जाम संघ पर लगाया है। वह न सिर्फ गंभीर है बल्कि डराने वाले भी हैं।

## केंद्रीय पर्यटन मंत्री ने की 50 विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के विकास की घोषणा

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** भारत सरकार की ओर से 'वन स्टेट, वन ग्लोबल डेस्टिनेशन' विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन 14-15 अक्टूबर का आयोजन राजस्थान के उदयपुर में किया गया।

केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की अध्यक्षता में संपन्न सम्मेलन में देशभर के राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के पर्यटन मंत्री एवं वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए। केंद्रीय मंत्री ने उन्होंने अगले दशक में भारत में 50 विश्व स्तरीय पर्यटन स्थलों के विकास की घोषणा की। पर्यटन मंत्रियों को संबोधित करते हुए केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, वन स्टेट, वन ग्लोबल डेस्टिनेशन की अवधारणा आने वाले समय में भारत

**▸ पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा प्रदान करेगी वन स्टेट, वन ग्लोबल डेस्टिनेशन की अवधारणा : शेखावत**

के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा और गति प्रदान करेगी। देशवासियों को यह संकल्प लेना चाहिए कि पहले अपना घर देखें, फिर विदेश जाएं। उन्होंने कहा कि उदयपुर में हुई चर्चा देश के पर्यटन क्षेत्र को नई दिशा देंगी। उत्तर प्रदेश की ओर से पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने गौतमबुद्ध नगर से जुड़े प्रस्ताव को पेश किया, जिसे सराहना मिली। उन्होंने बताया कि सम्मेलन में राज्य की पर्यटन संबंधी रणनीति प्रस्तुत की। उन्होंने बताया कि श्उत्तर प्रदेश सरकार ने हेरिटेज डेस्टिनेशन के साथ-साथ अर्बन टूरिज्म डेस्टिनेशन के विकास को प्राथमिकता दी है।

## सक्षम सेंटर बने महिला सशक्तिकरण का आधार ग्रामीण महिलाओं को मिल रहा नया अवसर

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के मार्गदर्शन मे राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर व स्वावलंबी बनाने के अभिनव प्रयास जारी हैं।

स्वयं सहायता समूहो से जुड़ी महिलाओ को गतिविधियों से जोड़कर उन्हें आर्थिक, शैक्षिक व सामाजिक रूप से सशक्त व मजबूत बनाया जा रहा है, इसी दिशा में सीएलएफस्तर पर सक्षम सेंटरो की स्थापना की जा रही है। सक्षम सेंटर ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध हो रहे हैं। इन केंद्रों के माध्यम से महिलाएँ न केवल

**▸ ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक उत्थान की दिशा में मील का पत्थर हैं सक्षम सेंटर**

आत्मनिर्भर बन रही हैं बल्कि अपने परिवार और समुदाय को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही हैं।÷महिला सशक्तिकरण एवं वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश के सीएलएफ स्तर पर सक्षम सेंटर की स्थापना की जा रही है।अब तक प्रदेश में लगभग 1900 सक्षम सेंटर स्थापित किए जा चुके हैं। सक्षम सेंटरों का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को वित्तीय साक्षरता, बैंकिंग सेवाओं की पहुँच, सरकारी सामाजिक सुरक्षा योजनाओं की जानकारी, डिजिटल लेनदेन, और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ना है। इन सेंटरों के माध्यम से प्रशिक्षित महिलाएं अपने समुदाय में बीसी सखी, डिजिटल सेवा प्रदाता एवं सूक्ष्म उद्यमी आदि के रूप में कार्य कर रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहा है मिशन निदेशक दीपा रंजन ने बताया कि आगामी समय में प्रदेश के सीएलएफ स्तरों पर सक्षम सेंटरों की स्थापना व एफएलसीपी की तैनाती किये जाने की दिशा मे कार्य किया जा रहा है, जिससे वित्तीय समावेशन और अधिक गति प्राप्त करेगा तथा ग्रामीण महिलाएँ नए भारत की सशक्त भागीदार बनेंगी। प्रदेश की हजारों महिलाएं आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर, जागरूक एवं सशक्त बन रही हैं।

**योजना**

### तिलहन उत्पादन को प्रोत्साहन हेतु उन्नतशील बीजों के कृषकों को नि:शुल्क मिनीकिट

# 5.50 लाख से अधिक तिलहन मिनीकिट देकर किसानों को समृद्ध करेगी सरकार

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश कृषि विभाग किसानों के लिए निरंतर अनेक प्रोत्साहन योजना व अनुदान कार्यक्रम चला रही है। रबी फसल के मद्देनजर योगी सरकार किसानों को 5.50 लाख से अधिक तिलहन के मिनीकिट देकर समृद्ध करेगी।

इसके साथ ही उत्पादन की नई तकनीक से अवगत कराने के लिए कृषि विभाग 7653 किसान पाठशाला भी चलाएगा। रबी फसल में तिलहन की फसलों का क्षेत्रफल एवं उत्पादन खरीफमौसम की अपेक्षा अधिक होता है। रबी के मौसम में



फसलों पर कीट एवं व्याधि का संक्रमण भी कम होता है, जिससे तिलहनी फसलों की उत्पादकता अधिक प्राप्त होने की संभावना होती है। रबी में तिलहनी फसलों से अधिक उत्पादन प्राप्त करने के लिए उत्तर प्रदेश कृषि विभाग द्वारा भी किसानों के लिए कई प्रोत्साहन योजना एवं अनुदान आधारित कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। विशेष रूप से योगी सरकार द्वारा नवीन प्रजातियों के प्रोत्साहन के लिए तिलहनी फसलों के नि:शुल्क मिनीकिट, खण्ड प्रदर्शन एवं किसान पाठशाला चलाये जा रहे हैं। योगी सरकार द्वारा चयनित किसानों को अधिकतम प्रति हेक्टेयर 9000 रुपये के अनुदान के साथ ही उत्पादन की नवीन तकनीक के प्रसार के लिए किसान पाठशाला भी चला रही है।

वर्तमान रबी सीजन में 5.50 लाख तिलहन के मिनीकिट, 7653 खंड प्रदर्शन तथा 7653 किसान पाठशाला का आयोजन प्रस्तावित है स किसानों को बीजों पर अनुदान सब्सिडी एटसोर्स अनुदान उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रदर्शन का अनुदान चयनित किसानों के खाते में डीबीटी के माध्यम से हस्तांतरित किया जायेगा।प्रदेश सरकार किसानों को अन्नदाता मानकर उनके उत्थान के लिए निरंतर प्रयत्न कर रही है।

रबी सीजन में उत्पादन बढाघ्ने के लिए किसानों को प्रेरित किया जा रहा है। प्रदेश स्तर पर रबी गोष्ठी भी हुई थी, जिसके माध्यम से हजारों किसानों ने खेती में नवीनीकरण की जानकारी प्राप्त की। किसान बीज शोधन, जैव रसायन व कृषि रक्षा रसायन से बीज शोधित करके ही बोआई करें, जिससे बीज जनित एवं भूमि जनित रोगो के संक्रमण की संभावना नहीं रहती है। इससे फसलों की लागत कम हो जायेगी तथा उत्पादकता में वृद्धि हो सकेगी।

# महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने केक काटकर मनाया कन्या जन्मोत्सव

## महिला बैरक का किया निरीक्षण कर बच्चों को वितरित किए उपहार, वन स्टाप सेन्टर की व्यवस्थाओं को भी परखा

समृद्धि न्यूज



**बहराइच।** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा महिलाओं/बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के अन्तर्गत महाराज सुहेल देव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय के जिला महिला चिकित्सालय में उपाध्यक्ष (उपमंत्री स्तर प्राप्त), उ.प्र. राज्य महिला आयोग अपर्णा यादव द्वारा मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री, पुलिस क्षेत्राधिकारी मोतीपुर हर्षिता तिवारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद राय व अन्य के साथ केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया।

इस अवसर पर कन्याओं हेतु उनकी माताओं को बच्चियों की ड्रेस, जानसन बेबी किट, नाश्ता, केक व अन्य उपहार का वितरण भी अतिथियों द्वारा किया गया। इसके उपरान्त अपर्णा यादव ने गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की तथा बच्चों को अन्नप्रासन कराया एवं हॉट कुक्ड योजनान्तर्गत आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को बर्तन का वितरण किया।कन्या जन्मोत्सव के अवसर पर अपर्णा यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति एवं समाज में नारी का स्थान सदैव ही उच्च प्रतिष्ठित रहा है। शक्ति के विभिन्न स्वरूपों में हम नारी की ही पूजा सभ्यता व संस्कृति के उदय से करते आए हैं। नारी सृजन का भी प्रतीक है। परिवार का विकास नारी के गर्भ में पल रहे शिशु के जन्म के साथ ही अपना भावी स्वरूप ग्रहण करता है। मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के माध्यम से सरकार में शामिल प्रतिनिधियों, विभिन्न विभागीय अधिकारियों सहित जनसामान्य को जागरूक करने हेतु हर स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। मिशन के उद्देश्य यह भी है कि महिलाओं के प्रति समाज की सोच में सकारात्मक परिवर्तन आए तथा महिलाएं व बच्चे विशेषकर बालिकाएं आत्मनिर्भर बनने की ओर अग्रसर हो। प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं एवं बच्चों के समग्र विकास पर केन्द्रित मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 अभियान समाज में व्यापक मानसिक परिवर्तन लाकर महिलाओं के प्रति सकारात्मक व्यवहार को प्रेरित कर रहा है। सरकार विभिन्न विभागों के माध्यम से महिलाओं के लिए विकास के अवसरों की वृद्धि कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में संचालित यह अभियान प्रदेश की जनता की व्यापक भागीदारी के माध्यम से अपने लक्ष्य ओर बढ़ रहा है। महिलाएं सशक्त होगी, बेटियां सुरक्षित होगी तो उत्तर प्रदेश, उत्तम प्रदेश की अवधारणा को भी सार्थक सिद्ध करेगा। इस प्रकार प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन 'सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास' को मिशन शक्ति बढ़ावा दे रहा है।

इसके उपरान्त उपाध्यक्ष ने जिला कारागार पहुंचकर महिला बैरक का निरीक्षण कर महिला बन्दियों के साथ रह रहे बच्चों को कपड़े, बिस्किट व चाकलेट इत्यादि का वितरण किया। पाकशाला का निरीक्षण करते हुए बन्दियों के लिए तैयार किये जा रहे भोजन की गुणवत्ता को परखने हेतु रोटी व सब्ज़ी को खाकर देखा तथा भोजन की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त किया। अपर्णा यादव ने कारागार परिसर में पौधरोपण भी किया। कारागार के निरीक्षण के उपरान्त महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने सलारगंज स्थित वन स्टाप सेन्टर का निरीक्षण कर सेन्टर की प्रभारी से आवश्यक जानकारी प्राप्त करते हुए निर्देश दिया कि पीड़ित महिलाओं को शासन द्वारा अनुमन्य सभी सुविधाएं मानक के अनुसार उपलब्ध करायी जाएं। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी सदर पूजा चौधरी, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर पहुप सिंह, कारागार अधीक्षक राजीव कुमार व जेलर अजय कुमार झा मौजूद रहे।

### बिहार में बनेगी भाजपा की सरकार : अपर्णा यादव

उत्तर प्रदेश महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव बुधवार को जनपद के दौरे पर पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने प्रशासन द्वारा आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में हिस्सा लिया और पत्रकारों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि बिहार में एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार बनेगी। चुनाव आयोग द्वारा मुस्लिम महिलाओं के मतदान के दिन बुर्का पहनकर आने पर पहचान जांच के समर्थन में अपर्णा यादव ने कहा कि आयोग निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए ऐसी व्यवस्थाएं करता है। उन्होंने जोर दिया कि चुनाव आयोग देश की एक बड़ी संवैधानिक संस्था है, इसलिए महिला सिपाहियों द्वारा मुस्लिम महिलाओं की पहचान जांचने में किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। मौलाना शहाबुद्दीन रजवी द्वारा बिहार चुनाव में मुस्लिम समुदाय को दरकिनार किए जाने के आरोप पर पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है, जहां हिंदू, मुस्लिम, सिख और ईसाई सभी इसके अभिन्न अंग हैं। उन्होंने कुछ मुस्लिम नेताओं की आलोचना करते हुए कहा कि वे अपने बच्चों को विदेशों में पढ़ाते हैं और चाहते हैं कि आम मुस्लिम परिवारों के बच्चे मदरसों में ऐसी शिक्षा प्राप्त करें, जिसका भविष्य में कोई उपयोग न हो। उन्होंने ऐसे नेताओं के शानो-शौकत और बंगलों पर भी टिप्पणी की।

### पांच एम्बुलेन्स को हरी झण्डी दिखाकर किया रवाना



महिला आयोग उपाध्यक्ष अपर्णा यादव ने महिला चिकित्सालय परिसर विकास खण्ड हुजूरपुर, रिसिया, महसी, कैसरगंज व फखरपुर के लिए 05 एम्बुलेन्स को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। हंस फाउण्डेशन की ओर से संचालित होने वाली एम्बुलेन्स चिकित्सकों व पैरा मेडिकल तथा विभिन्न चिकित्सकीय उपकरणों से आच्छादित एम्बुलेन्स ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर आवश्यकतानुसार मरीज़ों को चिकित्सकीय सेवाएं प्रदान करेंगी। इस अवसर पर मेडिकल कालेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. संजय खत्री, सीएमएस डॉ. एम.एम.एम. त्रिपाठी, हंस फाउण्डेशन के ओ-आर्डिनेटर अम्बुज सिंह व डीएचईआईओ बृजेश कुमार सिंह मौजूद रहे।

### महिला व बच्ची पर जंगली जानवर का हमला

**बहराइच।** जिले के कैसरगंज में जंगली जानवर के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। बुधवार सुबह दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला और पांच साल की बच्ची घायल हो गईं। दोनों का स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में इलाज चल रहा है। पहली घटना कैसरगंज के गोडहिया नंबर एक ग्राम के मजरा ठगपुरवा में हुई।यहां महादेव गौतम की पत्नी सोनी अपने घर के आंगन में लेटी थी। तभी जंगली जानवर ने उन पर हमला कर दिया। परिजनों के शोर मचाने पर जानवर भाग गया। हमले में सोनी के चेहरे पर घाव हो गए, जिसके बाद उन्हें स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना कोदई ग्राम में सामने आई। यहां जानवर घर में घुस आया और पांच वर्षीय वंशिका पर हमला कर दिया। ग्रामीणों और परिजनों के दौड़ने पर जानवर वहां से भाग निकला। वंशिका की पीठ पर घाव हुए हैं और उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। इस इलाके में बीते एक माह से अधिक समय से आदमखोर भेड़िए का आतंक बना हुआ है।

## खबरें एक नजर में

### चौकी इंचार्ज गंगवल संजय गौतम को दी गई भावभीनी विदाई



**विशेश्वरगंज,बहराइच समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र विशेश्वरगंज अंतर्गत पुलिस चौकी गंगवल के चौकी इंचार्ज संजय गौतम के स्थानांतरण पर बुधवार को एक भावभीनी विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस मौके पर पुलिस कर्मियों के साथ-साथ क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों ने भी उन्हें शुभकामनाओं के साथ विदाई दी। कार्यक्रम के दौरान चौकी इंचार्ज संजय गौतम के कुशल नेतृत्व, सौम्य व्यवहार और जनसंपर्क के प्रति समर्पण की सराहना की गई। उपस्थित लोगों ने कहा कि श्री गौतम ने अपने कार्यकाल के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ जनता से आत्मीय संबंध स्थापित किए। समारोह में पुलिसकर्मियों व स्थानीय लोगों ने उन्हें स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। भावुक माहौल के बीच सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### कंपोजिट विद्यालय जानकी नगर क्षेत्र गोण्डा में



**गोण्डा, समृद्धि न्यूज।** बुधवार को कंपोजिट विद्यालय जानकी नगर क्षेत्र गोण्डा में ग्लोबल हैंड वाशिंग डे पर हाथों की स्वच्छता के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी गई। प्रधानाध्यापक श्री सुरेंद्र मिश्रा जी ने बच्चों को बताया कि खाने से पहले, शौच के बाद व कचरा निस्तारण करने के बाद हाथ अवश्य धोएं। इस अवसर पर बच्चों ने हाथ धोने के 6 चरण का प्रदर्शन भी किया। इस अवसर पर पी एस आई इंडिया व कैन व्यू के सहयोग से जनपद में चलाए जा रहे डायरिया से डर नहीं कार्यक्रम से पंकज पाठक और अवध कुमार जी उपस्थित रहे।

### टस्कर हाथी ने पुजारी का तोड़ा घर, चहलवा गांव में फसलें रौंदी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** कतर्नियाघाट वन क्षेत्र के अंतर्गत गिरिजापुरी स्थित सिंचाई कॉलोनी में मंगलवार रात करीब 2 बजे एक टस्कर हाथी घुस आया। हाथी ने हनुमान मंदिर के पुजारी रामऔतार के आवास की पक्की दीवार को ढहा दिया। पुजारी रामऔतार ने बताया कि हाथी अकेला था और दीवार तोड़ने लगा था। आहट सुनकर उनकी नींद खुली और उन्होंने बाहर देखा तो हाथी को देखकर वह सहम गए। लगभग आधे घंटे तक उत्पात मचाने के बाद हाथी जंगल की ओर चला गया। इसके बाद हाथी पड़ोस के ग्राम पंचायत चहलवा के घोसियाना गांव में भी पहुंच गया। उसने वन विभाग की चेनलिंक फेंसिंग को तोड़कर गांव में प्रवेश किया और कुंजीलाल पुत्र शिव नारायण की एक बीघा धान की फसल को बर्बाद कर दिया।किसान के शोर मचाने पर ग्रामीण इकट्ठा हो गए और उन्होंने हाथी को भगाने के लिए हाका लगाया। करीब एक घंटे तक उत्पात मचाने के बाद हाथी जंगल में भाग गया, जिसके बाद ग्रामीणों ने राहत की सांस ली।ग्रामीणों ने इसकी सूचना वन चौकी पर तैनात वन रक्षक अब्दुल सलाम को दी। वन विभाग की टीम ने लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी है।

### मिशन शक्ति के तहत एसडीएम बनीं छात्रा वैष्णवी



**बहराइच, समृद्धि न्यूज।** मिशन शक्ति अभियान के तहत राम रहीम इंटर कॉलेज की कक्षा 10 की छात्रा वैष्णवी पाठक ने महसी की एसडीएम के रूप में कार्यभार संभाला। उन्होंने एसडीएम की उपस्थिति में फरियादियों की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के निर्देश दिए। मंगलवार को वैष्णवी ने तहसील महसी में चार घंटे से अधिक समय तक विभिन्न लोगों की समस्याओं को सुना। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को समाधान के लिए निर्देश दिए। अधिकांश शिकायतें जमीनी विवादों, वरासत और जन्म प्रमाण पत्र से संबंधित थीं। जॉइंट मजिस्ट्रेट महसी आलोक प्रसाद ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य बालिकाओं को प्रशासनिक पदों के दायित्वों से परिचित कराना है। उन्होंने कहा कि यह अनुभव उन्हें संवैधानिक और प्रशासनिक पदों पर पहुंचने के लिए प्रेरित करेगा।

# सात दिव्यांगों को पेंशन स्वीकृति पत्र वितरित

17 छात्र-छात्राओं को वितरित किये गये छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र, काव्य संध्या में कवियों ने प्रस्तुत की रचनाएं



समृद्धि न्यूज

**बहराइच।** इण्डिया. एक्सपो सेन्टर-मार्ट ग्रेटर नोयडा में आयोजित यू.पी.आई.टी.एस. की भॉति यू.पी. इन्टरनेशनल ट्रेड शो-2025 के अन्तर्गत गेंद घर मैदान में 18 अक्टूबर 2025 तक आयोजित हो रहे स्वदेशी मेले में मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डॉ. जितेन्द्र त्रिपाठी ने भाजपा महामंत्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनोद कुमार राय, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मंजरी भारद्वाज, उद्योग केन्द्र के सहायक प्रबन्धक जे.पी. यादव व अन्य के साथ 07 दिव्यांगजनों को दिव्यांगता पेंशन स्वीकृति पत्र तथा 17 छात्र-छात्राओं को छात्रवृत्ति स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। स्वदेशी मेले राजकीय इण्टर कालेज के छात्र-छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया तथा काव्य संध्या में कवियों एवं शायरों द्वारा प्रस्तुत काव्य रचनाओं का श्रोतागण द्वारा भरपूर आनन्द लिया गया। स्वदेशी मेले सम्बन्धित अधिकारी, गणमान्य व संभ्रान्तजन, उद्यमी एवं व्यापारी तथा आमजन मौजूद रहे।

### श्री राम के सुन्दर स्वारुप,अद्भुत लीला पर आधारित रामलीला का शुभारंभ



**कैसरगंज, बहराइच समृद्धि न्यूज।** मुख्यालय के ग्राम सभा बरखुरद्धारापुर चौराहे पर सोमवार के दिन प्रभु श्री राम लीला का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख संदीप सिंह बिसेन ने फीता काट कर किया। स्थानीय दर्शकों के मुताबिक उपरोक्त प्रभु श्री राम की लीला के आयोजन में उनके वर्णन एवं सुंदर स्वरूप तथा अद्भुति चमत्कार पर आधारित रामलीला का आयोजन मोहम्मद नियाज की अध्यक्षता में आयोजित हो रहा है। कमेटी के सदस्य कालिका प्रसाद वर्मा ने बताया कि यह कार्यक्रम पांच दिनों का है और यह हिन्दू मुस्लिम के एकता का प्रतीक रहा यह सदियों से चली आ रही परंपरागत के अंतर्गत मनाया जा रहा है कार्यक्रम में आमंत्रित सभी अतिथियों का फूल मालाओं के साथ जोरदार स्वागत एवं अभिनंदन कमेटी के सदस्यों द्वारा किया गया इसके उपरांत ब्लॉक प्रमुख श्री सिंह द्वारा फीता काट कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष शिवानंद सिंह,भगवान दास सोनी, राम मनोहर एडवोकेट, पूर्व प्रधान संजय सिंह, हिंदू युवा वाहिनी के जिलाउपाध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, कमलेश कुमार गुप्ता, अलखनाथ साहू, रामसनेही गुप्ता, अतुल कुमार सिंह, कामता प्रसाद, बाबू राम वर्मा सहित सैकड़ों की संख्या दर्शकों की गरिमाई उपस्थिति रही।

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन



उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 छात्र-छात्राओं को चयनित कर प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार किया प्रदान

समृद्धि न्यूज

**बहराइच ।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन में बुधवार को राजकीय इंटर कॉलेज, मधवापुर, मिहींपुरवा में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम की टीम द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस माह (10 अक्टूबर से 10 नवंबर 2025) के अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर कुल 242 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया।

कार्यक्रम में उपस्थित छात्रों को आईईसी सामग्री वितरित कर मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। मानसिक स्वास्थ्य विभाग के साइकियाट्रिक सोशल वर्कर हरीश कुमार ने छात्रों को मानसिक स्वास्थ्य की अहमियत और देखभाल के तरीकों के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही कार्यक्रम के मॉनिटरिंग ऑफिसर मुकेश हंस ने छात्रों को बताया कि वे टोल फ्री हेल्पलाइन टेली मानस 14416 पर कॉल करके मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित निःशुल्क परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 20 छात्र-छात्राओं को चयनित कर प्रशस्ति पत्र और पुरस्कार प्रदान किए गए। इसके अलावा, विद्यालय की प्रधानाचार्या को मानसिक स्वास्थ्य विभाग की ओर से डायरी एवं फोल्डर भेंट किए गए और शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मानसिक स्वास्थ्य विभाग के मनीष कुमार सिंह, विद्यालय के शिक्षक एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# ग्राम पंचायत के खातों में उपलब्ध धनराशि के समुचित उपयोग पर प्रगति की समीक्षा की

समृद्धि न्यूज

**गोण्डा।** विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग द्वारा ग्राम पंचायत के खातों में उपलब्ध धनराशि के समुचित उपयोग एवं विकास कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने उन ग्राम पंचायत सचिवों, सहायक विकास अधिकारियों (पंचायत) तथा खंड विकास अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देशित किया जिन्होंने अब तक ग्राम पंचायतों में उपलब्ध धनराशि का प्रभावी उपयोग नहीं किया है।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि ग्राम पंचायतों में केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग द्वारा ग्राम पंचायतों के खातों में उपलब्ध धनराशि का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विकास करना है। यदि समय से धनराशि का व्यय नहीं किया गया तो न केवल विकास कार्य प्रभावित होंगे, बल्कि आगामी वित्तीय वर्ष में धनराशि के आवंटन पर भी असर पड़ सकता है। उन्होंने निर्देशित किया कि ग्राम पंचायतों की आवश्यकताओं के अनुसार प्राथमिकता वाले कार्यों की सूची तैयार कर समयबद्ध ढंग से उन्हें पूर्ण किया जाए। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से यह भी अपेक्षा की कि वे नियमित रूप से फील्ड विजिट करें और कार्यों की भौतिक प्रगति की समीक्षा करते हुए पारदर्शिता सुनिश्चित करें। ग्राम स्तर पर स्वच्छता, जल निकासी, स्कूलों का कायाकल्प, विद्यालयों में मिड डे मील सेड, पेयजल, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट्स तथा अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध ढंग से धनराशि व्यय की जाए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी अंकिता जैन ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि केंद्रीय वित्त आयोग एवं राज्य वित्त आयोग द्वारा ग्राम पंचायत के खातों में उपलब्ध धनराशि को सभी ग्राम पंचायत सचिव अपने-अपने ग्राम प्रधानों से समन्वय बनाते हुए ग्राम पंचायतों में आवश्यकता के अनुसार विकास कार्यों को कराते हुए उपलब्ध धनराशि का व्यय समय से करना सुनिश्चित करें।

# छात्राओं को दी गुड टच व बैड टच के बारे में जानकारी

समृद्धि न्यूज

**गोंडा।** ग्रीनवुड पब्लिकस्कूल, अम्बेडकरचौराहा, गोण्डा पर बालिकाओं/छात्राओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को दृ?ष्टिगत रखते हुए किया गया एकजागरूकता कार्यक्रमका आयोजन।

बुधवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग गोरखपुर के निर्देशानुसार ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल, गोण्डा पर मिशन शक्ति 5. 0 अभियान के अन्तर्गत बालिकाओ/छात्राओं की सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता को दृष्टिगत रखते हुए एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक बाँकेलाल थाना जीआरपी गोण्डा, द्वारा दिवसाधिकारी उ0नि0 विनय कुमार यादव, महिला आरक्षी विनीता पाल के साथ ग्रीनवुड पब्लिक स्कूल गोण्डा में छात्र/छात्राओ को संबोधित करते हुए कहा गया कि मिशन शक्ति 5.0 अभियान का प्रमुख उद्देश्य महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा प्रदान करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक, आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना भी है।




छात्राओं एवं महिलाओं को शासन द्वारा चलायी जा रही विभिन्न लाभकारी योजनाओं जैसे- मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन योजना, उ0प्र0 राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, राष्ट्रीय पोषण योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना, पीएम स्वानिधि योजना, पीएम सम्मान निधि योजना, वन स्टाप सेन्टर, आयुष्मान योजना, सुरक्षित मातृत्व आश्वासन सुमन योजना, प्रधानमंत्री फ्री सिलाई योजना, महिला शक्ति केन्द्र योजना, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना, कन्या सुमंगला योजना, तथा छोटे-छोटे बच्चों को गुडटच बैडटच के बारें में बताया गया और किसी भी समस्या के बारे में अपने अभिभावकों या पुलिस को अवश्य अवगत कराने के सुझाव दिये गये।

सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेट फार्मों के सुरक्षित उपयोग एवं सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरते जाने वाले विभिन्न एहतियात के बारें में, साइबर अपराधों एवं डिजिटल अरेस्ट के बारें में विस्तृत जानकारी देते हुए महिला एवं साइबर सुरक्षा हेल्पलाइन नम्बर-1930 सहित विभिन्न उपयोगी हेल्पलाइन नंबरों यथा- 1090-वीमेन पॉवर लाइन, 181-महिला हेल्प लाइन, 108 एम्बुलेंस सेवा, 1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, 112-पुलिस आपातकालीन सेवा, 1098-चाइल्ड लाइन, 102-स्वास्थ्य सेवा आदि के विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान कर जागरूक किया गया। इस प्रकार के जागरूकता कार्यक्रम से बालिकाओं/छात्राओं के आत्मविश्वास में वृद्धि होगी तथा वे समाज में निर्भीक होकर अपनी भूमिका निभा सकेंगी। कार्यक्रम में छात्राओं द्वारा उत्साहपूर्वक सहभागिता की गई तथा जीआरपी पुलिस द्वारा की गई इस पहल की सराहना की गई।

# प्लेटफार्म एक पर स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन




समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** बुधवार कों गोण्डा जं पर स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत क्षेत्रीय प्रबंधक गोण्डा की अध्यक्षता में गोण्डा जं के प्लेटफार्म संख्या 01 पर स्वच्छता संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसका संचालन मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक गोण्डा जं के द्वारा किया गया जिसमे सहायक मण्डल अभियंता विशेष द्वारा स्वच्छता जागरूकता सम्बंधित निर्देश दिए।

स्टेशन अधीक्षक, प्लेटफार्म निरीक्षक, प्रभारी निरीक्षक आरपीएफ, मण्डल वाणिज्य निरीक्षक, सी से ई बिधुत व अन्य रेल कर्मचारियों नें बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया एवं अध्यक्षीय उदबोधन में क्षेत्रीय प्रबंधक गोण्डा जं नें गोण्डा जं की सफाई व्यवस्था में गुणात्मक सुधार एवं सौंदर्यीकरण के लिए सभी रेलकर्मियों, यात्रियों, कुलियों, वेंडरों कों संकल्पित किया एवं प्रत्येक सप्ताह दो घंटे श्रमदान करने के लिए प्रतिबद्ध किया, साथ ही स्वच्छता रैली द्वारा ना सिर्फ यात्रियों कों जागरूक किया गया बल्कि स्वच्छता पखवाड़ा 2025 के फीड बैक हस्ताक्षर बोर्ड पर अपने विचार प्रस्तुत कर हस्ताक्षरित किया गया, जिसमे यात्रियों, वेंडरों, ठेकेदार श्रमिकों, पर्यवेक्षकों, रेल कर्मियों नें अपने विचारों के साथ हस्ताक्षर किये।



ठेकदार श्रमिकों के साथ मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक नें प्लाटिक कचरे कों जड़ से खतम करने के संकल्प कों चरितार्थ करने हेतु सेल्फी प्वाइंट पर प्लास्टिक कचरे से हानियाँ बताते हुए यात्रियों कों प्लास्टिक का उपयोग ना करने हेतु प्रतिबद्ध किया।

उद्घाटन

कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन व उद्यमिता विकास केंद्र गोंडा के तत्तावधान टाउन हॉल, गांधी पार्क में हुआ आयोजन

# यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 का हुआ आयोजन

समृद्धि न्यूज़

**गोंडा।** कार्यालय उपायुक्त उद्योग जिला उद्योग प्रोत्साहन एवं उद्यमिता विकास केंद्र, उत्तर प्रदेश शासन के तत्वावधान में यूपी ट्रेड शो स्वदेशी मेला 2025 का भव्य आयोजन टाउन हॉल, गांधी पार्क, जनपद गोंडा में किया जा रहा है।

मेला प्रातः 11 बजे से रात्रि 8 बजे तक चलता है मेले मे स्थानीय उद्यमियो, खाद्यी वस्त्र उत्पादकों तथा स्वयं सहायता समूह द्वारा अपने उत्पाद की बिकी की जा रही है। मेले सावित्री आटा लघु उद्योग का मिलेट्स प्रोडक्ट, समृद्धि झाडू उद्योग, झाडू एवं फ्लोर क्लिनर, अथिरिस्ट फार्मर प्रोड्यूसर, मिलेट्स प्रोडक्ट, क्षेत्रीय श्री गांधी आश्रम का खाद्यी वस्त्र, सनातन पूजन सामग्री, राज इलेक्ट्रानिक, प्रीति ग्रामोद्योग, खाद्यी वस्त्र, कंजन ऑयल,



पराग दुग्ध विकय केन्द्र, श्री राधे रानी बैंगल्स, अनन्या नमकीन भण्डार, अटारियो अलमीरा, रौशनी अजीविका का अचार, बाला जी स्वयं सहायक समूह का क्लिनर प्रोडक्ट, प्रेरणा स्वयं सहायता समूह का खादय उत्पाद, राम सनेही आयुर्वेद, अमित गारमेन्ट, माता महिला स्वयं सहायता समूह का मसाला उत्पाद, गुलाब स्वयं सहायता समूह का अचार उद्योग, हशनी हुसैन स्वयं सहायता समूह का गारमेन्ट प्रोडक्ट, मां दूर्गा स्वयं सहायता समूह का खाद्य उत्पाद, शंकर महिला स्वयं सहायता समूह का मिष्ठान, आरोग्य आहार का सोया पनीर, श्री राधे स्वयं सहायता समूह का खाद्य उत्पाद, बालाजी हर्बल का क्लिनर प्रोडक्ट, प्रेरणा ओजस का सोलर इलेक्ट, आर के गारमेन्ट प्रोडक्ट, अवध ग्रामोद्योग उत्पाद, ब्रम्हास्त्र ग्रामोदय सेवा समिति, बालाजी ग्रामोद्योग सेवाश्रम का आयुर्वेदिक प्रोडक्ट तथा मेले में जम्पिंग झूला, रेलगाडी झूला तथा बच्चो का इलेक्टिक झूला लगा है। सायं 5.00 से 8 बजे के माध्य सांस्कृति कार्यक्रम का भी आयोजन किया जा रहा है। यह मेला स्थानीय उद्यमियों, हस्तशिल्पकारों, स्वरोजगार अभ्यर्थियों एवं स्टार्टअप नवप्रवर्तकों के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। जहाँ उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं, वित्तीय सहायता तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध होगी।



**आयोजन की तिथि** : 09 अक्टूबर 2025 से 18 अक्टूबर 2025 तक
**स्थान**: टाउन हॉल, गांधी पार्क, जनपद गोंडा
– **समय**: प्रातः 11 बजे से सायं 8 बजे तक
मेले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान कार्यक्रम मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी (एक जनपद एक उत्पाद), स्टार्टअप इंडिया, तथा अन्य केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाए गए हैं।। इसके साथ ही स्थानीय उत्पादों की प्रदर्शनी, बिक्री, तथा उद्यम स्थापना हेतु मार्गदर्शन सत्र भी आयोजित किए गए हैं।। मेले का उद्देश्य जनपद के युवाओं को स्वरोजगार एवं उद्यमिता के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाना तथा स्थानीय उद्योगों को प्रोत्साहन देना है। सभी नागरिकों, उद्यमियों, कारीगरों, एवं युवाओं से अनुरोध है कि वे इस मेले में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश की दिशा में एक कदम आगे बढ़ायें।

## खबरें एक नजर में

### बंदर की टक्कर से घायल हुआ युवक

**महराजगंज, रायबरेली।** बंदर की टक्कर से घायल हुआ युवक पहुंच गया जिला अस्पताल महराजगंज तहसील के सामने गया प्रसाद पुत्र गंगादीन उम्र 33 वर्ष पूरे बैशन हलोर तहसील के सामने आए तभी अचानक बंदर से टक्कर हो गई। जिसमें गया प्रसाद गंभीर रूप से घायल हो गए जिनका प्राथमिक उपचार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महराजगंज के डॉक्टरों द्वारा जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

### पूर्व सभासद के निधन पर नगर पंचायत में चेयरमैन प्रतिनिधि सहित सभासदों ने 2 मिनट का रखा मौन




**महराजगंज, रायबरेली।** एक बार के सभासद तथा एक बार के नामित सभासद रहे बहुजन समाज पार्टी के नेता अशोक भारतीय को आज महाराजगंज नगर पंचायत में 2 मिनट का मौन रखकर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू के नेतृत्व में शोक संवेदना व्यक्त की गई। चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू ने कहा कि एक बार के सभासद तथा एक बार के नामित सभासद रहे अशोक भारतीय गरीब असहाय एवं कमजोर की आवाज रहे हैं ।आज उनके जाने से महराजगंज में एक युग का अंत हुआ है। उनकी भरपाई करना बहुत ही मुश्किल है क्योंकि भारतीय जी के पास जब भी कोई जाता था तो भारतीय जी निस्वार्थ भाव से उसकी सेवा करते थे और उसका कार्य भी जरूर करवाते थे। वहीं इस मौके पर सभासद और नगर पंचायत के कर्मचारी मौजूद रहे।

### हांगकांग में तिरंगा लहराने के बाद क्षेत्र की बेटी का कस्बे में हुआ स्वागत



**बछरावां, रायबरेली।** बीते शुक्रवार को हांगकांग में आयोजित एशियाई बेंच प्रेस प्रतियोगिता में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली क्षेत्र की बेटी जब बुधवार को अपने देश वापस लौटी तो कस्बे के मुख्य चौराहे पर उसका भव्य स्वागत किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की स्वर्ण पदक विजेता रोमा सिंह पुत्री राजू सिंह भदोरिया, जिन्होंने हांगकांग में आयोजित एक अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में ब्रेस्ट लिफ्टिंग (62.5 किलो भार) मे स्वर्ण पदक जीत कर अपने देश क्षेत्र व अपने माता-पिता का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऊंचा किया है। बुधवार को जब वह अपने निज जनपद पहुंची तो पूर्व विधायक रामलाल अकेला के नेतृत्व में बछरावां कस्बे के मुख्य चौराहे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। विदित हो कि एक वर्ष पूर्व रोमा सिंह का राष्ट्रीय स्तर पर इस प्रतियोगिता में चयन हुआ था और उन्होंने अपनी खेल प्रतिभा एवं कौशल का परिचय देते हुए 1 वर्ष पश्चात अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी जगह बनाई और हांगकांग आयोजित इस अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीता है। स्वागत के इस कार्यक्रम के दौरान इस मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष शिवेंद्र सिंह उर्फ राम जी, थाना प्रभारी बछरावां राजीव सिंह, उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मंडल अध्यक्ष सुनील सागर, जिला उपाध्यक्ष विजयपाल यादव, नीरज साहू, सौरभ मिश्रा, राजू नायक, चंद्रभान, विकास सोनी सहित सैकड़ो की संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, व्यापारी बंधु एवं आम जनमानस मौजूद रहा।

### बहुजन समाज के वटवृक्ष के निधन से क्षेत्र में दौड़ी शोक की लहर



**महराजगंज रायबरेली।** महराजगंज तहसील और रायबरेली जिले में बहुजन समाज पार्टी के वटवृक्ष रहे अशोक भारतीय के निधन से जहां क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी। तो वही लोग आवक हो उठे कि अभी तो कल तक टहल रहे थे और 2 दिन पूर्व ही अपनी पत्नी के देहांत पर तेरहवीं का कार्यक्रम जसवंतरी देवी मंदिर पर रखा था और वहीं सभी से बहुत ही प्रेमपूर्वक मिल भी रहे थे। वहीं मंगलवार को उनके निधन की सूचना जैसे ही लोगों को मिली लोग यकीन नहीं कर पा रहे थे कि लोकप्रिय अशोक भारतीय हम सबके बीच नहीं रहे। काशीराम और मायावती के विचारों से प्रेरित अशोक भारतीय बहुजन समाज पार्टी के कद्दावर नेताओं में अपनी पहचान रखते थे वही बहुजन समाज पार्टी में पूर्व मंडल प्रभारी जिला महामंत्री मंडल प्रभारी जोन इंचार्ज वर्तमान में जिला कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर बहुजन समाज पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ा रहे थे। अशोक भारतीय की पत्नी का निधन भी अभी दो सप्ताह पूर्व हुआ था आज अशोक भारतीय 76 वर्ष के निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ पड़ी और उनके अंतिम संस्कार उनके पैतृक गांव सोथी में किया गया इस मौके पर विधायक राजाराम त्यागी वर्तमान विधायक श्याम सुंदर भारती चेयरमैन प्रतिनिधि प्रभात साहू बसपा से रवेश चौधरी राजेश फौजी द्वारिका सिंह रामबरन पासी अरविंद गौतम कैलाश गौतम सज्जन लाल मन्नू चौरसिया सरोज गौतम लक्ष्मीकांत रावत संजय कुमार संतोष कुमार बाल किशोर त्रिपाठी विजय अवेकर बालकुमार गौतम नगर पंचायत वरिष्ठ लिपिक रामचंद्र बाबू यमुना प्रसाद सहित हजारों लोग उनके अंतिम संस्कार में मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर के तत्वावधान में कार्यक्रम आयोजित



**बिसवां (सीतापुर)।** राष्ट्रीय युवा वाहिनी नेशनल वालंटियर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला के नेतृत्व में बिसवां सीतापुर रोड पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर जूना अखाड़ा काजल किन्नर उर्फ कनकेश्वरी गिरी, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ रोशनी शुक्ला और राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष विशाल शुक्ला उपस्थित रहे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गुरुकुल का शुभारंभ एवं सनातन धर्म पर प्रकाश डालना रहा। प्रदेश अध्यक्ष किन्नर प्रकोष्ठ सोनी किन्नर के संयोजन में आयोजित इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में पदाधिकारी व भक्तगण उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष हिंदू देव प्रकाश शुक्ला ने बताया कि मंदिर परिसर में 5 करोड़ रुपये की लागत से एक भव्य गुरुकुल का निर्माण किया जाएगा। इसमें वैदिक शिक्षा, संस्कार और सनातन संस्कृति का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। । महिला प्रकोष्ठ की राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशनी शुक्ला ने महिलाओं को शक्तिकरण एवं आत्मरक्षा (तलवारबाजी) की दिशा में प्रेरित किया। कार्यक्रम में आशीष शुक्ला, गौरव तिवारी, एसी मिश्रा, प्रदीप शुक्ला सहित अनेक गणमान्य लोग एवं संस्था के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### स्वदेशी मेला में स्थानीय उत्पादों की हो रही खूब खरीददारी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जवाहर नवोदय विद्यालय, गौरीगंज में आयोजित स्वदेशी मेला में जनपदवासियों ने स्वदेशी उत्पादों की खरीदारी में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मेला में हर्बल उत्पाद, हैंडीक्राफ्ट, आंवला उत्पाद, मिट्टी के बर्तन और अन्य स्वदेशी वस्तुएँ प्रमुख रूप से प्रदर्शित की गईं और लोगों द्वारा सराहनीय खरीददारी की गई। इस दौरान आईसीडीएस विभाग ने अपने विभिन्न योजनाओं की प्रस्तुति दी। जिला कार्यक्रम अधिकारी संतोष श्रीवास्तव ने विभाग की योजनाओं के कार्यान्वयन, लाभार्थियों तक पहुँच और महिला सशक्तिकरण में इसके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। सांस्कृतिक कलाकारों ने नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से महिला उद्यमिता और मिशन नारी शक्ति के विषय पर रोचक और सजीव प्रस्तुति दी, जिससे उपस्थित लोगों में जागरूकता और उत्साह दोनों पैदा हुए। उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चौरसिया ने बताया कि मेला का 16 अक्टूबर को कार्यक्रम और भी रोमांचक रहेगा। इस दिन बेसिक और माध्यमिक विद्यालयों के छात्र-छात्राएं मेला का भ्रमण करेंगे और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेंगे, जिससे उन्हें स्वदेशी उत्पादों और महिला सशक्तिकरण के महत्व को और गहराई से समझने का अवसर मिलेगा।

### नगर पालिका परिषद जायस में सभासद उप चुनाव संपन्न



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** बुधवार को नगर पालिका परिषद जायस के वार्ड नंबर 14 में सभासद का उप चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। इस चुनाव में 5 महिला प्रत्याशियों ने हिस्सा लिया। मतदाताओं ने भी लोकतंत्र के इस पर्व में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कुल 1236 मतदाताओं में से 761 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जिससे 62त्न मतदान दर्ज किया गया है। मतदान केंद्रों पर मतदाताओं में खासा उत्साह देखने को मिला, वहीं प्रशासन द्वारा की गई सुरक्षा की व्यापक प्रबन्ध किए गए थे। मतदान के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता ने मतदान केंद्र का स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

# डीएम ने तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**




जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने राजकीय इंटर कॉलेज रायबरेली के मैदान से तम्बाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि जनपद रायबरेली में 09 अक्टूबर से 60 दिन तक तम्बाकू मुक्त युवा अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जनपद में 1100 शिक्षण संस्थानों को तम्बाकू मुक्त शिक्षण संस्थान TOFIE ऑपरेशनल गाइडलाइन के अनुसार तम्बाकू मुक्त बनाने, 100 गांवों को तम्बाकू मुक्त ग्राम पंचायत एवं 100 इनफोर्समेन्ट गतिविधियों एवं 150 आईईसी कैंपेन/गतिविधियों को सम्बन्धित विभागों से समन्वय स्थापित करते हुए संपादित कराने के निर्देश दिये गये हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. नवीन चन्द्रा द्वारा बताया गया कि पुलिस विभाग, शिक्षा विभाग, पंचायती राज विभाग द्वारा समस्त गतिविधियां समय पर समन्वय कर सूचना विभाग के माध्यम से आम जनमानस को जागरूक किया जाये एवं समस्त सहयोगी विभाग दिवस वार संपादित गतिविधियों को जनपद तम्बाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ, कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी रायबरेली को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

## कोर्ट के आदेश पर कब्जा मुक्त हुई भूमि, चला बुलडोजर



**बछरावा रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत सब्जी गांव में कोर्ट के आदेश पर कब्जा युक्त भूमि को पुलिस प्रशासन की मौजूदगी में बुलडोजर चलाकर खाली कराया गया है। विदित हो कि स्थानीय गांव निवासी गंगादीन ने सिविल कोर्ट रायबरेली में इजरायवाद संख्या 13/2023 के तहत भीखा के खिलाफ अपनी भूमि पर कब्जा करने की शिकायत दर्ज कराई थी। उक्त इजरायवाद संख्या पर चतुर्थ अपर सिविल जज(जू.डि.) रायबरेली सुश्री नीलांचल चौधरी रायबरेली ने आदेश जारी करते हुए उक्त भूमि को कब्जा मुक्त कराकर वादी को दिलाने की बात कहीं। इसके दृष्टिगत बुधवार को न्यायालय के कोर्ट अमीन की मौजूदगी में स्थानीय पुलिस प्रशासन के द्वारा उक्त जमीन पर बुलडोजर चलाकर उसे कब्जा मुक्त कराया गया और वादी गंगादीन को उक्त भूमि दिलाई गई प्राप्त जानकारी के अनुसार कब्जेदार भीखा ने उक्त भूमि पर झोपड़ी, छप्पर आदि बनाकर कब्जा कर रखा था। जिसे प्रशासन ने कब्जा मुक्त कराया है। इस मौके पर उपनिरीक्षक हरिमोहन सिंह, उप निरीक्षक जितेंद्र पांडे सहित स्थानीय पुलिस प्रशासन मौजूद रहा।

## कार्यभार संभालते ही एक्शन में दिखीं नई सीडीओ अंजु लता, अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश



**रायबरेली।** नवागंतुक मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता ने विकास भवन में कार्यभार संभाल लिया। उन्होंने विकास भवन के अफसरों और कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इसके बाद विकास भवन के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई कार्यालयों में गंदगी और कबाड़ भरा देख उनका पारा चढ़ गया। उन्होंने अधिकारियों को अभियान चलाकर सभी कार्यालयों की सफाई कराने के निर्देश दिए और कहा कि सभी कार्यालय साफ-सुथरे रखें। फाइलें व्यवस्थित रखें, किसी तरह की अव्यवस्था न हो। मीडिया से बातचीत में सीडीओ ने कहा कि जनता का हित एवं शासन की योजनाओं को लागू कराना मुख्य उद्देश्य रहेगा। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी। शासन की योजनाओं को पहली प्राथमिकता प्रदान की जाएगी। शासन की सभी महत्वपूर्ण योजनाओं को धरातल पर उतारकर उन्हें सफलतापूर्वक संचालित करना उनकी प्राथमिकता होगी। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों को गति देने के लिए नई पहल की जाएंगी और जनता की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। बता दें कि नवागत सीडीओ इससे पहले मुरादाबाद में विकास प्राधिकरण में सचिव के पद पर तैनाती थीं। इस मौके पर परियोजना निदेशक सतीश प्रसाद मिश्र, डीपीआरओ सौम्यशील सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## कस्बे में डंपरों के आवागमन से दुकानदारों का व्यापार पूरी तरह से चौपट

- डंपरों के आवागमन से व्यापारियों, राहगीरों एवं स्कूली बच्चों को हो रही परेशानी
- धनतेरस एवं दीपावली की दुकानदारी को लेकर व्यापारियों की बढ़ी चिंताएं

**डलमऊ, रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**



लालगंज क्षेत्र के गेंगासो में गंगा नदी पर बने पुल में आई खराबी के चलते डलमऊ कस्बे में छोटे एवं भारी वाहनों का आवागमन बहुत बढ़ गया है डलमऊ क्षेत्र में अचानक वाहनों की अधिकता होने से दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी अधिक हो गई हैं क्षेत्र में वाहनों की अधिकता इस कदर बढ़ी है कि लगभग हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है और वाहनों की लंबी-लंबी लाइने लगी रहती है जिससे लोगों को रोड क्रॉस करने में दिक्कत होती है एवं हर समय दुर्घटना का भय बना रहता है मुराई बाग कस्बे में वाहनों की अधिकता के कारण कस्बे में ग्राहकों का आवागमन भी नहीं हो पा रहा है जिसके चलते स्थानीय व्यापारियों की दुकानदारी पूरी तरह से चौपट हो चुकी है और व्यापारियों की ऐसी स्थिति हो गई है कि दुकानदार ग्राहकों को ताकता रहता है कई दुकानदारों को बोहनी के लिए तरसना पड़ता है कस्बे के व्यापारी सर्वेश कुमार,टेसू दीक्षित, दीपांशु, प्रशांत, शुभम, मुन्ना, राजू, मुकेश, कुलदीप, आशुतोष, आकाश, दीपू, राजू सहित अन्य व्यापारियों ने बताया कि धनतेरस एवं दीपावली का त्योहार सर पर है कस्बे में भारी वाहनों के आवागमन से हर समय जाम की स्थिति बनी रहती है जिसके कारण ग्राहक कस्बे में आने से ऐतराज करता है हम लोगों ने त्योहार को लेकर तैयारी पूरी कर ली है लेकिन अगर यही स्थिति रही तो व्यापार कैसे कर पाएंगे व्यापारियों ने बताया कि कस्बे में भारी वाहनों की अधिकता से दुर्घटनाओं की संभावनाएं भी बढ़ गई है आए दिन कोई ना कोई घटना होती रहती है यमराज के रूप में सड़कों पर दौड़ रहे डंपरों की वजह से विद्यालय खुलने एवं बंद होने के समय हजारों की संख्या में साइकिल एवं पैदल आने जाने वाले स्कूली छात्रों एवं राहगीरों पर हर समय किसी अप्रिय घटना का खतरा मंडराता रहता है। वही मुराई बाग कस्बे से गुजरने वाले इन भारी वाहनों के चालकों की लापरवाही इस कदर है कि तेजी से लगातार हॉर्न बजाते हुए निकलते हैं इन भारी वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न की वजह से भी व्यापारियों को भारी परेशानी हो रही है इस संबंध में व्यापारी संगठन एवं जनप्रतिनिधियों ने कई बार प्रशासन से स्कूल खुलने एवं बंद होने के समय कस्बे में भारी वाहनों के आवागमन पर रोक लगाने की मांग की गई लेकिन इस पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। फिलहाल कस्बे के व्यापारियों ने प्रशासन से प्रमुख त्योहारों को लेकर मुराई बाग कस्बे में भारी वाहनो के प्रवेश पर रोक लगाये जाने की मांग की है जिससे उनका व्यापार अच्छे से हो सके।

## बुआई से पूर्व भूमि/बीज शोधन जरूरी

- कृषक भाइयों के पास सरसों का नि:शुल्क बीज (मिनीकिट) प्राप्त करने का सुनहरा अवसर

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



माह अक्टूबर 2025 के किसान दिवस का आयोजन विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी प्रणता ऐश्वर्या की अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम में कृषि उत्पादन से सम्बन्धित विभागों के अधिकारीगणों के साथ ही किसान एवं किसान यूनियन के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

किसान दिवस में उप कृषि निदेशक, सीतापुर के द्वारा बैठक में उपस्थित सभी लोगों का स्वागत किया गया। गत माह के किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की निस्तारण स्थिति से जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर द्वारा अवगत कराया गया। उप कृषि निदेशक, सीतापुर द्वारा किसान भाईयों को जानकारी दी गयी कि आप लोग कृषि विभाग के पोर्टल agridarshan.up.gov.in पर ऑनलाइन बुकिंग कर सरसों की मिनीकिट प्राप्त कर सकते है। इसके साथ ही उप कृषि निदेशक सीतापुर ने किसान भाईयों से अनुरोध किया कि आप लोग पराली/फसल अवशेष न जलाएं, पराली/फसल अवशेष जलाने से एक तरफ जहां मृदा की उर्वरा शक्ति का ह्रास होती है, वही दूसरी तरफ वातावरण पर भी हानिकारक प्रभाव पडता है। किसान भाई पराली/फसल अवशेष की जुताई कर मृदा में मिला दें, जिससे मृदा की उर्वरा शक्ति में वृद्धि हो एवं वातावरण को भी दूषित होने से बचाया जा सके। जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सीतापुर ने बताया कि रबी मौसम में बोई जाने वाली फसलों का भूमि/बीज शोधन अवश्य करें, जिससे फसलों में लगने वाले भूमि/बीज जनित रोगों से बचाव के साथ ही अधिक उत्पादन प्राप्त किया जा सके। बैठक में जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि ग्लेडियोलस एवं बेला, की खेती एवं आलू के बीज आदि के अनुदान हेतु किसान भाई विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कर लाभ प्राप्त कर सकते है। जिला कृषि अधिकारी, सीतापुर ने जानकारी देते हुए बताया कि जो किसान भाई गन्ने के साथ सरसों की सहफसली खेती करना चाहते है, वह किसान भाई विभाग से 100 प्रतिशत अनुदान पर सरसों का बीज प्राप्त कर सकते है। आज किसान दिवस की बैठक में उपस्थित विभागों के प्रतिनिधियों के द्वारा अपने विभाग से सम्बन्धित योजनाओं के बारे किसान भाईयों को विस्तृत जानकारी दी गयी। किसान दिवस में अधिकतर शिकायतें विद्युत विभाग से प्राप्त हुयी। किसान दिवस में किसानों के स्तर से कुल 20 शिकायतें प्राप्त हुई, जिन्हें अध्यक्ष महोदया द्वारा सुना गया तथा सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को उक्त शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। कार्यक्रम के अन्त में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन के उपरान्त बैठक समापन की घोषणा की गयी।

## त्योहारों को लेकर पुलिस अधीक्षक ने बाजार की सुरक्षा व्यवस्था का किया निरीक्षण



**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल द्वारा शांति/सुरक्षा व्यवस्था एवं आगामी त्योहारों दीपावली/धनतेरस के दृष्टिगत थाना कोतवाली नगर क्षेत्रान्तर्गत भीड़भाड़ वाले स्थानों, सराफा बाजारों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास फ्लैग मार्च/ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। दुकानदारों से वार्ता कर उन्हें अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी लगवाने तथा लगे हुए सीसीटीवी को सक्रिय रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर यातायात नियंत्रण हेतु पुलिस फोर्स तैनात करते हुए यातायात डायवर्जन एवं महिला सुरक्षा हेतु महिला आरक्षियों की टीम बनाकर भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर निगरानी रखने हेतु सबंधित को निर्देशित किया गया। त्यौहारो के मद्देनजर आमजनता की रात्रि में भी आवाजाही रहती है जिस कारण कोई घटना घटित न हो इसके लिए रात्रि ड्यूटियो एवं पुलिस मोबाइलो द्वारा विशेष सतर्कतापूर्वक लगातार भ्रमणशील रहते हुए गस्त करने हेतु सम्बन्धित अधिकारियो एवं कर्मचारियो को निर्देशित किया गया। त्यौहारों को सकुशल, हर्षोल्लास और निर्बाध रूप से मनाया जा सके। इस दौरान क्षेत्राधिकारी नगर/ सहायक पुलिस अधीक्षक विनायक भोसले, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली नगर अनूप कुमार शुक्ल, प्रभारी निरीक्षक यातायात फरीद अहमद तथा पुलिस फोर्स उपस्थित रहा।

## एसपी ने व्यापारियों संग की गोष्ठी



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** आगामी त्यौहारों धनतेरस, दीपावली व भाई दूज के दृष्टिगत बुधवार को पुलिस कार्यालय सभागार गौरीगंज में जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक द्वारा जनपद के विभिन्न व्यापारिक संगठनों के पदाधिकारियों, बर्तन व सर्राफा व्यवसायियों आदि व्यापारी बन्धुओं के साथ गोष्ठी की गयी। बैठक में व्यापारी बन्धुओं को ऑपरेशन दृष्टि के तहत जागरूक करते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाये जाने हेतु अपील की गई एवं व्यापारी बन्धुओं से वार्ता कर उनकी समस्याओं को सुना गया तथा समस्याओं के निराकरण हेतु संबन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये व उनकी सुरक्षा के सम्बन्ध में आश्वस्त किया गया। किसी प्रकार की समस्या होने पर व्यापारी बन्धुओं को स्थानीय पुलिस की सहायता लेने हेतु अवगत कराया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह मौजूद रहे।

## रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

- संस्थान के 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छा से किया रक्तदान

**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**



सीतापुर शिक्षा संस्थान ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में रेडक्रॉस सोसाइटी, सीतापुर के सहयोग से एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर हर वर्ष स्व. डॉ. वर्तिका बैजल की पुण्यतिथि के अवसर पर आयोजित किया जाता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी के जीवन को बचाने का अवसर देता है। हर व्यक्ति को वर्ष में कम से कम एक बार रक्तदान अवश्य करना चाहिए। मुख्य अतिथि का स्वागत संस्थान की सचिव डॉ. सुमन मेहरोत्रा ने पौधा-रोपित गमला भेंटकर किया। उन्होंने कहा कि सीतापुर शिक्षा संस्थान सदैव समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यह वार्षिक रक्तदान शिविर स्व. डॉ. वर्तिका बैजल की स्मृति में आयोजित किया जाता है। उपाध्यक्ष डॉ. इशिता मेहरोत्रा ने रेड क्रॉस सोसाइटी, सीतापुर के चेयरमैन श्री संजीव मेहरोत्रा का स्वागत किया और शिविर के आयोजन में उनके सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य डॉ. मनोज मौर्य ने किया, जिन्होंने कहा कि संस्थान विद्यार्थियों में सेवा और समाजसेवा की भावना को सदैव प्राथमिकता देती है। रक्तदान शिविर में संस्थान के विभिन्न विभागों के इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट, फार्मेसी, नर्सिंग और पॉलिटेक्निक के 70 से अधिक छात्र-छात्राओं ने स्वेच्छा से रक्तदान किया, जिसमें से 70 प्रतिशत प्रथम बार रक्तदाता थे। शिविर में रेड क्रॉस सोसाइटी, सीतापुर की टीम ने सभी रक्तदाताओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया और सुरक्षित रूप से रक्त संग्रहण की प्रक्रिया पूरी की। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रमाणपत्र प्रदान किए। रेडक्रास सोसाइटी, सीतापुर के चेयरमैन संजीव मेहरोत्रा ने कहा कि युवाओं में सेवा और समर्पण की भावना ही देश की असली ताकत है। सीतापुर शिक्षा संस्थान के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ मानवता की मिसाल पेश कर रहे हैं। कार्यक्रम में संस्था के सभी निदेशक/प्राचार्य, शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### किसान पुत्र ने पत्रकारिता में हासिल किया रजत पदक

**अमेठी।** ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय, लखनऊ में आयोजित दशम दीक्षांत समारोह में जनपद निवासी शशि यादव ने अपनी मेहनत और प्रतिभा से जिले का नाम रोशन किया। उन्होंने पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग में स्नातक स्तर पर रजत पदक प्राप्त किया। दीक्षांत समारोह में प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति महामहिम आनंदीबेन पटेल ने मेधावी विद्यार्थियों को पदक और प्रमाणपत्र प्रदान किए। इस अवसर पर पद्मश्री सम्मानित फिल्म निर्माता मुजफर अली, उच्च शिक्षा राज्य मंत्री योगेंद्र उपाध्याय और सांसद रजनी तिवारी उपस्थित रहीं। इस सफलता पर शशि यादव के पिता रूपेंद्र यादव ने कहा, हम किसान हैं, पर हमें हमेशा विश्वास था,कि शिक्षा ही असली ताकत है। शशि ने कड़ी मेहनत से यह मुकाम पाया है,जो हमारे परिवार और जिले के लिए गर्व का क्षण है।

## जिलाधिकारी ने सुनीं जनता की समस्याएं



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** जिलाधिकारी संजय चौहान ने बुधवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान आमजन की समस्याएं गंभीरता से सुनीं और मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनसुनवाई में बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याओं को लेकर उपस्थित हुए। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन की मंशा है कि जनता की शिकायतों का समाधान प्राथमिकता, पारदर्शिता एवं गुणवत्ता के साथ समयबद्ध रूप से किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी। संबंधित अधिकारी व्यक्तिगत रुचि लेकर समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करें। डीएम ने अधिकारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जनसमस्याओं के समाधान में यदि लापरवाही बरती गई तो उत्तरदायित्व तय करते हुए कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## दाना भुजाने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**



थाना क्षेत्र संग्रामपुर के भौसिंहपुर गांव में मंगलवार रात दाना भुजाने को लेकर हुए खूनी संघर्ष में एक युवक की मौके पर मौत हो गई, जबकि बीच-बचाव करने पहुंचा एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। बताया जा रहा है कि मृतक राहुल यादव उम्र 25 वर्ष निवासी पहाड़गंज थाना गौरीगंज का रहने वाला था वह किसी कार्य से अपने एक और साथी के साथ भौसिंहपुर गांव आया हुआ था। रात करीब नौ बजे शराब की दुकान के पास राहुल का ठेला व्यवसाई से विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि दाना भुनने वाले ने दाना भुनने वाली नुकीली हंसिया से हमला कर दिया जिससे वह मौके पर ही गिर पड़ा और उसकी मौत हो गई। वहीं, बीच-बचाव करने पहुंचे उसके साथी को भी गंभीर चोटें आई। घायल को ग्रामीणों ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र संग्रामपुर पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना की सूचना पर संग्रामपुर थाना प्रभारी अखिलेश सिंह पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आसपास के क्षेत्र की तलाशी लेते हुए साक्ष्य एकत्र किए। देर रात जनपद पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक ने भी घटना स्थल का निरीक्षण करते हुए अस्पताल पहुंच कर घायल साथी का हाल चाल लिया। बुधवार को पुलिस ने आरोपी अशोक कुमार व जियालाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## बीमार भविष्य की नींव

यह आंकड़ा हमारे शिक्षा तंत्र की विफलता को दर्शाता है कि एक लाख से अधिक स्कूलों की पढ़ाई सिर्फ एक शिक्षक के भरोसे चल रही है। एक स्कूल की सारी कक्षाओं को एक शिक्षक कैसे पढ़ाता होगा? छात्र-छात्राएं कैसी और कितनी शिक्षा ग्रहण कर पाते होंगे, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। शिक्षा मंत्रालय के हालिया आंकड़े बताते हैं कि शैक्षणिक वर्ष 2024-25 में एक लाख चार हजार स्कूल ऐसे थे, जो केवल एक शिक्षक के भरोसे चल रहे हैं। इन स्कूलों में करीब पौने चौंतीस लाख विद्यार्थी अध्ययन कर रहे हैं। बताया जाता है कि आंध्र प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या सबसे ज्यादा थी, जबकि उसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। एक तो हमारे देश में शिक्षा का बजट पहले ही बहुत कम है, फिर उस धन का सही उपयोग नहीं हो पाता। इसमें दो राय नहीं कि प्राथमिक व माध्यमिक शिक्षा के गिरते स्तर के मूल में हमारे नीति-नियंताओं की अनदेखी ही प्रमुख कारक है। आखिर हम अपने नौनिहालों को कैसी शिक्षा दे रहे हैं? आखिर उनके बेहतर भविष्य की हम कैसे उम्मीद करें? जाहिर बात है कि एक शिक्षक सामाजिक विषय, भाषा, विज्ञान, अंग्रेजी और गणित में माहिर नहीं हो सकता। एक शिक्षक छात्रों की हाजिरी दर्ज करेगा या पढ़ाई कराएगा? शिक्षा का मतलब छात्रों का सर्वांगीण विकास होता है। उन्हें पढ़ाई के साथ पाठ्यसहगामी क्रियाओं का भी ज्ञान दिया जाना जरूरी होता है। लेकिन जब स्कूलों में पर्याप्त शिक्षक ही नहीं होंगे तो किताबी पढ़ाई कैसी होगी, अंदाजा लगाना कठिन नहीं है। स्कूल में सिर्फ पढ़ाई ही महत्वपूर्ण नहीं होती। बच्चों का शारीरिक विकास पूरी तरह हो, उसके लिए खेल, पीटी और योग जैसी कक्षाओं की सख्त जरूरत होती है। लेकिन जब शिक्षक ही पर्याप्त नहीं होंगे तो शिक्षा के साथ चलने वाली गतिविधियों की तो कल्पना भी नहीं की जा सकती है। निस्संदेह, हम छात्रों के बीमार भविष्य की बुनियाद ही रख रहे हैं। सही मायनों में स्कूलों का शिक्षकों की कमी से जूझना शिक्षा विभाग की नाकामी को ही दर्शाता है। यह हमारे सत्ताधीशों की संवेदनहीनता का भी पर्याय है। शिक्षकों की नियुक्ति में जिस बड़े पैमाने पर भ्रष्टाचार के मामले विभिन्न राज्यों में सामने आए हैं, उससे शिक्षा विभाग की प्रदूषित कार्य संस्कृति का बोध होता है। आखिर क्या वजह है कि देश में प्रशिक्षित शिक्षकों की पर्याप्त संख्या होने के बावजूद स्कूलों में शिक्षकों की कमी बनी हुई है। यह स्थिति हमारे तंत्र की विफलता को ही उजागर करती है। एक समस्या यह भी है कि शिक्षक जटिल भौगोलिक स्थितियों वाले स्कूलों में काम करने से कतराते हैं। यदि इन स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति हो भी जाती है तो वे दुर्गम से सुगम स्कूलों में अपना तबादला ज्वाइन करने के तुरंत बाद करवा लेते हैं। जिसमें राजनीतिक हस्तक्षेप से लेकर विभागीय लेन-देन की भी शिकायत होती रहती है। यही वजह है कि शहरों व आसपास के इलाकों में स्थित स्कूलों में शिक्षकों की तैनाती जरूरत से ज्यादा भी देखी जाती है। कैसी दुर्भाग्यपूर्ण स्थिति है कि सड़कों पर बेरोजगारों की लाइन लगी हैं और स्कूलों में शिक्षकों के लाखों पद खाली हैं। बताया जाता है कि माध्यमिक व प्राथमिक विद्यालयों में करीब साढ़े आठ लाख शिक्षकों के पद खाली हैं। इसके बावजूद कि हमारे यहां प्रशिक्षित शिक्षकों की कोई कमी नहीं है। कहने को तो हमारे गाल बजाते नेता भारत को दुनिया में सबसे ज्यादा युवाओं का देश कहते इतराते हैं, लेकिन इन नेताओं से पूछा जाना चाहिए कि कुंठित होती युवा पीढ़ी के लिये उन्होंने क्या खास किया है? नौकरियों की भर्ती निकलती नहीं है। निकलती है तो पेपर आउट होने की खबरें आती हैं। सालों-साल उनके परिणाम नहीं निकलते। यदि परिणाम निकले भी तो फिर धांधली के आरोप लगने लग जाते हैं। फिर मामला वर्षों तक अदालतों में डोलता रहता है। विडंबना यह भी है कि आज सरकारी स्कूलों में गरीब व कमजोर वर्गों के बच्चे ज्यादा भर्ती होते हैं, इसलिए इन स्कूलों की तरफ कोई ध्यान नहीं देता। यदि सरकारी अधिकारियों व कर्मचारियों के बच्चों के लिये इन स्कूलों में पढ़ना अनिवार्य कर दिया जाए तो स्थिति बदल जाएगी।

# ब्रह्मपुत्र हाइड्रो प्रोजेक्ट : चीन को भारत का करारा जवाब

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

वैश्विक राजनीतिक और रणनीतिक परिदृश्य लगातार बदल रहा है। सीमाएं सिर्फ भौगोलिक दृष्टि से ही नहीं, वे ऊर्जा, जल और सुरक्षा की दृष्टि से भी अहमियत रखती हैं। ऐसे समय में, जब कोई पड़ोसी देश भारत के लिए दबाव या चुनौती उत्पन्न करता है, जैसे कि चीन द्वारा ब्रह्मपुत्र नदी के ऊपरी हिस्से पर बड़े बांध बनाने का कार्य हो, तब प्रतिक्रिया केवल कूटनीतिक बयानबाजी या आलोचना तक सीमित नहीं होनी चाहिए। वास्तविक रणनीति वह है जो दीर्घकालिक, ठोस और आत्मनिर्भर हो। अच्छी बात है कि यही दृष्टिकोण आज भारतीय नीति निर्माताओं द्वारा अपनाया जाना सामने आ रहा है।

चीन की ओर से तिब्बत क्षेत्र में ब्रह्मपुत्र नदी (स्थानीय नाम यारलुंग जांगबो) के ऊपरी हिस्से में बड़े बांध विकसित किए जा रहे हैं। इन परियोजनाओं से भारत के लिए जल प्रवाह में कमी, बाढ़ नियंत्रण में मुश्किलें और संभावित सामरिक खतरे पैदा हो सकते हैं। जल बम के रूप में इनका इस्तेमाल युद्ध की स्थिति में संभव है। इन सभी खतरों को ध्यान में रखते हुए, भारत ने ब्रह्मपुत्र नदी बेसिन पर लगभग 76 गीगावाट की जलविद्युत क्षमता विकसित करने के लिए 6.4 ट्रिलियन रुपये की योजना तैयार की है। यह परियोजना केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है; यह राष्ट्रीय सुरक्षा, क्षेत्रीय विकास और रणनीतिक संतुलन के लिए भी महत्वपूर्ण है।

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) की रिपोर्ट के अनुसार, यह योजना 12 उप-बेसिनों में 208 बड़ी पनबिजली परियोजनाओं का निर्माण करेगी। इन परियोजनाओं में कुल मिलाकर 64.9 गीगावाट विद्युत उत्पादन और 11.1 गीगावाट पंप भंडारण क्षमता शामिल है। पंप भंडारण क्षमता का महत्व इसलिए है क्योंकि यह ऊर्जा की मांग और आपूर्ति में असंतुलन को संतुलित करने में सहायक होती है।

पूर्वोत्तर राज्यों में ब्रह्मपुत्र बेसिन की भौगोलिक स्थिति इस योजना को और अधिक रणनीतिक बनाती है। अरुणाचल प्रदेश, असम, सिक्किम, मिजोरम, मेघालय, मणिपुर, नागालैंड और पश्चिम बंगाल के हिस्सों में फैला यह बेसिन ऊर्जा उत्पादन के लिए अपार संभावनाएँ रखता है। विशेष रूप से अरुणाचल प्रदेश में उपलब्ध अप्रयुक्त पनबिजली क्षमता लगभग 52 प्रतिशत है। इसका अर्थ यह है कि यदि इस योजना को सफलतापूर्वक लागू किया जाता है, तो भारत अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए काफी हद तक आत्मनिर्भर बन सकता है।

तकनीकी दृष्टि से परियोजना में जल प्रवाह का नियंत्रण, पंप भंडारण और सतत विद्युत उत्पादन पर विशेष ध्यान दिया गया है। चीन के बांधों द्वारा पानी की आपूर्ति पर



**पूर्वोत्तर राज्यों में बिजली की बढ़ती मांग और स्थानीय विकास की आवश्यकता इस परियोजना को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। उच्च क्षमता वाली पनबिजली परियोजनाओं और पंप भंडारण संयंत्रों के निर्माण से न केवल स्थिर ऊर्जा सुनिश्चित होगी, बल्कि ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में बुनियादी ढांचे का विकास भी होगा। इसके अलावा, जल संसाधनों का सतत और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। सामरिक दृष्टि से, ब्रह्मपुत्र हाइड्रो प्रोजेक्ट यह स्पष्ट संदेश देता है कि भारत किसी भी बाहरी शक्ति द्वारा उत्पन्न संकट का सामना करने में सक्षम है। यह केवल ऊर्जा उत्पादन की दिशा में कदम नहीं है, राष्ट्रीय संकल्प और रणनीतिक स्थिरता का प्रतीक भी है। किसी भी दबाव या धमकी के उत्तर में सिर्फ विरोध करना पर्याप्त नहीं; वास्तविक प्रभावी प्रतिक्रिया वह है जो दीर्घकालिक, रणनीतिक और ठोस हो। अंततः, ब्रह्मपुत्र हाइड्रो योजना यह प्रमाणित करती है कि किसी भी बाहरी दबाव या खतरे के सामने देश की प्रतिक्रिया केवल संवेगात्मक या तत्कालीन नहीं होनी चाहिए। यह दीर्घकालिक योजना, आत्मनिर्भरता और तकनीकी दक्षता के माध्यम से स्थिति को अपने पक्ष में मोड़ने का उदाहरण है। कहना होगा कि भारत का यह कदम ऊर्जा उत्पादन, बल्कि सामरिक संतुलन, पूर्वोत्तर राज्यों के विकास और जल संसाधनों के सतत उपयोग के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। निश्चित ही इस परियोजना के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट है कि किसी भी चुनौती या खतरे के समय वास्तविक शक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि ठोस योजनाओं, दीर्घकालिक निवेश और रणनीतिक क्रियान्वयन में होती है।**

संभावित प्रभाव को ध्यान में रखते हुए, भारत की योजना उच्च क्षमता वाले पनबिजली संयंत्रों और स्मार्ट ग्रिड नेटवर्क के माध्यम से स्थिर ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित करेगी। इससे पूर्वोत्तर में न केवल ऊर्जा संकट कम होगा, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

आर्थिक दृष्टि से इस परियोजना का पहला चरण 2035 तक पूरा होगा, जिसमें लगभग 1.91 ट्रिलियन रुपये का निवेश होगा। दूसरा चरण 4.52 ट्रिलियन रुपये की लागत से पूरा किया जाएगा। यह निवेश केवल ऊर्जा उत्पादन तक सीमित नहीं है। इससे पूर्वोत्तर राज्यों में रोजगार सृजन, बुनियादी ढांचे का विकास, और स्थानीय आर्थिक समृद्धि को भी बढ़ावा मिलेगा। एनएचपीसी, नीपको और एसजेवीएन जैसी केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनियाँ इस परियोजना में शामिल हैं, जो इसे सफलतापूर्वक क्रियान्वित करने में सक्षम हैं।

परियोजना का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि ये भारत के पर्यावरणीय और ऊर्जा लक्ष्य से मेल खाती है। भारत ने 2030 तक 500 गीगावाट गैर-जीवाश्म ऊर्जा उत्पादन और 2070 तक शुद्ध शून्य उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है। ब्रह्मपुत्र हाइड्रो प्रोजेक्ट इन लक्ष्यों की दिशा में केंद्रीय भूमिका निभा सकता है। पनबिजली परियोजनाओं के माध्यम से जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी और सतत ऊर्जा उत्पादन सुनिश्चित होगा।

रणनीतिक दृष्टि से यह परियोजना यह संदेश देती है कि भारत किसी भी बाहरी दबाव या चुनौती के सामने कमजोर नहीं है। चीन के बांधों से उत्पन्न संभावित खतरों का उत्तर केवल विरोध या कूटनीतिक कदम से नहीं, ठोस, दीर्घकालिक और तकनीकी रूप से सक्षम योजना के माध्यम से दिया जा रहा है। यह दृष्टिकोण किसी भी वैश्विक शक्ति संतुलन के परिदृश्य में भारत की स्थिति को मजबूत करता है। इतिहास में इस तरह के अनेक उदाहरण मौजूद हैं, जब किसी देश ने प्रतिकूल परिस्थितियों या दबाव के सामने ठोस रणनीति अपनाई और दीर्घकालिक रूप से लाभ प्राप्त किया। भारत की यह योजना उसी सिद्धांत को स्पष्ट रूप से दर्शाती है कि किसी भी चुनौती या खतरे के उत्तर में दीर्घकालिक योजना, आत्मनिर्भरता और ठोस क्रियान्वयन ही वास्तविक समाधान हैं।

पूर्वोत्तर राज्यों में बिजली की बढ़ती मांग और स्थानीय विकास की आवश्यकता इस परियोजना को और भी महत्वपूर्ण बनाती है। उच्च क्षमता वाली पनबिजली परियोजनाओं और पंप भंडारण संयंत्रों के निर्माण से न केवल स्थिर ऊर्जा सुनिश्चित होगी, बल्कि ग्रामीण और आदिवासी इलाकों में बुनियादी ढांचे का विकास भी होगा। इसके अलावा, जल संसाधनों का सतत और प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। सामरिक दृष्टि से, ब्रह्मपुत्र हाइड्रो प्रोजेक्ट यह स्पष्ट संदेश देता है कि भारत किसी भी बाहरी शक्ति द्वारा उत्पन्न संकट का सामना करने में सक्षम है। यह केवल ऊर्जा उत्पादन की दिशा में कदम नहीं है, राष्ट्रीय संकल्प और रणनीतिक स्थिरता का प्रतीक भी है। किसी भी दबाव या धमकी के उत्तर में सिर्फ विरोध करना पर्याप्त नहीं; वास्तविक प्रभावी प्रतिक्रिया वह है जो दीर्घकालिक, रणनीतिक और ठोस हो।

अंततः, ब्रह्मपुत्र हाइड्रो योजना यह प्रमाणित करती है कि किसी भी बाहरी दबाव या खतरे के सामने देश की प्रतिक्रिया केवल संवेगात्मक या तत्कालीन नहीं होनी चाहिए। यह दीर्घकालिक योजना, आत्मनिर्भरता और तकनीकी दक्षता के माध्यम से स्थिति को अपने पक्ष में मोड़ने का उदाहरण है।

कहना होगा कि भारत का यह कदम ऊर्जा उत्पादन, बल्कि सामरिक संतुलन, पूर्वोत्तर राज्यों के विकास और जल संसाधनों के सतत उपयोग के दृष्टिकोण से बहुत महत्वपूर्ण है। निश्चित ही इस परियोजना के माध्यम से यह संदेश स्पष्ट है कि किसी भी चुनौती या खतरे के समय वास्तविक शक्ति केवल शब्दों में नहीं, बल्कि ठोस योजनाओं, दीर्घकालिक निवेश और रणनीतिक क्रियान्वयन में होती है। चीन जैसे पड़ोसी द्वारा उत्पन्न दबाव के बावजूद भारत ने स्पष्ट रूप से यह दिखाया है कि वह अपनी राष्ट्रीय सुरक्षा, ऊर्जा आवश्यकताओं और सामरिक हितों के लिए सक्षम और आत्मनिर्भर है।

विचार

# नये युग में भारत और अफगानिस्तान संबंध

*मृत्युंजय दीक्षित*

अंतरराष्ट्रीय सम्बन्धों में कोई स्थाई मित्र या शत्रु नहीं होता, सभी राष्ट्र समय और परिस्थितियों के अनुसार पारस्परिक व्यवहार करते हैं। इस समय भारत के लिए सामरिक दृष्टि से महत्वपूर्ण अफगानिस्तान में तालिबान का शासन है। तालिबान की पहचान आतंकी संगठन की है किन्तु अफगानिस्तान की तालिबान सरकार अंतरराष्ट्रीय मान्यता प्राप्त करने के लिए वैश्विक जगत से संवाद स्थापित कर रही है। अभी तक तालिबान सरकार को केवल रूस ने ही मान्यता दी है। इस बीच अफगानिस्तान के तालिबान विदेश मंत्री आमिर खान मुत्ताकी सात दिन की भारत यात्रा पर हैं यद्यपि भारत ने अभी तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है और वह काफी फूंक-फूंक कर कदम रख रहा है।



भारत में मुत्ताकी के अनेक कार्यक्रम हो रहे हैं। वह उप्र में मुसलमानों की संस्था दारुल उलूम देवबंद गए, उनकी दो पत्रकार वार्ताएं भी हो चुकी हैं जिसमें पहली पत्रकार वार्ता में महिला पत्रकारों को प्रवेश न मिलने के कारण विवादों आ गई जिससे अफगानी विदेश मंत्री को दूसरी पत्रकार बुलानी पड़ी जिसमें महिला पत्रकार भी आमंत्रित थीं। अफगान विदेश मंत्री की इस यात्रा से भारत ने दक्षिण एशिया में पाकिस्तान के विरुद्ध अपना एक नया समर्थक बनाया है। मुत्ताकी की भारत यात्रा से भारत ने एक कूटनीतिक बढ़त यह प्राप्त कर ली है। संयुक्त बयान में अफगानिस्तान ने अप्रैल में जम्मू - कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा करते हुए भारत की जनता व सरकार के प्रति संवेदना व एकजुटता व्यक्त की है। भारत और अफगानिस्तान के बयान में दोनों पक्षों ने क्षेत्रीय देशों से उत्पन्न सभी आतंकवादी कृत्यों की स्पष्ट रूप से निंदा की और क्षेत्र में शांति स्थिरता एवं आपसी विश्वास को बढ़ावा देने के महत्व पर बल दिया है। अफगान विदेश मंत्री ने जम्मू-कश्मीर को भारत का अभिन्न अंग बताया जिससे पाकिस्तान को इतनी चोट पहुंची कि उसने अफगानिस्तान पर हमला कर दिया। फिर अफगानिस्तान ने पलटवार करते हुए पाकिस्तान के 58 सैनिकों को मारने का दावा किया और उनकी कई चौकियों पर कब्जा कर लिया।

विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अफगान विदेश मंत्री मुत्ताकी की मुलाकात के बाद बयान जारी किया गया कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते सदियों पुराने हैं तथा इन संबंधों को और मजबूत किया जाएगा। भारत ने काबुल स्थित दूतावास फिर से खोलने का ऐतिहासिक निर्णय लिया है। यह वही तालिबान सरकार है जिस पर कभी कोई भरोसा नहीं कर रहा था। जब अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अफगानिस्तान से अपनी सेनाओं को वापस बुलाने और अफगानिस्तान की सत्ता तालिबान को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया था उस समय दक्षिण एशिया में भय, आतंक, चिंता व निराशा का वातावरण उत्पन्न हो गया था कि अब क्या होगा?

अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर चीन और पाकिस्तान बहुत खुश थे। दोनों देशों को लगा कि अब अफगान सरकार उसके कहने पर चलेगी। पाकिस्तान ने सोचा कि वह तालिबान की मदद से जम्मू-कश्मीर को हथिया कर वहां शरिया कानून लागू करा देंगे। किंतु समय बदलने के साथ पाकिस्तान की यह योजना पूरी तरह से धराशायी गयी। आज भारत के तालिबान से सम्बन्ध बेहतर हैं क्योंकि भारत केवल राष्ट्र प्रथम को ध्यान में रख कर चल रहा।

सामारिक, आर्थिक, राजनैतिक व मानवीय दृष्टिकोण से भारत का अफगानिस्तान के साथ रिश्ते सुधारना राष्ट्रहित में है। वहां से हिंदू व सिख समाज के लोग अपना कारोबार, संपत्ति और जायदाद आदि छोड़ कर आए हैं। अफगानी विदेश मंत्री मुत्ताकी से भारत ने यह कहलवा लिया है कि अब कोई भी ताकत अफगान की धरती का उपयोग भारत के खिलाफ नहीं कर सकेगी। इसका स्पष्ट इशारा पाक की खुफिया एजेंसी आईएसआई की ओर था। तालिबान विदेश मंत्री मुत्ताकी की भारत यात्रा के लिए काफी समय से होमवर्क किया जा रहा था। जनवरी में ही तालिबान शासन और भारत के विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री के साथ कई दौर की वार्ता हो चुकी थी, जिसके बाद मुत्ताकी ने भारत को अहम क्षेत्रीय और आर्थिक शक्ति बताया था। यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत और अफगानिस्तान के रिश्ते अत्यंत लंबे समय से प्रगाढ़ रहे हैं और अफगानिस्तान के कठिन समय में भारत ने सदा उसकी सहायता की है। तालिबान शासन आने के बाद भी जब वहां पर विनाशकारी भूकंप आया तब भारत अफगान नागरिकों के साथ खड़ा रहा। अफगान विदेश मंत्री और भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर की मुलाकात के बाद अफगानिस्तान को 20 एम्बुलेंस देने के साथ ही वहां की आम जनता को बेहतर स्वास्थ्य सेवा देने के लिए भारत ने सहायता की घोषणा की है। यदि भारत अफगानिस्तान में अपना दूतावास खोलता है तो वहां से पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई की गतिविधियों पर सूक्ष्म दृष्टि रख सकेगा। तालिबान शासन से मैत्री इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि इस समय भारत के सभी पड़ोसी देश अस्थिरता का शिकार हैं। ऐसे में सामरिक दृष्टिकोण से एक नया मार्ग खोलना अति आवश्यक हो गया है।

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**

साहित्य



## इतना आसान नहीं होता

**पूजा चक्रवर्ती**

इतना आसान नहीं होता आशिक़ बन जाना...
इतना आसान नहीं होता यह दिल लगाना,
चाहत हो फूल की, और काँटों से ज़िन्दगी सजाना
प्यार तो आसानी से हो जाता है,
मुश्किल होता है किस्मत के फैसले अपनाना
इतना आसान नहीं होता इश्क़ मुक़म्मल हो जाना,
मखमली राहों को छोड़, आग के दरिया पर जाना
हम सह तो लेते हैं हर ग़म ज़िन्दगी का,
मुश्किल होता है मोहब्बत में जुदाई सह पाना
इतना आसान नहीं होता आशिक़ बन जाना,
दिल में गहरा दर्द छिपाए, भीड़ में मुस्काना
आशिक़ तो हर कोई कह देता खुदको इश्क़ में,
मुश्किल होता है शिद्दत से आशिकी निभाना



## राशिफल

**मेषः-** कोई छोटी बात भी परिवार के तनाव का कारण बन सकती है। महत्वपूर्ण प्रयत्न की सार्थकता नये उत्साह का संचार करेगी। सामाजिक गतिविधियों में क्रियाशीलता बढ़ेगी।

**वृषभः-** हर घटना से आपको सीख लेने की जरूरत है। नये क्षेत्र में निवेश से पूर्व बुद्धिजीवियों से विचार-विमर्श करें। नये व्यावसायिक यात्राएं करनी होंगी।

**मिथुनः-** निकट संबंधों में मधुर संवाद से अपनी सुन्दर छवि बनावें। कुछ महत्वपूर्ण अभिलाषाओं की पूर्ति होने के आसार हैं।

**कर्कः-** भविष्य के प्रति मन में चिंताएं उत्पन्न होंगी। किसी कार्य को छोटा-बड़ा समझने के बजाए अपने कर्त्तव्यों का ठीक ढंग से निर्वहन करें। वर्तमान कार्य से मन में असन्तुष्टि उत्पन्न होगी।

**सिंहः-** पारिवारिक दायित्वों की चिंता उत्पन्न होगी। स्वास्थ्य के प्रति लापरवाही न बरतें एवं जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देवें। किसी बड़े आयोजन हेतु समुचित व्यवस्था के लिए मन प्रयत्नशील होगा।

**कन्याः-** छोटी-छोटी पारिवारिक बातों को बाहरी लोगों से न कहें। भावना से उद्वेलित मन सगे-संबंधियों के सुख-दुख के प्रति चिंतित होगा। पुरानी घटनाएं याद आएंगी।

**तुलाः-** वक्त के साथ समझौता कर चलने की चेष्ठा करें। अपने कार्यक्षेत्र को ही अपनी पूजा समझे और अपने को उसी दिशा की ओर केंद्रित करें।

**वृश्चिकः-** जीवन में सही लक्ष्य व सुदृढ़ता को सुनिश्चित करें तभी जीवन में सही प्रगति कर सकते हैं। किसी पुराने संबंधी से विशेष निकटता की अनुभूति करेंगे।

**धनुः-** किसी भी प्रयास में आर्थिक अभाव अवरोधक होगा। साहस व बुद्धिमत्ता से पुरानी समस्याओं पर विजय प्राप्त कर सुख की अनुभूति करेंगे। विषम स्थितियों के मध्य परिश्रम व लगन से प्रगति की ओर अग्रसर होंगे।

**मकरः-** बुद्धिमत्ता व परिश्रम का मिला-जुला संजोग का भरपूर लाभ उठाएंगे। आर्थिक क्षेत्र में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। सफलताएं आंतरिक क्षमताओं का एहसास कराएंगी। घर में खुशहाल स्थिति प्रसन्न रखेगी।

**कुंभः-** शासन-सत्ता में व्यस्तता बढ़ेगी। मन आर्थिक सुदृढ़ता हेतु चिंतित होगा। सामाजिक सक्रियता से मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**मीनः-** महत्वाकांक्षी अभिलाषाएं मन में असन्तुष्टि पैदा करेंगी। तामसिक विचारों को मन से दूर रखें। विपरीतलिंगी संबंधों के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति में व्यय अपेक्षित है।

# भारत-तालिबान के मध्य गर्मजोशी या असमंजस!

*डॉ. इन्द्र दमन तिवारी*

तालिबान के साथ सांस्कृतिक अंतर्विरोधों की थोड़ी देर के लिए अनदेखी कर दें, तब भी भारत-अफगानिस्तान रिश्ते हमेशा से दोस्ती के रहे हैं। इस दृष्टि से देखें, तो पिछले सप्ताह तालिबान के विदेशमंत्री अमीर ख़ान मुत्तकी की भारत यात्रा अचानक नहीं हो गई, इसकी पृष्ठभूमि दो-तीन वर्ष से बन रही थी। भविष्य की ओर देखें, तो लगता है कि यह संपर्क बढ़ेगा, पिछले कुछ दिनों में पाक-अफ़ग़ान सीमा पर टकराव को देखते हुए कुछ लोगों ने इसे भारत-पाक रिश्तों की तल्ख़ी से भी जोड़ा है, पर बात इतनी ही नहीं है। अफ़ग़ान-पाक रिश्तों की तल्ख़ी के पीछे दूसरे कारण ज्यादा बड़े हैं। पिछले सप्ताह भारतीय विदेश-नीति के सिलसिले में कुछ ऐसी घटनाएँ हुई हैं, जो नए राजनयिक-परिदृश्य की ओर इशारा कर रही हैं। मुत्तकी की यह यात्रा ऐसे समय में हुई, जब ब्रिटेन के प्रधानमंत्री सर कीर स्टार्मर भी भारत में थे, इस दौरान प्रधानमंत्री मोदी और ट्रंप के बीच एक बार फ़ोन पर बातचीत भी हुई है, इसके बाद ट्रंप ने प्रधानमंत्री मोदी को सोमवार को गाज़ा पर मिस्र में हुए 'शांति सम्मेलन' में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया, हालाँकि मोदी इसमें गए नहीं, पर यह एक संकेत ज़रूर है। वे वहाँ जाते, तो ट्रंप से मुलाकात का मौक़ा ज़रूर बनता था, शायद अब यह मौका आसियान सम्मेलन में मिलेगा, बहरहाल भारत-अमेरिका व्यापारवार्ता अब अपेक्षाकृत ठीक तरीके से आगे बढ़ रही है। गत वर्ष बांग्लादेश में तख्तापलट होने के बाद से भारत को शिद्दत से अपने इलाके में अच्छे मित्रों की तलाश है। सरकार ने श्रीलंका, मालदीव और म्यांमार के साथ काफ़ी हद तक रिश्तों को बेहतर किया है, उसी श्रृंखला में अफगानिस्तान को भी रखा जाना चाहिए। भारत यह संकेत भी नहीं देना चाहता कि हम तालिबान को राजनयिक रूप से मान्यता दे रहे हैं, मान्यता तभी दी जाएगी, जब अंतरराष्ट्रीय समुदाय ऐसा करेगा, फ़िलहाल सहयोग-संबंध बनाने के लिए एक प्लेटफॉर्म की ज़रूरत होगी, इसलिए वहाँ दूतावास को फ़िर से खोलना सही कदम है, हालाँकि इससे तालिबान को कुछ निराशा होगी, पर भारत अमेरिका समेत पश्चिमी खेमे को यह संकेत भी नहीं देगा कि हम 'रूस-चीन' खेमे में शामिल हो गए हैं बल्कि ऐसा करके पश्चिम के साथ भारत एक पुल की तरह भी काम कर



सकता है। औपचारिक राजनयिक मान्यता नहीं होते हुए भी मुत्तकी को पूरे प्रोटोकॉल के साथ विदेशमंत्री का सम्मान दिया गया, इन बातों को अंतर्विरोधों और व्यावहारिकता की रोशनी में पढ़ा जाना चाहिए। अफगानिस्तान में मानवाधिकारों और समावेशी सरकार बनाने को लेकर भी भारत सरकार का एक दृष्टिकोण है, उससे हम हट नहीं जाएँगे। तालिबान से मानवाधिकारों के सार्वभौमिक रूप से स्वीकृत मानदंडों का पालन करने की पश्चिमी देशों की माँगों के साथ भारत सरकार भी खड़ी रहेगी, बहुत सी बातें अफ़गानिस्तान के भीतर से आने वाली सामाजिक-प्रतिक्रियाओं पर निर्भर करती है. फ़िलहाल संभावना कम है कि तालिबान, शरिया की अपनी व्याख्या से हट जाएगा, हम सीमित आधारों पर संपर्क स्थापित कर रहे हैं, जो व्यावहारिक और राष्ट्रीय-हित में हैं। व्यावहारिक राजनीति ही थी कि अमेरिका ने पाकिस्तान की मदद से ढाई दशक से भी ज़्यादा समय तक इस समूह को जीवित रखा, फ़िर अमेरिका को परास्त करने में तालिबान की मदद का काम भी पाकिस्तान ने किया। इससे पाकिस्तान के शासकों के मन में अहंकार आ गया, उन्हें यह बात समझ में नहीं आई कि काबुल में जो भी सत्ता में होगा, उसके भारत के साथ रिश्ते बनेंगे, पाकिस्तान ने जिस तरह सामाजिक-सांस्कृतिक यथार्थ को समझने में भूल की, वैसी भूल हमें नहीं करनी चाहिए। अगस्त 2021 में काबुल में सत्तापलट के बाद से भारत धीरे-धीरे और क्रमिक रूप से तालिबान के साथ जुड़ रहा है। जनवरी 2025 में एक बड़ी सफलता तब मिली, जब विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने दुबई में अफ़ग़ानिस्तान के विदेशमंत्री मुत्तकी से मुलाक़ात की थी। अब अपनी पहली भारत आधिकारिक यात्रा पर, मुत्तकी ने विदेश मंत्री जयशंकर से भेंट की, जिन्होंने घोषणा की है कि भारत अपने रिश्तों को उच्चतर स्तर पर ले जाएगा और काबुल में अपना दूतावास फिर से खोलेगा। ऐसा पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत-पाकिस्तान युद्धविराम के कुछ दिनों बाद मई में उनकी सकारात्मक बातचीत के बाद हुआ है, सनद रहे कि तालिबान ने पहलगाम हमले की स्पष्ट निंदा की थी। हाल के जो संकेत मिल रहे हैं उनसे ज़ाहिर है कि अमेरिका चाहता है कि भारत के पश्चिमी पड़ोस में पाकिस्तान प्रमुख भूमिका निभाए, चीन भी इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ा रहा है, पाकिस्तान के साथ उसके रिश्ते पहले से हैं, साथ ही ईरान और अरब प्रायद्वीप में उसका प्रभाव बढ़ा है। रूस ने तालिबान को राजनयिक मान्यता प्रदान कर दी है और ईरान के साथ उसके संबंध मज़बूत हैं, पाकिस्तान ने हमारे साथ 'अज़ली-दुश्मनी' ठान रखी है तो इसे देखते हुए हमें अपने पश्चिमी हितों की रक्षा करनी होगी। जयशंकर ने खाद्यान्न से लेकर स्वास्थ्य, प्रशिक्षण और शिक्षा तक, उन क्षेत्रों का ज़िक्र किया जहाँ भारत अफ़ग़ान लोगों के साथ सहयोग करेगा, उन्होंने यह भी कहा कि भारत रुकी हुई परियोजनाओं को पूरा करेगा, तालिबान इन क्षेत्रों में भारतीय सहायता का स्वागत करेगा, साथ ही वह छात्रों और बीमार लोगों के लिए वीज़ा व्यवस्था में उदारीकरण की अपेक्षा करेगा, इसका मतलब है कि भारत आने वाले में अफ़ग़ान नागरिकों की संख्या बढ़ेगी।

अब देखना होगा कि अफ़गान दूतावास के मामले में रास्ता किस तरह निकाला जाएगा? काबुल में भारतीय दूतावास फ़िर से खुलने का मतलब है कि दिल्ली में अफ़ग़ान दूतावास पर तालिबान का नियंत्रण हमें स्वीकार करना होगा, इसका अर्थ है कि वहाँ अफ़ग़ान अमीरात का झंडा फहराएगा, देखते हैं कि क्या ऐसा होगा?

*(अधिवक्ता, उच्च न्यायालय, लखनऊ खंडपीठ)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,7007352978**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### प्रेम-प्रसंग के चलते युवक पशुबाड़े में फंदा लगाकर की आत्महत्या



भरुआ सुमेरपुर, हमीरपुर। क्षेत्र के ग्राम पत्योरा में बीती रात चाट ठेला लगाने वाले युवक ने प्रेम में प्रसंग के चलते पशुबाड़े में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। अचानक हुई इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था और गांव में ही चाट ठेला लगाकर जीवन यापन करता था। पत्योरा के मलिहाताला मुहाल निवासी अंशु उर्फ भूरा (22) पुत्र बरदानी निषाद ने बीती रात परिजनों के सो जाने के बाद पशुबाड़े में जाकर रस्सी से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। तड़के परिवार को जानकारी होने पर कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक चार भाइयों में दूसरे नंबर का था और गांव में ही चाट ठेला लगाकर जीवन यापन करता था। बताते हैं कि मृतक का गांव में ही एक युवती से प्रेम प्रसंग चल रहा था। युवती दो बार घर से भाग कर इस युवक के पास आ गई थी। जिसे समझा बुझाकर जाकर वापस किया गया था। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि युवक के फंदा लगाकर आत्महत्या करने की सूचना मिली है। शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। घटना की जांच कराई जा रही है।

### तेज रफ्तार ई-रिक्शा ने मासूम को रौंदा, मौत

हमीरपुर। सवारियों से भरे ई-रिक्शा ने मासूम को रौंद दिया। घटना में घायल मासूम को आनन फानन में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बच्चे की मौत की खबर सुनकर परिजनों के होश उड़ गए। वहीं पुलिस इस घटना के ई रिक्शा की तलाश में जुट गई है सदर कोतवाली के गौरा देवी मोहाल निवासी सुरेश का सात वर्षीय पुत्र सौरभ बुधवार की दोपहर कालपी स्टेट हाईवे किनारे खड़ा था। तभी कुरारा की ओर से आ रहा तेज रफ्तार ई रिक्शा ने उसे रौंदते हुए सीने से चढ़कर निकल गया। जिससे मासूम गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे।जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना में रिक्शे में सवार कुसमरा गांव निवासी रावेंद्र कुमार (43), उसकी पत्नी मिथलेश(40) व बेटी संयोगिता (20) घायल हो गई। रावेंद्र कुमार ने बताया कि वह जम्मू में मजदूरी करता है। बुधवार को वह अपने परिवार समेत जम्मू जा रहा था। तभी यह घटना हो गई। घायल दंपती व उनकी बेटी को जिला अस्पताल ले जाया गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने रिक्शा चालक को पकड़ लिया और कुछ देर बाद छोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस रिक्शे की तलाश में जुट गई है। रिक्शा थाना कुरारा के कुसमरा गांव का बताया जा रहा है। मासूम मोहल्ले के गौरा देवी स्कूल में कक्षा दो में पढ़ता था। इस घटना से मृतक बच्चे की मां रचना रो रोकर बेहाल है। वहीं बच्चे का पिता मंगलवार को मुंबई मजदूरी के लिए निकला था। घटना की सूचना पर वह भी वापस लौट रहा है। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है। तहरीर मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। वहीं परिजन बच्चे के पिता के आने के बाद पोस्टमार्टम कराने की बात कह रहे हैं।

### मिट्टी का टीला धसने से दो महिलाएं दबीं, एक की मौत दूसरी गंभीर घायल

हमीरपुर। आगामी दीपावली त्योहार के चलते घर की लिपाई पुताई करने के लिए मिट्टी खोदने गई पूर्व प्रधान की भतीजी की मिट्टी का टीला धंसने से मौत हो गई। वहीं उसके साथ गई एक अन्य महिला घायल हो गई। जिसे मिट्टी के ढेर से निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मचा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के ब्रह्मा डेरा मोहल्ला निवासी पूर्व प्रधान हरिकेश निषाद की भतीजी सदारनी (32) पत्नी सुनील मोहल्ले की ही खुशबू (30) पत्नी फूल कुमार के साथ बुधवार की सुबह करीब छह बजे घर की लिपाई पुताई करने के लिए डेरा के बाहर खेतों में मिट्टी खोदने गई थी। मिट्टी खोदते समय अचानक मिट्टी की कगार सदारानी और खुशबू के ऊपर ढह गई। जिससे दोनों उसमें दब गई। शोर सोनकर मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजनों ने अन्य ग्रामीणों की मदद से दोनों महिलाओं को निकालकर जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने सदारानी को मृत घोषित कर दिया। वहीं घायल खुशबू का इलाज चल रहा है। इस घटना से मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका का पति सुनील सूरत में रहकर मजदूरी करता है। जो तीन माह से पत्नी और बच्चों के साथ अपनी ससुराल में ही रह रहा है। कोतवाल राकेश कुमार ने बताया की शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### शिरडी सांई बाबा स्कूल निस्वारा के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. मोतीलाल गुप्ता बुन्देलखण्ड में गायों की नस्ल सुधार को दे रहें बढ़ावा



पनवाड़ी, महोबा। शिरडी साई धाम निस्वारा में एक व्यवस्थित गौशाला चल रही है जिसमेपंद्रह गायो का संवर्धनचल रहा है एवम दो राजस्थान से भिलबड़ा से दो सांड नंदी को साईंधाम निस्वारा में रखा गया है गौरतलब हो कि निशुल्क गायो की नस्ल सुधार चल रहा है थार पार्कर प्रजाति के सांड़ जिससे नश्ल बदल रही है इनसे क्रॉस बच्चे गायो के जब वो पूर्ण रूप से बड़ी गाय बन जायेंगे तो सात से आठ लीटर दूध निकलेगा जिससे दुग्ध उत्पादन भी बढ़ेगा किसानों को इससे लाभ भी मिलेगा और शुद्ध दूध भी मिलेगा साईंधाम की गौशाला में संतुष्ट एवम सन्तुलित आहार की व्यवस्था की गई है कि कब उन्हें1कितने नमक की जरूरत है कब उन्हें गुण की जरूरत है कब उन्हें ग्रीन ग्रास की एवम हरि सब्जियया भी समय समय पर प्रदान किये जाते हैं एवम उनसे प्राप्त होने बाले गोबर से देशी वर्मी कंपोसड खाद बनाकर कृतिम खेती भी की जा रही है एवम गायो के मूत्र को को एक जगह कलेक्ट करके उससे भी बहतरीन देशी खाद का निर्माण फूल पत्तियों के साथ तैयार की जाती है जो वगीचो के लिए बेहतर परिणाम देती है अभी तक सैकड़ो गाय दर्जन भर गांव से आकर क्रॉस हो चुकी है और विना रासायनिक खाद प्रयोग के वर्मी खाद पर आधारित खेती साईंधाम की चर्चा का विषय बनी हुई है गत वर्ष गेहूं की पैदावारदस कुंतल प्रति बीघा निकलना किसानों के लिए खुश खबरी है किसान चाहे तो विना रासायनिक खाद के देशी उर्बर्क से अच्छी पैदावार ले सकते हैं और रोग मुक्त जीवन जी सकते हैं।

### फायर टीम ने किया बैंकों की अग्निसुरक्षा का ऑडिट

महोबा। बैंको में अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में अग्निशमन टीम महोबा द्वारा जनपद में स्थित विभिन्न बैंकों में अग्निसुरक्षा के दृष्टिगत फायर ऑडिट किया गया एवं वहाँ लगे अग्निशमन उपकरणों को चेक किया गया वहाँ मौजूद सुरक्षा कर्मियों/स्टाफ को अग्निशमन उपकरण चलाने का प्रशिक्षण प्रदान किया गया तथा सम्बन्धित बैंक प्रबन्धक को अग्निशमन व्यवस्था से संबंधित उपकरणों को स्थापित किये जाने व समय-समय पर उनको रिफिल कराये जाने के निर्देश देते हुए दमकल सम्बन्धी उपकरणों को सदैव क्रियाशील रखने हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान आग बुझाने के विभिन्न तरीकों को बताया गया एवं सभी को अग्निसुरक्षा से बचाव हेतु जागरुक करते हुए जागरुकता पम्पलेट्स का वितरण किया गया।

### बैंकों में अभियान चलाकर की गई संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग

महोबा। पुलिस अधीक्षक प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह के पर्यवेक्षण में आगामी त्यौहारों के दृष्टिगत जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण तथा सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज जनपद के सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस टीमों द्वारा बैंकद्बचेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान संबंधित थाना प्रभारीगण एवं उनकी पुलिस टीमों द्वारा क्षेत्र के सभी प्रमुख बैंकों एवं एटीएम की सघन चेकिंग की गयी तथा बैंकों के आसपास संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की गहनता से जांच की गयी। बैंक सुरक्षा ड्यूटी पर लगे सुरक्षाकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सतर्कता एवं सजगता बनाये रखने के निर्देश दिये गये। साथ ही बैंक प्रबंधकों से समन्वय बनाकर सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने हेतु चर्चा की गयी। जनपदीय पुलिस द्वारा इस प्रकार के चेकिंग अभियान निरंतर रूप से चलाकर आमजन की सुरक्षा, शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपनी प्रतिबद्धता दोहराई गयी है।

### सात आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों को किया जिला बदर

हमीरपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही / प्रभावी पैरवी के क्रम में न्यायालय अपर जिला मजिस्ट्रेट (वित्त एवं राजस्व) ने जनपद के विभिन्न थानों से संबंधित गुंडा अपराधी प्रवृत्ति के सात लोगों पर जिला बदर की कार्यवाही की है। जिसमें सुमेरपुर कस्बे के बसंत नगर निवासी संजय वर्मा पुत्र छोटेलाल, महेरा गांव निवासी मानसिंह पुत्र रामसनेही राजपूत, अरतरा निवासी संत सिंह उर्फ करिया पुत्र मंगल सिंह, जखेड़ी निवासी प्रशांत पुत्र हल्के, धमना गांव निवासी दिलीप राजपूत उर्फ हीरो पुत्र परमलाल, जराखर निवासी रामेंद्र पुत्र चंद्रशेखर व इटौरा निवासी रोहित राजपूत पुत्र प्रकाश लोधी शामिल है। सभी आरोपी जिला बदर की अवधि में अपने साथ किसी प्रकार का शस्त्र व आग्नेयास्त्र लेकर नहीं चलेंगे एवं 6 माह की अवधि तक जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं करेंगे। साथ ही बाह्य जनपद में जिस स्थान पर निवास करेंगे उसकी सूचना संबंधित थाना को देगें।

# त्योहार आते ही फूड इंस्पेक्टर को दिखने लगती है मिलावट

▸ फूड इंस्पेक्टर ने खाद्य पदार्थों के भरे सैम्पल

मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

दीपावली त्योहार को देखते हुए मिलावटखोरों पर खाद्य एवं सुरक्षा विभाग की कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र में छापेमारी कर नमूना भरे गए। इस अभियान में दुकानों में मिठाइयां, नमकीन, तेल एवं अन्य खाद्य पदार्थों के सैंपल लेकर कार्रवाई की जा रही है। सिर्फ छोटे छोटे दुकानदारों पर दिखाई जा रही है कार्रवाई।



खाद्य विभाग के फूड इंस्पेक्टर गिरीश वर्मा की टीम ने बुधवार दोपाहर इचौली गाँव में लल्ला मिष्ठान भंडार व पाल मिष्ठान भण्डार की दुकानों से वर्क लगी मिठाइयों को कचड़े के ढेर में नष्ट कराई और हिदायत दी कि त्योहारों पर किसी भी प्रकार की मिलावटी खाद्य पदार्थ न बेचे। वहीं छोटी-छोटी ठेलियों में मेमोज व समोसा की दुकानों में छापेमारी कर उनके फिंगर व मेमोज डस्टबीन में फेंक दिए और स्वच्छता की हिदायत दी। वहीं ग्राम टिकरी में मिठाई की दुकानों की दुकानों में छापेमारी की इसके बाद उसके कारखाने में जाकर मिठाई समोसा बनाने वाली सामग्री रिफाइंड, रवा, खोया, मावा आदि देखे और सैम्पल भर कर औपचारिकता निभाई। खाद्य इंस्पेक्टर गिरीश वर्मा ने बताया कि दीपावली त्योहार पर आमजन को शुद्ध एवं खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने के लिए सघन जांच की गई और दुकानदारों को स्वच्छता बनाये रखने की हिदायत दी गई है।

# पूर्व राष्ट्रपति डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई

हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।



देश के पूर्व राष्ट्रपति भारत के मिसाइल मैन डॉक्टर अब्दुल कलाम आजाद की जयंती उनके छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए बच्चों को उनको प्रेरणा स्रोत बनाते हुए उनसे सीख लेने और राष्ट्र सेवा से संबंधित जानकारियां दिया गया जानकारी के अनुसार नगर से 3 किलोमीटर दूर स्थित ब्राइट इंटरनेशनल स्कूल कम्हरिया रोड में प्रधानाचार्य अरविन्द कुमार निगम ने भारत के मिसाइल मैन एवं पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम आजाद के जन्म दिवस के अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प माला अर्पण करते हुए बताया कि उन्होंने देश सेवा में कम संसाधन होते हुए भी देश को शक्तिशाली परमाणु संपन्न देश बनाने में योगदान दिया उनके योगदान को देश कभी नहीं भूल सकता उनको आदर्श मानते हुए अपने प्रेरणा स्रोत बनाने की छात्रों से अपील की और उनके आदर्शों पर चलते हुए अपने जीवन को संवारने की जानकारी दी गई इस अवसर पर समाज सेवी शमसुद्दीन महंतो, वीरेंद्र यादव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सात साल बाद अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज

भरुआ सुमेरपुर। थानाक्षेत्र के सिमनौडी गांव में मारपीट के मामले में अदालत के आदेश के बाद करीब सात साल बाद मुकदमा दर्ज किया गया। पीड़ित ने तीन लोगों के खिलाफ गाली गलौज कर मारपीट के आरोप लगाए थे। सिमनौडी गांव निवासी धर्मेंद्र यादव ने पुलिस को बताया कि 25 दिसंबर 2018 को गांव निवासी जयकिशुन, रामकिशुन व सोनू ने शाम 4-00 बजे पुरानी रंजिश के चलते उसको गाली गलौज की। शोर सुनकर उसकी मां कमला भी दरवाजे पर आ गई। इस पर आरोपियों ने उसे भी गाली गलौज कर मारपीट की। पीड़ित ने तत्कालीन थानाध्यक्ष को तहरीर दी। लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। इस पर वह अदालत की शरण में गया, जिस पर अदालत ने करीब सात वर्ष बाद मुकदमा दर्ज करने के आदेश दिया। पुलिस ने अदालत के आदेश पर तीनों आरोपियों के खिलाफ धारा 323 व 504 के तहत मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

# कुरारा में चालाया गया विधुत चोरी अभियान

▸ ढाई सौ से अधिक कानेक्शन काटे गए और दो लाख पचास हजार रुपए वसूला गया



कुरारा, हमीरपुर। विधुत विभाग ने बुधवार को समूचे कस्बे में बिधुत चोरी का अभियान चलाया साथ ही ढाई सैकड़ा से अधिक विधुत कनेक्शन काटते हुए दो लाख पचास हजार रुपये की वसूली की।कस्बे के सभी वार्डो में लगभग तीन दर्जन से अधिक विधुत कर्मियों के साथ अधीक्षण अभियंता हमीरपुर ज्ञान चंद्र यादव की अगुआई में विधुत चोरी, बिल बकाया व मीटरों की जांच की गई। जिसमे कुरारा जेई दयानंद ने बताया कि कस्बे में करीब 250 से अधिक लोगो के बिल बकाया के चलते विधुत कनेक्शन कटे गए है। वही करीब 80 उपभोक्ताओं से 2 लाख 50 हजार से अधिक का बिधुत बिल का बकाया जमा कराया गया है। साथ ही 7 घरों के घरेलू कनेक्शन को व्यावसायिक कनेक्शन में परिवर्तित किया गया है। इस मौके में लेखराज सिंह अधिशाषी अभियंता हमीरपुर शहजाद खान उपखंड अधिकारी, जेई सत्येंद्र गुप्ता, जेई बीपी सिंह, लाइनमैन मुन्ना, मुवीन आदि मौजूद रहे।

# पोषण माह: कुपोषण से लड़ने को रैली निकाल की गोदभराई, अन्नप्राशन व कुपोषण से संबंधित जानकारी दी गई






मौदहा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।

बाल विकास परियोजना द्वारा पोषण माह के अंतर्गत कुपोषण से लड़ने के लिए विशाल रैली निकालते हुए गोद भराई अन्नप्राशन व कुपोषण से संबंधित जानकारियां खंड शिक्षा कार्यालय के सभागार में संपन्न कराया गया। बुधवार को बाल विकास परियोजना कार्यालय आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं विभागीय कर्मचारियों ने रैली निकाल कर सरकारी अस्पताल, फत्तेपुरवा से होते हुए कार्यालय परिषद तक विशाल रैली निकाली और आम जनमानस को कुपोषण से लड़ने की जानकारियां नारे के माध्यम से दिया इसके बाद खंड शिक्षा कार्यालय में उपस्थित आंगनबाड़ी एवं विभागीय कर्मचारियों ने खंड शिक्षा अधिकारी सुशील कुमार की अध्यक्षता में अन्नप्राशन गोद भराई एवं पोषण से संबंधित जानकारियां दी गई वही गर्भवती महिलाओं को कुपोषण के बारे में आवश्यक जानकारी से अवगत कराया गया इस अवसर पर बाल विकास परियोजना कार्यालय के पूर्व इंचार्ज सीडीपीओ कल्ली देवी, अनीता देवी, शरीफउद्दीन सहित 100 से अधिक आंगनवाड़ी कार्यकर्त्री एवं विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नेशनल थ्रो बाल चैम्पियनशिप के लिए आरबीपीएस में स्टेट कैंप का आयोजन

कुलपहाड़/महोबा, समृद्धि न्यूज। अहमदाबाद में होने जा रही नेशनल थ्रो बाल चैम्पियनशिप के लिए यूपी की टीम का स्टेट कैम्प महोबा के रामरतन भुवनेश कुमार पब्लिक स्कूल में शुरु हो गया है। यूपी थ्रो बाल की टीम 22 अक्टूबर को अहमदाबाद रवाना होगी। 18 अक्टूबर तक चलने वाले प्रशिक्षण कैम्प में यूपी टीम के खिलाड़ी हसन खान, वैष्णव रघुवंशी, आदित्य सिंह, अरहम खान, आर्यन सिंह, कार्तिक अग्रवाल, शरद गुप्ता व राजवर्धन सिंह यादव भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर टीम के कोच मो. अरशद की देखरेख में चल रहा है। यूपी टीम में अमन पटेल, अनुज कसेरा, सन्नी कनौजिया, आदित्य, उत्कर्ष व सूर्यांश शामिल हैं। गौरतलब है कि



अहमदाबाद में 23 से 27 अक्टूबर तक 33 वीं जूनियर बॉयज नेशनल थ्रो बाल चैम्पियनशिप होने जा रही है। उक्त आशय की जानकारी यूपी थ्रो बाल संघ के महासचिव विवेक गिरि ने दी।

# पं. दीनदयाल उपाध्याय मॉडल स्कूल में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कैरियर मेले का आयोजन

▸ चैयरमैन आशा रानी कबीर ने मां सरस्वती के चित्र पर किया माल्यार्पण

कुरारा, हमीरपुर। कस्बा स्थित प दीनदयाल उपाध्याय मॉडल राजकीय इंटर कालेज में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कैरियर मेला का आयोजन किया गया। उद्घाटन चेयरमैन द्वारा किया गया। कस्बे के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कालेज में समग्र शिक्षा अभियान के तहत कैरियर मेले का आयोजन किया गया। चेयरमैन आशारानी कबीर ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण किया। उन्होंने बच्चो को मन लगाकर शिक्षा लेने की बात कही। तथा अपना कैरियर



बनाने को प्रेरित किया। खंड विकास अधिकारी शिवनारायण कश्यप ने बच्चों को एक दिशा में मन से कार्य करके आगे बढ़ा जा सकता है। तथा बच्चों को शिक्षित होकर आगे बढ़ने को प्रेरित किया। कृषि विज्ञान केंद्र के एस पी एस सोमवंशी ने छात्रों को अपने कैरियर के प्रति संजीदा होकर कार्य करने को प्रेरित किया तथा पढाई के दौरान ही अपना क्षेत्र चयन के लिए प्रेरित किया। राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज के प्रधानाचार्य पवनकुमार ने मिसाइल में पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम के संबंध में जानकारी दी। प्रवक्ता शिवसागर ने बच्चों को अपना कैरियर का चुनाव अपने विवेक से चुनने के लिए जानकारी दी। तथा कैरियर काउंसिलिंग की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम का शुभारंभ होने पर विद्यालय की छात्रा कोमल व प्राची ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कैरियर गाइड्स क्लब के अध्यक्ष तथा विद्यालय के प्रधानाचार्य हरिश्चंद्र ओझा द्वारा सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया गया। संचालन बायोलॉजी प्रवक्ता योगेश कुमार मिश्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षक वेद प्रकाश गर्ग, सुरेंद्र बाबू, पीटीए शिक्षक अजय कुमार आदि समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

### शासन से आई कायाकल्प टीम ने किया जिला अस्पताल का निरीक्षण

महोबा, समृद्धि न्यूज। स्वास्थ्य सेवाओं की हकीकत को धरातल पर परखने के लिए शासन से आई कायाकल्प की टीम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण करते हुए व्यवस्थाओं की हकीकत को परखा। टीम द्वारा अस्पताल परिसर में सफाई व्यवस्था को बेहतर रखने के निर्देश दिए गए। बुधवार को लखनऊ से आई कायाकल्प की टीम ने जिला अस्पताल का निरीक्षण किया। डॉ अरुण राजपूत के नेतृत्व में टीम ने दवा वितरण कक्ष का निरीक्षण करते हुए दवाओं की स्थिति की जानकारी ली। इंजेक्शन रुम के निरीक्षण में सफाई



▸ दवा वितरण कक्ष, लैब, इंजेक्शन रूम का निरीक्षण कर दिए जरूरी दिशानिर्देश

व्यवस्था को बेहतर रखने के निर्देश देते हुए इंजेक्शन लगाने के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों की जानकारी दी गई। कहा कि इंजेक्शन को क्रमबद्ध तरीके से रखा जाए। कर्मचारी ग्लब्स का प्रयोग करें। लैब के निरीक्षण में मशीनों की जानकारी हासिल कर कर्मचारियों से जांच के बारे में जानकारी ली। एल टी संजय पाल, मकसद अहमद, राहुल, दिनेश चौरसिया, सोहिल आदि मौजूद रहे। अस्पताल में अग्नि सुरक्षा उपकरणों के बारे में जानकारी लेते हुए उपकरणों के चलाने के बारे में जाना। परिसर में सफाई व्यवस्था सहित अन्य जानकारियां हासिल की गईं। टीम के निरीक्षण को लेकर कर्मचारी एप्रेन में दिखे। डॉ दिवाकर, हेल्प डेस्क की मैनेजर पूजा, ज्योति आदि मौजूद रहीं। जांच रिपोर्ट टीम शासन को भेजती है।

# पति से विवाद के बाद पत्नी ने मासूम बेटी को उतारा मौत के घाट

▸ बेटी को जान से मारने के बाद मां ने खुद भी लगाई फांसी

महोबा, समृद्धि न्यूज।

मोबाइल पर पति से हुए विवाद के बाद मायके में रह रही महिला ने मासूम बेटी को फांसी लगाकर मौत की नींद सुला दिया। महिला ने खुद भी जान देने का प्रयास किया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जाँच पड़ताल शुरु कर दी है। मां की तहरीर के आधार पर पुलिस ने महिला के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है। प्राप्त विवरण के अनुसार शहर के गांधी नगर डीएम बंगला के पीछे के निवासी स्व प्रभूदयाल



अहिरवार की पुत्री 30 वर्षीय खुशबू अहिरवार की शादी चरखारी के खंदिया वार्ड निवासी अरविंद्र के साथ 9 जुलाई 2022 को हुई थी। शादी के बाद कुछ समय बाद पति- पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। विवाद के चलते खुशबू अपनी मां उमा देवी के साथ रह रही थी। बताया जा रहा है कि मंगलवार को खुशबू का पति अरविंद्र के साथ फोन पर विवाद हो गया। जिसके बाद आगबबूला खुशबू ने देर शाम को अपनी मासूम बेटी ऋषिका को फांसी लगाकर मार डाला। एक घंटा तक महिला अपनी मासूम बेटी को फांसी पर लटकता देखती रही। बाद में महिला ने खुद भी फांसी लगाकर जान देने का प्रयास किया मगर वह सफल न हो सकी। जिसके बाद बगल के कमरे में लेटे अपने भाई पवन को बताया कि उसने किट्टों उर्फ ऋषिका को फांसी लगाकर मार डाला है। घटना के बाद परिजन आनन-फानन में मासूम को जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने परीक्षण उपरान्त उसे मृत घोषित कर दिया। घटना से परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की गहनता से जाँच पड़ताल शुरू कर दी है । फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर भेजा गया। टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। बाद में मां उमा देवी की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने आरोपित मां खुशबू के खिलाफ हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज करते हुए महिला को गिरफ्तार कर लिया है। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह का कहना है कि मां की तहरीर पर आरोपित बेटी के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की गहनता से जाँच पड़ताल कर रही है।

### जन्मदिन के एक दिन पूर्व ही मां ने मासूम बेटी की कर दी हत्या

महोबा। मासूम एक साल पहले 15 अक्टूबर 2024 को पैदा हुई थी। पहले जन्मदिन के एक दिन पूर्व ही मासूम की हत्या उसे जन्म देने वाली मां ने कर दी। खुशबू ने नौ माह तक जिस बेटी को कोख में पाला जन्म के एक साल बाद ही अपने हाथों से मां की ममता का गला घोंटकर मासूम बेटी को मौत के घाट उतार दिया। जिसने भी मामले को सुना कलयुगी मां को कोस रहा है।

### आतिशबाज की दुकानों का औचक निरीक्षण कर परखे गए सुरक्षा मानक

खरेला/महोबा। एसपी प्रबल प्रताप सिंह के निर्देशन में आगामी धनतेरस एवं दीपावली पर्व के मद्देनजर जनपद वासियों को सुरक्षित परिवेश उपलब्ध कराये जाने उद्देश्य से प्रभारी अग्निशमन अधिकारी महेन्द्र सिंह के नेतृत्व में अग्निशमन टीम द्वारा थाना खरेला क्षेत्र अन्तर्गत आतिशबाजी विक्रय/निर्माण एवं भंडारण स्थलों का निरीक्षण किया गया तथा आतिशबाजी/ पटाखा विक्रय/भंडारण/ निर्माण स्थलों पर उपस्थित दुकानदारों एवं स्टाफ को अग्निशमन उपकरणों को चलाए जाने हेतु प्रशिक्षण/जानकारी दी गई तथा लाइसेंसिंग क्षमता के अनुसार रखे जाने हेतु निर्देशित करते हुए मानकों के अनुसार अग्नि सुरक्षा व्यवस्था को सदैव क्रियाशील दशा में रखने हेतु निर्देशित करते हुए जागरुकता पंपलेट के माध्यम से जागरूक किया गया।

# अज्ञात बदमाश व्यापारी को गोली मारकर हुए फरार

▸ हायर सेंटर रेफर के दौरान रास्ते में हुई व्यापारी की मौत से परिजनों में कोहराम

▸ परिजनों ने गोली मारकर मोबाइल और रुपयों से भरा बैग लूट ले जाने का लगाया आरोप

चरखारी/महोबा, समृद्धि न्यूज।

कस्बा के बस स्टैंड में स्थित दुकान बंद करके पड़ोसी व्यापारी के साथ घर जा रहे बाइक सवार व्यापारी को अज्ञात बदमाशों ने गोली मार दी। गोली लगने से व्यापारी अचेत होकर गिर गया। व्यापारी के घायल होने के



बाद बदमाश मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल व्यापारी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टर ने हायर सेंटर रेफर कर दिया। रेफर के दौरान व्यापारी की रास्ते में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही एएसपी, सीओ ने घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए हैं। प्राप्त विवरण के अनुसार चरखारी कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम नौसारा के पास ग्राम निवासी हरप्रसाद का 30 वर्षीय पुत्र राजकुमार गांव के ही रहने वाले प्रदीप राजपूत के साथ बाइक में सवार होकर चरखारी बस स्टैंड स्थित अपनी मोबाइल की दुकान बंद करके मंगलवार शाम को वापस गांव जा रहा था जैसे ही बाइक नौसारा गांव के पास स्थित गौशाला के पास पहुंची तभी सशस्त्र बाइक सवार बदमाश ने जान से मारने की नियत से राजकुमार पर फायर कर दिया बदमाश द्वारा चलाई गई गोली लगने से राजकुमार अचेत होकर वहीं गिर गया।बताया जाता है कि राजकुमार चरखारी बस स्टैंड में मोबाइल की दुकान संचालित किए था उसके साथ बाइक में सवार होकर गांव जा रहा प्रदीप राजपूत भी चरखारी कस्बा के रायनपुर मोहल्ले में मोबाइल की दुकान संचालित किए है। घटना की सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह,सीओ चरखारी दीपक दुबे ने घटनास्थल पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया और थानाध्यक्ष चरखारी को घटना का जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए हैं।

### गोली मारने के बाद मोबाइल और रुपयों से भरा बैग ले गए बदमाश: परिजन

चरखारी। मृतक व्यापारी के चाचा श्रीराम और ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मपाल अहिरवार ने आरोप लगाया कि बदमाश राजकुमार को गोली मारने के बाद उसके हाथ में मोबाइल और रुपयों से भरा बैग लूटकर फरार हो गए हैं। फिलहाल पुलिस मामले की हर पहलू से जाँच पड़ताल में जुटी है।

### डीआईजी ने किया घटनास्थल का निरीक्षण

चरखारी। बीति शाम अज्ञात बदमाश द्वारा दुकान बन्द कर वापस गाँव जा रहे बाइक सवार व्यापारी को गोली मारकर घायल कर दिया गया था। घायल व्यापारी को गंभीर अवस्था में मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था। जहाँ रेफर के दौरान रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। बुधवार को चित्रकूट धाम मंडल बाँदा के डीआईजी राजेश.एस. ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जल्द खुलासा करने के निर्देश दिए हैं।

# फार्मासिस्ट ने ईएमओ को जान से मारने की दी धमकी

▸ महानिदेशक घटना की कर रहे जांच

**बकेवर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

एडी चिकित्सा एवं स्वास्थ्य कानपुर मंडल डॉ. जीके मिश्रा बुधवार को 50 शैय्या अस्साल में ईएमओ को जान से मारने की फार्मासिस्ट के धमकी देने के मामले की जांच करने पहुँचे। उन्होंने अस्पताल के सीएमएस से मामले की जानकारी ली। साथ ही शिकायत करने वाले ईएमओ व फार्माशिष्ट से पूछताछ की। मामलों की जानकारी लेकर वह महानिदेशक के पास गए।



कस्बा बकेवर के 50 शैय्या अस्पताल में तैनात इमरजेंसी मेडिकल चिकित्सक डॉक्टर सत्येंद्र साहू ने मंगलवार को अस्पताल में तैनात फार्मासिस्ट दुर्गेश तिवारी पर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। इसके बाद उनके भाई अस्पताल में दूसरे ईएमओ के रूप में तैनात चिकित्सक डॉ रविंद्र साहू ने भी इसी संबंध में सीएमएस से शिकायत की थी। मामला पर महानिदेशक स्वास्थ्य ने इस सम्बन्ध में जानकारी होने पर पूरे मामले की जाँच एडी कानपुर मंडल चिकित्सा स्वास्थ्य डॉ जीके मिश्रा को सौंपी थी। इस पर बुधवार को अधिकारियों ने संबंध में संज्ञान ले लिया। बुधवार को कानपुर मंडल के एडी स्वास्थ्य डॉक्टर जीके मिश्रा मामले की जांच करने बकेवर 50 शैय्या असाल पहुँचे। उन्होंने अस्पताल के सीएमएस डॉक्टर वीरेंद्र भारती से मामले की जानकारी ली। उसके बाद उन्होंने शिकायतकर्ता ईएमओ डॉ सतेंद्र साहू से व फार्माशिष्ट दुर्गेश तिवारी से सीएमएस के कक्ष में अलग अलग बुलाकर पूछताछ की। घटना 13 अक्टूबर की बतायी गयी ईएमओ चिकित्सक डॉक्टर सत्येंद्र साहू ने बताया कि 13 अक्टूबर दोपहर दो बजे से शाम आठ बजे तक उनकी व फार्माशिष्ट दुर्गेश तिवारी की ड्यूटी थी लेकिन ड्यूटी पर मौजूद न होने पर सीएमएस से शिकायत दर्ज की थी। इसी बात पर फार्माशिष्ट ने फोन कर उन्हें उल्टा सीधा कहा और जान से मारने की धमकी दी। जबकि फार्माशिष्ट ने बताया कि उन्होंने अपनी ड्यूटी अस्साल के चीफ फार्माशिष्ट दिनेश कुमार से बदली कर ली थी। उन्होंने फोन से ईएमओ को यही जानकारी दी थी।बाकी कुछ नही कहा था। आरोप गलत है। एडी डॉ. जीके मिश्रा ने बताया कि पूरे मामले की जांच की जा रही हैं। दोनों पक्षों के बयान लिए गए हैं। जांचकर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को प्रेषित की जाएगी।

# सपा कार्यालय पर अब्दुल कलाम की जयंती मनाई गई

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

पार्टी कार्यालय पर भारत के पूर्व राष्ट्रपति व महान वैज्ञानिक डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती के मौके पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने पदाधिकारियों के साथ पूर्व राष्ट्रपति के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किए और उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला, इसके बाद जिला कार्यसमिति की बैठक का आयोजन किया।

जिलामहासचिव वीरभान सिंह भदौरिया वीरू ने राष्ट्रीय व प्रांतीय पार्टी से प्राप्त प्रपत्रों को पढ़कर बैठक में सुनाया एवं उनके परिपालन हेतु पदाधिकारियों को निर्देश दिए गए। जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने फार्म आईडी की समीक्षा करते हुए 100 प्रतिशत कार्य करने के लिए जिला संगठन से लगाई हुई टीम एवं ब्लॉक अध्यक्ष बसरेहर को बधाई दी, इसी के साथ उन्होंने ब्लॉक महेवा में रवींद्र शुक्ला जिलाउपाध्यक्ष समाजवादी पार्टी एवं शहर में जिला संगठन की टीम एवं शहर अध्यक्ष द्वारा 70 प्रतिशत कार्य करने के लिए बधाई देते हुए शीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया।



बैठक को सदर से प्रत्याशी रहे सर्वेश शाक्य, वरिष्ठ नेता उदयभान सिंह यादव, जिलाउपाध्यक्ष अनिल प्रताप यादव, जिलाउपाध्यक्ष आशीष राजपूत, जिलाउपाध्यक्ष रवींद्र शुक्ला, जिलाउपाध्यक्ष अनवार हुसैन, जिलाउपाध्यक्ष विद्याराम यादव, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, प्रवक्ता विक्की गुप्ता, विधानसभा से अध्यक्ष उमेश राजपूत दुल्हे, छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायकखु लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष किशन यादव, शहर अध्यक्ष अब्दुल माबूद अंसारी ने संबोधित किया।

## खबरें एक नजर में

### अध्यक्ष ने वाचस्पति द्विवेदी को कोऑर्डिनेटर बनाया



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** कैंप कार्यालय महेरा चुंगी पर प्रेसवार्ता आयोजित हुई। आगरा स्नातक चुनाव के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अजय राय ने जनपद के प्रवक्ता वाचस्पति द्विवेदी को कोडिनेटर बनाया। चुनाव का कोडिनेटर बनने के बाद प्रेस से चर्चा पर वाचस्पति द्विवेदी ने बताया कि प्रदेश में होने वाले विधान परिषद स्नातक एवं शिक्षक के चुनाव में कांग्रेस पार्टी अपने दम पर पूरे प्रदेश में लड़ेगी एवं समस्त उत्तर प्रदेश के जिलों में वोट बनाने का कार्य चल रहा हे जिससे पार्टी के लोग बढ़ चढ़ के हिस्सा ले रहे हैं एवं आगरा स्नातक चुनाव में रघुराज सिंह पाल को कैंडिडेट बनाया है और विश्वास जताते हुए विक्ट्री साइन दिखाया। साथ में प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य प्रशान्त तिवारी रहे। वाचस्पति द्विवेदी के कोडिनेटर बनने पर जिलाध्यक्ष आशुतोष दीक्षित, शहर अध्यक्ष मो. राशिद, मलखान सिंह यादव, पल्लव दुबे, सतीश नागर, अंबुज त्रिपाठी, अनुराग करण, अवनीश वर्मा, ब्रजेश शर्मा, प्रेरणा जुवेरी, विष्णुकांत, नरेंद्र यादव ने बधाई दी है।

### सदर विधायिका ने केसरी मार्बल्स के शोरूम का किया उद्घाटन



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** टाइल्स विक्रेता केसरी मार्बल्स एंड ग्रेनाइट ने इटावा के निवासियों को एक बड़ी सौगात देते हुए अपने तीसरे भव्य शोरूम का शुभारंभ किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सदर विधायक सरिता भदौरिया उपस्थित रहीं, जिन्होंने फीता काटकर शोरूम का विधिवत उद्घाटन किया। शोरूम पहुँचने पर मुख्य अतिथि सरिता भदौरिया का केसरी परिवार की ओर से गर्मजोशी से स्वागत किया गया। दिपिन्ति गुप्ता ने विधायक भदौरिया को माला पहनाकर और पुष्प गुच्छ भेंटकर उनका अभिनंदन किया। विधायक सरिता भदौरिया ने नए शोरूम में उपलब्ध टाइल्स मार्बल और ग्रेनाइट के विभिन्न डिज़ाइनों और उच्च गुणवत्ता वाले उपकरणों का बारीकी से अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने शोरूम के संचालक चंद्रकिशोर गुप्ता के प्रयासों की खुले दिल से प्रशंसा की। इस अवसर पर रुचि बाजपेई, अविनाश कुमार, शेखर कुमार, श्रद्धा गुप्ता, सीताराम, जमील सहित शहर के अन्य गणमान्य नागरिक और व्यवसायी मौजूद रहे।केसरी मार्बल्स एण्ड ग्रेनाइट का यह नया शोरूम अब शहर के लोगों को टाइल्स, मार्बल और ग्रेनाइट के लिए एक व्यापक और विश्वसनीय विकल्प प्रदान करेगा।

### दहेज हत्या में पति सहित तीन को दस-दस वर्ष की कैद

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत कड़ी सजा दिलाये जाने के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के कुशल निर्देशन में वर्ष-2020 में थाना नरैनी क्षेत्र अन्तर्गत दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति, ससुर व सास को 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व जुर्माने से दण्डित कराया गया । गौरतलब हो कि जनपद बदौसा क्षेत्र के रहने वाले अबरार खान पुत्र सरफराज खान ने 28 दिसंबर 20 को थाना नरैनी पर सूचना दी कि उनकी बहन शबाना की शादी थाना नरैनी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम कल्हरा में हुई थी जिसको उसके घरवालों ने दहेज के लिये प्रताड़ित कर को जान से मार दिया । इस सम्बन्ध में थाना नरैनी में धारा 498ए/304बी भादवि 3/4 डीपी एक्ट पंजीकृत किया गया था जिसकी विवेचना तत्कालीन क्षेत्राधिकारी नरैनी सियाराम द्वारा सम्पादित की गयी । विवेचना के क्रम में विवेचक द्वारा प्रभावी विवेचना करते हुए आरोप पत्र न्यायालय में प्रेषित किया गया था । लोक अभियोजक प्रमोद कुमार द्विवेदी द्वारा न्यायालय में प्रभावी पैरवी की गई साथ ही कोर्ट मोहर्रिर आरक्षी देवेन्द्र सिंह तथा पैरोकार आरक्षी प्रवीण कुमार के अथक प्रयासों से आरोपी पति, ससुर व सास को सत्र न्यायालय बांदा द्वारा 10-10 वर्ष के सश्रम कारावास व 04-04 हजार रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया । सजा पाने वाले अभियुक्तों में अब्दुल रहमान पुत्र अब्दुल कुद्दूस निवासी कल्हरा थाना नरैनी जनपद बांदा, अब्दुल कुद्दूस पुत्र अब्दुल अजीज निवासी कल्हरा थाना नरैनी जनपद बांदा व सन्नो पत्नी अब्दुल कुद्दूस निवासी कल्हरा थाना नरैनी जनपद बांदा शामिल हैं।

### गुड टच व बैड टच की दी जानकारी

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** महिला सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति 5.0 अभियान के क्रम में पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में आज थाना पैलानी की मिशन शक्ति टीम द्वारा प्राथमिक विद्यालय कुकुवाखास में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में बच्चों को लघु फिल्में दिखाकर को सरल तरीके से गुड टच और बैड टच के बीच का अंतर स्पष्ट रूप से समझाया गया । उन्हे बाल यौन शोषण, पॉक्सो एक्ट और बच्चों से जुड़े अन्य अपराधों की पहचान, उनसे सुरक्षा के उपाय, एवं उनके विरुद्ध कानूनी प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी गई । इसके अतिरिक्त बाल यौन शोषण, बाल मजदूरी, चाइल्ड ट्रैफिकिंग, साइबर अपराध, और अन्य बाल अपराधों के विषय में भी बच्चों को अवगत कराया गया । मिशन शक्ति टीम ने बच्चों को 1098 (चाइल्डलाइन हेल्प नंबर) एवं 112 (पुलिस आपातकालीन सेवा) के बारे में भी जानकारी दी, ताकि आवश्यकता पड़ने पर वे सहायता प्राप्त कर सकें । उन्हें यह विश्वास दिलाया कि वे कभी भी किसी असामान्य या असहज स्थिति का सामना करें, तो निडर होकर अपने माता-पिता, शिक्षकों या नजदीकी पुलिस अधिकारी को बताएं। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चियों में आत्मविश्वास बढ़ाना, उन्हें संवेदनशील विषयों पर खुलकर बात करने के लिए प्रेरित करना तथा एक सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण का निर्माण करना था । एकत्रित महिलाओं से संवाद करते हुए उन्हे शासन द्वारा उनकी सुरक्षा एवं सशक्तीकरण हेतु चलाई जा रही योजनाओं एवं कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी गई साथ ही उन्हे पम्पलेट वितरित किए गए।

# दिव्यांजनों के लिए सहज अध्ययन केन्द्र का शुभारम्भ

**इटावा, समृद्धि न्यूज।**

दिव्यांग बच्चों हेतु मुख्य विकास अधिकारी द्वारा जनपद के डायट परिसर में सहज अध्ययन केन्द्र की स्थापना 24 जुलाई को कराई गयी थी जो कि दिव्यांग बच्चों के लिए बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत स्पेशल एजुकेटर्स के माध्यम से नियमानुसार संचालित किया जा रहा है। जनपद स्तर पर सहज अध्ययन केन्द्र संचालन के उपरान्त ही यह निर्णय लिया गया था कि प्रत्येक विकास खंड में खंड विकास अधिकारी के माध्यम से दिव्यांग बच्चों के लिए सहज अध्ययन केन्द्र का संचालन किया जाय।

इसके अन्तर्गत 15 अक्टूबर को ब्लॉक संसाधन केन्द्र, सैफई अभिनव विद्यालय प्रांगण में दिव्यांग बच्चों के लिए सहज अध्ययन केन्द्र का शुभारम्भ मुख्य अतिथि अजय कुमार गौतम, मुख्य विकास अधिकारी के द्वारा किया गया साथ में डॉ राजेश कुमार जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, गौरव पुरोहित खंड विकास अधिकारी सैफई, अर्चना सिन्हा जिला समन्वयक समेकित शिक्षा, नवाब वर्मा खंड शिक्षा अधिकारी सैफई एवं समस्त स्पेशल एजूकेटर कार्यक्रम में उपस्थित रहें। सहज अध्ययन केन्द्र विकास खण्ड में एक मात्र ऐसा स्थान है जहाँ मूकबधिर, दृष्टिबाधित, मानसिक मंदित, शारीरिक दिव्यांग, आटिज्म के दिव्यांग बच्चों के लिए न केवल शिक्षण-प्रशिक्षण की व्यवस्था कराई अपितु उनके अभिभावकों के लिये भी प्रशिक्षण एवं काउसलिंग की व्यवस्था कराई गई ताकि दिव्यांग बच्चे अपने घर पर भी सहज अध्ययन केन्द्र में दिये गये प्रशिक्षण की निरन्तरता से जीवन को सुगम्य बना सकें।



### प्रतिमा का अनावरण न होने से भाजपा नेता आंदोलित

**भाजपा अध्यक्ष के आश्वासन पर अनशन स्थगित**



**इटावा, समृद्धि न्यूज।** डीएम चौराहे पर भाजपा के भारत रत्न प्राप्त पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा के अनावरण को लेकर भाजपा कार्यकर्ता धर्मेंद्र दुबे ने 11 अक्टूबर को आमरण अनशन शुरू कर दिया। भाजपा के जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के संज्ञान में आने के बाद शीघ्र ही प्रतिमा का अनावरण का आश्वासन देकर श्री दुबे का आमरण अनशन स्थगित करवा दिया गया। अटल बिहारी वाजपेई की प्रतिमा का अनावरण पूर्व में मूर्ति बदलने को लेकर टाला गया। अब लगता है नगर में नवनिर्मित रेलवे ओवरब्रिज का उद्घाटन और मूर्ति का अनावरण साथ-साथ होने का कयास लगाया जा रहा है। लगभग एक वर्ष बीत जाने के बाद भी मूर्ति का अनावरण ना होने से भाजपा कार्यकर्ता वास्तव में परेशान है। प्रदेश तथा केंद्र में भाजपा सरकार होने के बावजूद मूर्ति का अनावरण ना हो पाना समझ में न आने वाली बात है।

# क्षेत्रीय क्रीडा प्रतियोगिता में आर्य कन्या ने जीता खिताब



**बांदा, समृद्धि न्यूज।** भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज बांदा में 69वीं में क्षेत्रीय क्रीडा व सांस्कृतिक कार्यक्रम 11 अगस्त 2025 से 14 अगस्त 2025 को हर्षोल्लाह व गरिमा के साथ संपन्न हुई थी। भव्यता,शालीनता अति उल्लास के साथ स्पोर्ट्स रैली का समापन उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद केशमानी के द्वारा किया गया। आर्य कन्या इंटर कालेज को क्षेत्रीय रैली बांदा की चौंपियन शील्ड प्रदान की गई स बांदा क्षेत्रीय रैली में सिरकत कर रहे सभी बालक बालिकाओं, व्यायाम शिक्षकों और शिक्षकाओं, प्रधानाचार्यगण को कार्यक्रम की सफलता के लिए उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक की ओर से सद्भावनाएं व्यक्ति की स इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि जीतेंद्र द्विवेदी एसबीआई क्षेत्रीय कार्यालय के मुख्य प्रबंधक ने विजेता छात्र/छात्राओं, व्यायाम शिक्षक- शिक्षकाओ व प्रधानाचार्यो को मेडल शील्ड व मोमेंटो देकर सम्मानित किया स कॉलेज के संरक्षक श्री रामलखन कुशवाहा (सेवानिवृत्ति वरिष्ठ प्रबंधक) ने कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजकगण, विशेष रूप से विद्यालय प्रधानाचार्य श्री राजेंद्र सिंह व व्यायाम शिक्षक शिक्षकाओं को आभार व बांदा क्षेत्र के सभी सहभागी छात्र/छात्राओं को बधाई दी। ज्ञातव्य हो कि इस कार्यक्रम की शुरुआत उप जिला अधिकारी सदर बाँदा नमन मेहता , कालेज के अध्यक्ष शिवशरण कुशवाहा, प्रबंधक एड. अंकित कुशवाहा, जीआईसी प्रधानाचार्य धर्मराज,व जीजीआईसी प्रिंसिपल श्रीमती निमिषा रंजन सहित उपस्थित प्रधानाचार्यो ने मशाल जलाकर खेल भावना की शपथ दिलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की स रैली में विजेता छात्र/छात्राओं को चौंपियन को शील्ड देकर पुरुष्कृत किया गया। बालिका वर्ग में आर्य कन्या इंटर कॉलेज व बालक वर्ग में आश्रम पद्धति विद्यालय एथलीट की टीम चौंपियन रही। कार्यक्रम में डायरेक्टर श्रीमती संध्या कुशवाहा, सुरेश कुमार चौधरी (जिला क्रीडा सचिव बांदा), कॉलेज प्रधानाचार्य राजेन्द्र सिंह, प्रधानाचार्य रामकेश कुशवाहा (तथागत ज्ञान स्थली इन्टर कालेज ) ,प्रधानाचार्य सुनील कुमार ( हनुमान बाहुक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुल्कुम्हारी), प्रधानाचार्या श्रीमती पूनम गुप्ता (आर्य कन्या इन्टर कॉलेज) पत्रकार सुनील सक्सेना, रमेश चंद्र (मन्डल सचिव), शारीरिक शिक्षक शाहिद वली, रामदेव , रवींद, अशोक, श्रीमती पुष्पा, शहजादी, स्मृति द्विवेदी,शालिहा परवीन, श्रीमती लक्ष्मी देवी , महेश कुमार, रावेन्द्र सिंह , देवेन्द्र कुमार ,कालेज शारीरिक शिक्षक ललित कुमार आदि उपस्थित रहे।

### 31 तक जमा होगी हज की दूसरी किश्त : आरिफ

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** हज 2026 की गाइडलाइन्स के प्रावधानों के अनुसार, मुख्य हज ट्रेनर बांदा/चित्रकूट हाजी आरिफ खान ने बताया सभी चयनित यात्रियों (उनमें वे भी शामिल हैं जो प्रतीक्षा सूची से चयनित हुए हैं) को यह सूचित किया जाता है कि वे प्रति यात्री 1,25,000 (दूसरी किस्त) की राशि 31.10.2025 तक जमा करें। ई-पेमेंट (ऑनलाइन भुगतान) वेबसाइट के माध्यम से क्रेडिट कार्ड / डेबिट कार्ड / नेट बैंकिंग का उपयोग करके या बैंक चालान द्वारा भारतीय स्टेट बैंक या यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की किसी भी शाखा में हज कमेटी आफ इंडिया के खाते में राशि जमा करें। भुगतान करते समय बैंक रिफरेंस नंबर अवश्य लिखें। शेष हज राशि (तीसरी और अंतिम किस्त) की जानकारी हवाई किराया और सऊदी अरब में होने वाले अन्य खर्चों के निर्धारण के बाद दी जाएगी। यात्रियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि वे निर्धारित समय सीमा के भीतर भुगतान करें। यदि कोई यात्री समय पर भुगतान नहीं करता, तो उसका हज आरक्षण रद्द किया जा सकता है।

# कांग्रेसियों ने कार्यालय में चलाया हस्ताक्षर अभियान

**बांदा, समृद्धि न्यूज।**

बुधवार को शहर कांग्रेस कमेटी बांदा के तत्वाधान में स्टेशन रोड जिला कांग्रेस कार्यालय में माननीय नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी सांसद समूचे देश में भाजपा सरकार के खिलाफ महिम चल रहे हैं पूरे देश में वोट चोर गद्दी छोड़ हस्ताक्षर का कार्य चल रहा है लगभग यह कार्यक्रम पूरे देश में जोर-शोर से चल रहा है उत्तर प्रदेश अध्यक्ष माननीय अजय राय जी के आदेश निर्देश पर बांदा शहर कांग्रेस कमेटी में भी इस अभियान को सफल बनाएंगे ज्यादा हस्ताक्षर के मदद से ब्रेस्ट सरकार को हटाएंगे जोर-शोर से पूरा किया जा रहा है एक महीना हो गए इस कार्य को कांग्रेस शहर अध्यक्ष अफसाना शाह की अध्यक्षता में करते हुए लगभग आधा दर्जन बाय तारों में हस्ताक्षर अभियान चल रहा है वार्ड वार्ड मोहल्ले मोहल्ले हस्ताक्षर अभियान में शहर पदाधिकारी व कार्य करता वार्ड के कई वार्ड अध्यक्ष भी भरपूर मेहनत कर रहे हैं सारे कांग्रेस के पदाधिकारी भी मेहनत कर रहे हैं सभी कांग्रेसियों ने अपनी हस्ताक्षर कर बैनर को कंप्लीट करवाया कांग्रेस के सभी नेताओं की भरपूर कोशिश है कि जो देश में भ्रष्ट चल रहा है उसे दूर किया जाए इमानदारी की सरकार बने और गरीब जनता को अपना वोट का अधिकार ईमानदारी से मिले और किसी किसी के होते हुए उसका अधिकार न चुराया जाए ना ही उसका नाम काटा जाए और हम कांग्रेस के पदाधिकारी एक-एक कार्यकर्ता इस मेहनत को सफल बनाएंगे ज्यादा से ज्यादा लोगों के नजदीक जा करके उनसे हस्ताक्षर अभियान की मदद से सभी ने बहुत मेहनत की है कई दिन से लगातार हस्ताक्षर का कार्यक्रम चल रहा था उनमें से शामिल है ड केपी सेन शिव बली सिंह भैया पूर्व शहर अध्यक्ष राजबहादुर गुप्ता छेदीलाल धुरिया शहर महासचिव शाकिर मंसूरी लाल मंसूरी शहर सचिव पप्पू हसन शब्बीर सौदागर अली इस्लाम भाई सलीम खान मुमताज खान रफत खान गोगा आरिफ निजाम वारिस भाई गांधी सभी शहर के पदाधिकारी शामिल रहे।



# वोट चोर गद्दी छोड़ के तहत कांग्रेसियों ने कराये हस्ताक्षर



**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज।**

कांग्रेसियों ने वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत मोहल्ले मोहल्ले हस्ताक्षर अभियान चलाकर सैकड़ो लोगों से जुटाया समर्थन। लोगों के भाजपा की जन विरोधी नीति यो से किया जागरूक।

कांग्रेस द्वारा वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के तहत भाजपा सरकार के खिलाफ लोगों से हस्ताक्षर अभियान चला कर जुटाए जा रहे समर्थन के तहत बुधवार को नगर कांग्रेस कमेटी द्वारा कस्बे मोहल्ले मोहल्ले कैंप लगाकर हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत कर दी है कस्बे के अंबेडकर नगर राजनगर में हस्ताक्षर अभियान के दौरान लोगों में भाजपा की नीतियों के खिलाफ आक्रोश दिखा इस दौरान कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष व नरैनी विधानसभा प्रभारी सूरज वाजपेई ने कहां की देश व प्रदेश में बैठी सरकार ने महंगाई से लोगों की कमर तोड़ दी है जिससे परिवर्तन के लिए लोग आगे आ रहे हैं पूर्व चेयरमैन कल्लू राम जाटव व कांग्रेस जिला महासचिव जगदीश गुप्ता विक्की ने कहा कि देश का किसान हुआ आम आदमी अपने को ठगा महसूस कर रहा है कांग्रेस नगर अध्यक्ष रमेश चंद्र साहू अभियान के दौरान भाजपा की जन विरोधी नीतियों के प्रति लोगों को जागरूक किया इस दौरान युवा नेता अजीत जाटव भानु सिंह मुन्नी देवी पूर्व सभासद रमेश वर्मा मुन्नू लाल जितेंद्र वर्मा रामदुलारे सियाराम सहित आधा सैकड़ा लोगों से हस्ताक्षर बनवाकर समर्थन जुटाया।


**कार्यालय ग्रा0पं0 सलेमपुर त्योरी वि0ख0 नवाबगंज, फर्रु0**

पत्रांकः ग्रा0पं0/ राज्य वित्त/15वां वित योजनान्तर्गत/ वित्तीय वर्ष 2025-2026 दिनांक 15/10/2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अंतर्गतग्राम पंचायत सलेमपुर त्योरी द्वारा कराये जाने वाले निर्माण कार्यों पर सामग्री आपूर्ति हेतु निम्नलिखित विवरण के अनुसार रजिस्टर्ड निविदादाताओं से सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा दिनांक 16/10/2025 से 22/10/2025 तक अपरान्ह 03 बजे तक आमंत्रित की जाती है, जो दिनांक 22/10/2025 को अपरान्ह 04 बजे प्रधान/सचिव व निविदादाताओं की मौजूदगी में खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र ग्रा0 पं0 कार्यालय से रू 500 नगद जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | डामर रोड से विजय सिंह के घर तक खण्ड़जा व नाली मरम्मत कार्य | 2.31 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | सूरज पाल के घर से रामकिशोर के घर तक सीसी कार्य | 1.45 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

नियम व शर्ते- निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

प्रधान-(विजेन्द्र सिंह) ग्रा0पं0 सलेमपुर त्योरी, वि0ख0 नवाबगंज सचिव-(बृजेश सिंह)



**कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जनपद जालौन**

पत्रांक सं. 1001/जि.आ.अ./जालौन/2025-26 दिनांक- 15.10.2025

**चेतावनी**

कार्यालय आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश प्रयागराज के पत्र संख्या 7046-7252/ ग्यारह/ ई.आई.बी./ वि.प्र.अ./ 2025-26/ दिनांक प्रयागराज 06 अक्टूबर 2025 के द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मिथाइल एल्कोहल एक प्रकार का घातक जहर है, जो सामान्य शराब की तरह दिखता है, इसका प्रयोग अवैध/कच्ची शराब बनाने वाले कर सकते है, जिसके पीने से ऑखों की रोशनी जा सकती है तथा इसके अधिक सेवन से व्यक्ति की जान भी जा सकती है।

अतः आपसे यह अपील की जाती है कि सरकारी मदिरा की दुकानों से क्यू.आर.कोड (स्टीकर) लगे मदिरा का ही सेवन करें। अवैध या कच्ची शराब के बिक्री के अड्डों से शराब कदापि न खरीदें और न ही इसका सेवन करें। उ.प्र. में वैध शराब पाउच में नहीं बिकती है, पाउच वाली शराब किसी भी हालत में न खरीदें क्योंकि यह पूर्णतया नकली एवं जानलेवा है। उ.प्र. में अवैध शराब बनाने वाले, अवैध शराब में शामिल परिवहन एवं बिक्री करने का दोषी पाये जाने पर उ.प्र. आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत आजीवन कारावास तथा जहरीली शराब की बिक्री किये जाने पर 60(क) आबकारी अधिनिमय के अन्तर्गत मृत्युदण्ड का भी प्राविधान है।

यदि आमजन को अवैध शराब के निर्माण, बिक्री व परिवहन की सूचना प्राप्त होती है, तो वह नीचे दिये गये नम्बरों पर इसकी सूचना दे सकते है। सूचना देने वाले व्यक्ति की पहचान गुप्त रखी जायेगी। अवैध शराब के निर्माण/ बिक्री की सूचना स्थानीय पुलिस थानों के साथ-साथ निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर भी दे सकते है।

| | | |
|---|---|---|
| जिला आबकारी अधिकारी, जालौन | - | 9454465677 |
| आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-1, उरई | - | 8958108938 |
| आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-2, जालौन | - | 9415478153 |
| आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-3, कोंच | - | 7985754643 |
| आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-4, कालपी | - | 9997522216 |
| आबकारी निरीक्षक, क्षेत्र-5, माधौगढ़ | - | 9718491814 |
| टोल-फ्री नं. | - | 14405 |
| व्हाट्सएप नं. | - | 9454466019 |

(भूपेन्द्र सिंह)
जिला आबकारी अधिकारी
जनपद-जालौन।


# नि:शुल्क गैस सिलेण्डर कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**बांदा, समृद्धि न्यूज।** सीएम योगी आदित्यनाथ के द्वारा दीपावली एवं धनतेरस पर्व के अवसर पर प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत एक नि:शुल्क गैस सिलेण्डर परिवारों को दिये जाने के लखनऊ में लोक भवन में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद बॉदा में कलेक्ट्रेट सभागार में किया गया। प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत प्रदेश स्तर पर 1500 करोड़ रूपये की धनराशि से 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया। इसी क्रम में कलेक्टेट्र में आयोजित कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से 20 परिवारों को गैस सिलेण्डर सब्सिडी का वितरण भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत, जिलाधिकारी श्रीमती जे0 रीभा द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कलेक्ट्रेट में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के अन्तर्गत एक नि:शुल्क गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा दीपावली एवं धनतेरस पर्व के अवसर पर नि:शुल्क गैस सिलेण्डर की सब्सिडी दी जा रही है, इसके साथ ही महिलाओं के हितों के लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा कई योजनायें संचालित की गयी हैं। रक्षाबन्धन के पर्व के अवसर पर महिलाओं को नि:शुल्क परिवहन की व्यवस्था रोडवेज बसों में की गयी थी, इसी के साथ बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए बेटी बचाओ-बेटी पढाओ योजना, कन्या सुमंगला योजना, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनायें संचालित हैं, जिनका लाभ महिलाओं एवं बालिकाओं को दिया जा रहा है। जनपद में भी उज्जवला योजना के अन्तर्गत हजारों परिवारों को लाभ दिये जाने हेतु सब्सिडी का लाभ सीधे खाते में प्रेषित किया जा रहा है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष एवं जिलाधिकारी द्वारा श्रीमती शिवप्यारी, श्रीमती मंजू, श्रीमती रामलली, श्रीमती कुशमा, श्रीमती उर्मिला, श्रीमती रूबीना, श्रीमती सौर्या बेगम, श्रीमती सीमा गुप्ता सहित अन्य लाभार्थियों को सिलेण्डर की सब्सिडी की धनराशि का चेक वितरण किया गया। कार्यक्रम में जिलाधिकारी श्रीमती जे. रीभा, मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार राज, जिला पूर्ति अधिकारी कलामुद्दीन अंसारी सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# शिक्षकों ने टेट अनिवार्यता के विरोध में चलाया हस्ताक्षर अभियान



**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सुप्रीम कोर्ट द्वारा सेवा शर्तें पूरी कर वर्षों पूर्व नियुक्त शिक्षकों पर दो वर्षों के भीतर टीईटी उत्तीर्ण करने की बाध्यता के विरोध में शिक्षकों में रोष व्याप्त है।

इसीबुधवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (संबद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ, नई दिल्ली) की जनपद इकाई के बैनर तले ब्लॉक संसाधन केंद्र जलालाबाद पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षकों ने सामूहिक रूप से टेट की अनिवार्यता के निर्णय के विरोध में हस्ताक्षर अभियान चलाया। बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष सुशील कुमार यादव ने की। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट द्वारा 1 सितंबर 2025 को दिए गए आदेश को अव्यवहारिक बताते हुए कहा कि यह निर्णय वर्षों से सेवा दे रहे शिक्षकों के अस्तित्व पर संकट खड़ा कर रहा है। उन्होंने कहा कि निर्णय में कई विसंगतियां हैं, जिससे लाखों शिक्षकों की आजीविका पर संकट मंडरा रहा है।

पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष रमाकांत पाल ने कहा कि शिक्षक समाज इस फैसले का हर स्तर पर विरोध करेगा। चाहे वह स्कूल हो या संसद। हम पीछे हटने वाले नहीं हैं। संघ के मंत्री रामौतार ने केंद्र सरकार से अविलंब संसद का विशेष सत्र बुलाकर इस संकट का समाधान करने की मांग की। उन्होंने कहा कि शिक्षकों के भविष्य को सुरक्षित करना सरकार की जिम्मेदारी है। जिला सोशल मीडिया प्रभारी अवधनारायण ने कहा कि जिस दिन सभी शिक्षक साथी एकजुट होकर संकल्प के साथ आवाज उठाएंगे, उसी दिन टीईटी की बाध्यता का अध्याय समाप्त हो जाएगा। इस मौके पर कोतवाल सिंह, प्रदीप यादव, महेंद्र सिंह, मदार बख्श, सियाराम, छक्कू लाल, सुनील दुबे, अमिता कटियार, दलवीर यादव, सिराज अहमद समेत दर्जनों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहीं।

# सड़क किनारे डाले जा रहे मुर्गों के अवशेषों से फैल रही बदबू

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

नगर के चिकन दुकानदार मुर्गा से निकले बाले पंख आदि कचर को सड़क किनारे फैला रहे है जिसकी बदबू से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

राजकीय इण्टर कॉलेज के छात्र छात्राओं को बदबू से परेशानी हो रही है कस्बा समधन के पश्चिमी स्वागत गेट के पास चिकन दुकानदार सड़क किनारे मुर्गा से निकले बाले पंख और अन्य कचरा फैला रहे है। इस गन्दगी से स्वच्छ भारत अभियान का उलंघन हो रहा है। और यह समस्या लंबे समय से बनी हुई है। इसी मार्ग से इंटर कॉलेज के छात्राएं प्रतिदिन गुजरते हैं। जिन्हें कचरे की बदबू से परेशानी का सामना करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त कचरे के देर के पास आवारा कुत्तों का जमा बड़ा रहता है जिससे दो पहिया वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का खतरा बना हुआ है। नगर पंचायत कार्यालय द्वारा पहले भी दुकानदारों को सड़क किनारे कचरा ना डालने के निर्देश दिए गए थे



इन निर्देशों के बाद भी कुछ समय के लिए स्थिति में सुधार हुआ था लेकिन अब दुकानदारों ने फिर से मुर्गा से निकले बाले पंख आदि कचरा को फैलाना शुरू कर दिया है। छात्र मोहम्मद तारिक, फैजान और अज़हर के साथ-साथ नईम शेख, नासिर, लालू , राजू यादव, महेश यादव,नीलू यादव जैसे स्थानीय निवासियों ने बताया कि इस समस्या से काफी परेशानी बनी हुई है।

## धूमधाम से मनाई एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

**छिबरामऊ, कन्नौज।** आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) के तत्वाधान में पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि कलाम जी ने सामान्य परिवार में जन्म लेकर अपनी मेहनत और लगन से देश का गौरव बढ़ाया। मिसाइल निर्माण में उनकी उपलब्धियों ने उन्हें मिसाइल मैन की उपाधि दिलाई और वे देश के राष्ट्रपति बने। उनकी ईमानदारी और मेहनत से प्रेरणा लेते हुए शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। शिक्षा ही सफलता की कुंजी है। इस मौके पर जिला महासचिव चांद खां, उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, विधानसभा अध्यक्ष सुरजीत दिवाकर, नगर अध्यक्ष अरशद खां, उपाध्यक्ष कामिल खां, सद्दाम, फुंदन खां, मुकील खां, इसरार, नादिर खां, कादीर खां, अमन, साकिब सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# बिजली के ब्रांडेड आइटमों की चाहत बढ़ी



**▸ प्रकाश इंटरप्राइजेज में उपलब्ध हैं नामी कंपनियों के उपकरण व केबिल**

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

लोगों में बिजली के ब्रांडेड आइटमों की चाहत पहले से काफी ज्यादा बढ़ गई है क्योंकि यह जल्दी खराब नहीं होते और लंबे समय तक काम आते हैं।

शहर में गंगोत्री गेस्ट हाउस के पास (तिवारी जी की बिजली की दुकान) प्रकाश इंटरप्राइजेज का नगर का एकमात्र हैवेल्स स्टैंडर्ड शोरूम है। इसके संचालक अभिनय तिवारी उर्फ रेशू का कहना है कि यहां का पूरा बाजार ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर आधारित है। गांव में फसल अच्छी हुई तो बाजार में भी रौनक बढ़ जाती है। हालांकि लोगों में बिजली के ब्रांडेड आइटमों की चाहत बढ़ी है लेकिन पिछले साल की अपेक्षा इनके दाम भी काफी बढ़ गए हैं। इस बार दीपावली के लिए वह शानदार इलेक्ट्रिक झालरों की काफी वैरायटी लेकर आए हैं। इसके लिए बड़ी पूंजी भी फंसा दी है उम्मीद है कि त्योहार में इसकी मांग बढ़ेगी। उन्होंने कहा उनके शोरूम में हैवेल्स की पूरी रेंज उचित मूल्य पर उपलब्ध है। इसके साथ ही एंकर, वी-गार्ड, बजाज व पौलीकैब आदि स्टैंडर्ड कंपनियों के उत्पाद भी मिलते हैं। ब्रांडेड कंपनियों के सीलिंग फैन, वॉल फैन, रूम फ्रेशनर, एग्जास्ट फैन, इलेक्ट्रिक गीजर, गैस गीजर, एलईडी बल्ब, ट्यूबलाइट, एलइडी पैनल, हर तरह के इलेक्ट्रिक स्विच, प्रेस, इंडक्शन हीटर,हर तरह की केबल, सभी तरह की लाइटिंग व अंडरग्राउंड फिटिंग की पूरी रेंज उपलब्ध है।



## राष्ट्रहित के प्रतीक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम को दी श्रद्धांजलि

**छिबरामऊ, कन्नौज।** मदरसा उस्मानिया गरीब नवाज के कम्प्यूटर सेंटर, मुर्रा में भारत के पूर्व राष्ट्रपति और मिसाइल मैन डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम का 94वां जन्मदिवस शिक्षकों, छात्र-छात्राओं और स्टाफ ने बड़ी धूमधाम से मनाया।

कार्यक्रम में मोमबत्ती जलाकर, राष्ट्रगान गाकर और उनके चित्र पर माल्यार्पण कर समारोह की शुरुआत की गई। इस अवसर पर सेंटर इंचार्ज फखरूददीन ने भावुक भाषण देते हुए डॉ. कलाम के राष्ट्रहित में योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, डॉ. कलाम हमारे प्रेरणास्रोत हैं, जिन्होंने गरीबी के बावजूद विज्ञान की ऊंचाइयों को छुआ। उन्होंने पृथ्वी, त्रिशूल, आकाश, नाग और ब्रह्मोस जैसी स्वदेशी मिसाइलें विकसित कीं, जो देश की रक्षा में मजबूत कवच बनीं। हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर में ब्रह्मोस ने पाकिस्तानी आतंकी ठिकानों को ध्वस्त कर सेना की ताकत दिखाई। उनकी बदौलत भारत को पहली स्वदेशी मिसाइलें मिलीं, जो आज भी हमारी सुरक्षा सुनिश्चित करती हैं। उन्होंने कहा डॉ. कलाम ने युवाओं को ड्रीम्स टू रियलिटी का मंत्र दिया। शिक्षा और नवाचार से ही राष्ट्र मजबूत होता है। हमें उनके आदर्शों पर चलना चाहिए, ताकि भारत विकसित राष्ट्र बने।

# धान की खराब फसल से व्यापारियों ने की खुली नीलामी की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

इस वर्ष अत्यधिक वर्षा के कारण धान की फसल बुरी तरह प्रभावित हो गई है, जिससे इसकी गुणवत्ता में भारी गिरावट आई है। नवीन मंडी में गल्ला आलू व्यापारी संघ के अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में व्यापारियों ने इस समस्या पर गहन विचार-विमर्श किया। बैठक में आम सहमति बनी कि मंडी सचिव को धान की बिक्री खुली नीलामी प्रक्रिया से कराने का निर्देश दिया जाए।

अध्यक्ष आदेश कुमार गुप्ता ने बताया कि मंडी में आने वाले धान का बाजार मूल्य वर्तमान में 1500 से 2500 रुपये प्रति कुंतल तक सीमित है। वहीं, मंडी समिति के पोर्टल पर इसका न्यूनतम मूल्य 2400 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित है। इस



मूल्यांकन के कारण व्यापारी 2400 रुपये से कम पर छह प्रतिशत शुल्क (6 आर) नहीं काट पा रहे हैं, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान हो रहा है। गुप्ता ने मंडी सचिव, सभापति/एसडीएम से अनुरोध किया है कि नीलामी में प्राप्त दर के आधार पर ही शुल्क वसूला जाए। उन्होंने कहा, इस व्यवस्था के अभाव में व्यापारी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। बैठक में कच्चे-पक्के आढ़ती व अन्य व्यापारिक समस्याओं पर भी चर्चा हुई। तय किया गया कि इन मुद्दों को आपसी सहमति से हल करने के लिए आगे बैठक आयोजित की जाएंगी। व्यापारियों का मानना है कि खुली नीलामी से पारदर्शिता बढ़ेगी और नुकसान कम होगा।

# टूटी नालियों से सड़क पर हो रहा जलभराव, आवागमन बाधित



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

विकासखंड क्षेत्र के फरीदपुर गांव में सड़क पर जलभराव की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। बारिश के कारण सड़क पर पानी भर जाता है, जिससे आवागमन में भारी दिक्कतें आ रही हैं। ग्रामीणों ने बताया कि गांव की नालियां भी टूटी हुई हैं। इस वजह से नालियों का पानी भी सड़क पर जमा हो जाता है, जिससे स्थिति और खराब हो जाती है। गांव के विनीत चौहान, नौबत सिंह, सौरभ कुमार और प्रदीप कुमार सहित कई ग्रामीणों ने बताया कि इस जलभराव के कारण उन्हें निकलने में काफी परेशानी होती है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से जल्द से जल्द सड़क और नालियों की मरम्मत कराने की मांग की है।

## खेलने के विवाद में हुई मारपीट

**जालौन (उरई)।** खेल खेलने को लेकर हुए विवाद में चार लोगों के बीच हाथापाई हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने चारों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी आशीष, राजा, अविनेश, व सत्यम गांव के बाहर खेल रहे थे। खेल खेलने के दौरान उनके बीच विवाद होने लगा। विवाद बढ़ता हुआ गाली, गलौज से होकर हाथापाई तक पहुंच गया। कुछ ही देर में उनके बीच डंडे चलने लगे। वहां से निकल रहे लोगों ने इसकी सूचना कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया। न मानने पर पुलिस ने चारों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की है।

# विकास कार्य में सभासद व जनता करें सहयोग : चेयरमैन



**समधन, समृद्धि न्यूज।**

**▸ नगर पंचायत कार्यालय में आयोजित हुई बैठक**

प्रधानमंत्री की ओर से विकसित भारत बनाने के सपने को पूरा करने के लिये हम सब अपने-अपने सुझाव देकर नगर के विकास के लिये सभी सभासद व जनता से सहयोग करने की अपील चेयरमैन ने की है। बुधवार को समधन नगर पंचायत कार्यालय परिसर में एक बैठक का आयोजन चेयरमैन आसमा बेगम की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें उन्होंने कहा सभासद व आम जनता नगर के विकास कार्यों में अपना सहयोग करें। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने बताया कि स्वच्छ भारत अभियान के तहत आप सबका सुझाव लायेगा बदलाव और विकसित उत्तर प्रदेश हमारा देश 2047 में विकसित भारत बने यही हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का सपना है इसके लिए हम सबको एक दूसरे को जागरूक करना पड़ेगा ईओ ने आगे कहा कि नगर में जगह जगह होडिंग लगाईं गई है जिन्हें स्कैन करके नगर के कर्मचारी आम जनता को घर घर जाकर उनके सूझाव ले जिससे सरकार को पता चल सके कि जो विकास कार्य करायें गये है उनमें कमियां जो रह गई।

उसे पूरा किया जा सके और वाद में समीक्षा कर उत्तर प्रदेश 2047 का का रोड मैप तैयार किया जायेगा। इस अवसर पर विवेक गुप्ता, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, आनन्द कुमार हनीफ, कासिम , अताउल्ला अली मोहम्मद अरमान, नजरूल आदि मौजूद रहे।

# डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती पर समाजवादियों ने दी श्रद्धांजलि

**कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी कार्यालय पर भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन जिला अध्यक्ष कलीम खान की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर सपा नेताओं ने डॉ. कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष कलीम खान ने डॉ. कलाम की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म 15 अक्टूबर 1931 को तमिलनाडु के रामेश्वरम में हुआ था। वे न केवल एक महान वैज्ञानिक थे, बल्कि देश के रक्षा अनुसंधान और अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने भारत को मिसाइल तकनीक में आत्मनिर्भर बनाया, इसलिए उन्हें मिसाइल मैन कहा गया। समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन और विधानसभा अध्यक्ष पी.पी. सिंह बघेल ने कहा कि डॉ. कलाम सादगी, ईमानदारी और राष्ट्रभक्ति के प्रतीक थे। उनका जीवन प्रेरणादायक है। समाजवादी पार्टी उनके बताए आदर्शों पर चलने के लिए संकल्पबद्ध है। वक्ताओं ने कहा कि जिस प्रकार से डॉ. कलाम ने अपने जीवन को देश के विकास और युवाओं को प्रेरित करने में समर्पित किया, उसी प्रकार समाजवादी पार्टी भी जनता के हितों के लिए निरंतर संघर्षरत है।

# विकास योजनाओं में ढिलाई पर 13 अधिकारियों का वेतन रोका

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**




शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन स्थित रानी लक्ष्मीबाई सभागार में सीएम डैशबोर्ड व विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की। समीक्षा के दौरान 15 विभागों की प्रगति का विस्तृत गहन समीक्षा की गई। अपेक्षित प्रगति न मिलने और कार्यों में लापरवाही पाए जाने पर जिलाधिकारी ने 13 अधिकारियों का अग्रिम आदेश तक वेतन रोकने के साथ 7 अधिकारियों का स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा आमजन के कल्याण के लिए अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं संचालित कर रही है। ऐसे में अधिकारियों की जिम्मेदारी बनती है कि वे योजनाओं को समयबद्ध एवं पारदर्शी ढंग से धरातल पर उतारें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समीक्षा के दौरान विद्युत विभाग में खराब ट्रांसफार्मरों की शिकायतों के निस्तारण में उदासीनता, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रोस्टर अनुसार विद्युत आपूर्ति न होने पर अधिशासी अभियंताओं का वेतन रोका गया। ग्राम्य विकास विभाग में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) और डे-एनआरएलएम की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर परियोजना निदेशक का वेतन रोक। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग में 102 और 108 एंबुलेंस सेवाओं, टैली रेडियोलॉजी, बायोमेडिकल उपकरण रखरखाव एवं सिटी स्कैन सेवाओं की स्थिति खराब पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी का वेतन रोका गया। प्राथमिक शिक्षा विभाग की ऑपरेशन कायाकल्प, पीएम पोषण, निपुण आकलन परीक्षा और विद्यार्थियों की उपस्थिति में लापरवाही पाए जाने पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी का वेतन रोका। इसी प्रकार पशुधन विभाग में निराश्रित गोवंश संरक्षण की प्रगति पर नाराजगी जताते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी का वेतन रोका गया। महिला एवं बाल विकास विभाग में निराश्रित महिला पेंशन और मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना की धीमी प्रगति पर प्रभारी प्रोबेशन अधिकारी का वेतन रोका।

## तकनीकी सहायक के निधन पर साथियों ने दी श्रद्धांजलि

**कुठौंद (जालौन)।** विकास खंड कुठौंद में तैनात तकनीकी सहायक अशोक कुमार गौतम का आकस्मिक में निधन होने की जानकारी जैसे ही क्षेत्र पंचायत कुठौंद के कर्मचारियों को पता चली तो शोक की लहर दौड़ गयी। बाद में विकास खंड के सभागार में मृत आत्मा की शांति हेतु समस्त कर्मचारियों एवं ग्राम प्रधानों द्वारा दो मिनट का.मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गयी। शोक सभा में सतीश चंद्र वर्मा एडीओ (आईएसबी) अर्चना मिश्रा (स्थापना), राजकुमार लेखाकार, अमित कुमार लेखा सहायक, दीपक कुमार पत्रवाहक, आदित्य कुमार, दीपक द्विवेदी ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मनीष शुक्ला ग्राम प्रधान, मनोज कुमार ठेकेदार, गरुणेश शुक्ला, रिंकू कुमार रोजगार सेवक, पारस, चरण सिंह, शैलेंद्र कुमार, भगवान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# रानू मजूमदार ने बांसुरी वादन से मोहा बच्चों का मन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**

नगर के कंपोजिट विद्यालय में स्पिक मैके के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में पद्मश्री पंडित रानू मजूमदार ने अपने बांसुरी वादन से बच्चों का मन मोह लिया।

उन्होंने न केवल अपनी कला का प्रदर्शन किया, बल्कि बच्चों को बांसुरी वाद्य यंत्र की बारीकियां और भारतीय शास्त्रीय संगीत के महत्व से अवगत कराया।

पंडित मजूमदार ने बांसुरी के माध्यम से सुरों के आधार सारेगामापा के बारे में विस्तार से समझाया तथा कई चर्चित गीतों पर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। उनके साथ बांसुरी पर कल्पेश संचाला और तबले पर अजीत पाठक ने बेहतरीन संगत दी, जिससे वातावरण संगीतमय हो गया।



स्पिक मैके के रीजनल कोऑर्डिनेटर हिमांशु सक्सेना ने संस्था द्वारा शास्त्रीय संगीत के प्रसार के कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन शशिकांत शुक्ला ने किया, जिन्होंने शास्त्रीय संगीत के शांति और आनंद प्रदान करने वाले प्रभाव पर जोर दिया, जबकि पाश्चात्य संगीत से उन्माद उत्पन्न होने की बात कही। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संदीप कुमार ने ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की, कहा कि इससे परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में शास्त्रीय संगीत के प्रति आकर्षण बढ़ेगा। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने कहा कि शांत चित्त में शास्त्रीय संगीत का आनंद दोगुना होता है, ऐसे आयोजन बच्चों के लिए महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम में अनूप मिश्रा, प्रभात दुबे, विनोद मिश्रा, विषेंद्र दीक्षित, राजेश पाठक, अरुण प्रताप सिंह, सोनी सिंह, स्वेता यादव, ऋचा यादव, सीता राजपूत, आराधना त्रिपाठी, रंजीत मौर्या, वंदना यादव, निशा यादव और नीतू पाल सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# टायर लेकर दिल्ली जा रही डीसीएम पुल की रेलिंग तोड़ हवा में लटकी

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

**▸ हादसे में चालक, परिचालक बाल-बाल बचे**

टायर लेकर दिल्ली की ओर जा रही डीसीएम औरैया रोड पर जगनेवा पुल की रेलिंग तोड़कर पुल पर हवा में लटक गई। हादसे में चालक व परिचालक बाल बाल बचे। बुधवार दोपहर एक डीसीएम झांसी से दिल्ली की ओर जा रही थी। वाहन में टायर लदे हुए थे।

जब डीसीएम जालौन से करीब 10 किमी की दूरी पर स्थित जगनेवा पुल के पास पहुंची, तभी आगे जा रहे वाहन को ओवरटेक करने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया। तेज रफ्तार के कारण डीसीएम सीधे पुल की रेलिंग से टकरा गई और रेलिंग तोड़कर हवा में लटक गई। घटना के बाद वहां से निकल रहे लोगों ने चालक और परिचालक को सुरक्षित बाहर निकाला। साथ ही पुलिस को सूचना दी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अगर डीसीएम पूरी तरह नीचे गिर जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि हादसे में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई।

# परीक्षा नीतियों के विरुद्ध विद्यार्थी परिषद ने डीवीसी में लगाया ताला

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद उरई के कार्यकर्ताओं ने बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी की परीक्षा नीतियों के विरोध में दयानंद वैदिक कॉलज उरई के मुख्य द्वार पर ताला लगाकर रोड जाम कर प्रदर्शन किया। प्रांत सह मंत्री चित्रांशु सिंह ने बताया कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पिछले डेढ़ साल से जिला प्रशासन, विश्वविद्यालय प्रशासन व महाविद्यालय प्रशासन को ज्ञापनों के माध्यम से अपनी मांगे रख रहा है लेकिन किसी को छात्रों की समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है। इसलिए आज यह कदम उठाना पड़ा। आगे विभाग संयोजक अभय दुबे ने कहा कि यदि महाविद्यालय से नोडल केंद्र हटाने का कार्य यदि तत्काल प्रभाव से न किया तो पुनः विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगी। जिला संयोजक सहयोग नामदेव ने बताया कि आज प्रदर्शन के दौरान विद्यार्थी परिषद को विश्वविद्यालय द्वारा समिति बनाकर 3 कार्यदिवस में निस्तारण करने का पत्र प्राप्त होंने के बाद ही परिषद ने आंदोलन रोका है आगे भी यदि छात्रहितों में कोई समस्या आती है तो ऐसे ही परिषद लड़ता आया है और लड़ता रहेगा।

# सर्राफा डकैती कांड में एक और गया जेल

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

कस्बे के पटेल नगर में 15 मई को दिनदहाड़े पड़ी डकैती के मामले में हालांकि पुलिस सभी अभियुक्तों को पहले ही जेल भेज चुकी थी लेकिन माना जा रहा था कि कोई लोकल व्यक्ति भी उन बदमाशों द्वारा बनाए गए षड्यंत्र में शामिल हो सकता है। इस मामले में पुलिस लगातार अपनी खोजबीन में जुटी रही और अंततः उसने एक सर्राफा कारोबारी को इस कांड में बाबस्ता बताते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कस्बे के भीड़भाड़ वाले इलाके पटेल नगर में नवीन ज्वैलर्स की दुकान पर 15 मई को दिनदहाड़े आधा दर्जन नकाबपोश बदमाशों ने डकैती की वारदात को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे डाली थी। एसपी डॉ दुर्गेश कुमार के निर्देशन में उक्त मामले का खुलासा करने में कोतवाली पुलिस के अलावा एसओजी, सर्विलांस आदि की टीमों को कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। हालांकि फील्ड में डकैती कांड को अंजाम देने वाले सभी आरोपियों को पुलिस पहले ही जेल भेज चुकी थी लेकिन इस पूरी घटना में पुलिस लोकल कनेक्शन भी खंगालती रही। घटना के पांच महीने बाद मंगलवार को कोतवाल अजीत सिंह और वरिष्ठ उपनिरीक्षक विमलेश कुमार ने कस्बे के सुभाष नगर निवासी प्रशांत अग्रवाल को उसी के घर के बाहर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## सपा छात्रसभा के जीतेंद्र बने नगराध्यक्ष

**जालौन,उरई।** समाजवादी छात्र सभा का नगर अध्यक्ष जीतेंद्र कुशवाहा को बनाया गया। उनके मनोनयन पर समर्थकों ने खुशी का इजहार किया है। समाजवादी छात्र सभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा के अनुमोदन पर जिलाध्यक्ष रामानंद कुशवाहा ने नगर के जीतेंद्र कुशवाहा को समाजवादी पार्टी छात्र सभा का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया है। उनके मनोनयन पर समर्थकों ने खुशी का इजहार करते हुए मिष्ठान वितरण किया। नव मनोनीत नगर अध्यक्ष जीतेंद्र कुशवाहा ने बताया कि पार्टी ने उन्हें जो जिम्मेदारी दी है वह निष्ठापूर्वक उसे निभाएंगे और पार्टी की नीतियों को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

# दबंग पूर्व प्रधान ने चकमार्ग को काटा, एसडीएम ने काम रुकवाया

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

दबंग पूर्व प्रधान ने चकमार्ग को काटकर अपने खेत में मिला लिया। इस मामले की शिकायत एसडीएम से की गयी। जिस पर एसडीएम के आदेश पर पहुंचे राजस्व निरीक्षक ने काम को रुकवा दिया। बताते हैं कि जेसीबी द्वारा चक मार्ग काटने से पाइप लाइन भी क्षतिग्रस्त हो गयी।

जानकारी के अनुसार कायमगंज ब्लॉक के शिवरई बरियार गांव में पूर्व प्रधान संजीव यादव ने जेसीबी बुलाकर चकमार्ग को काटना शुरु किया। उनकी मंशा उक्त चक मार्ग को अपने खेत में मिलाने की थी, तभी गांव के प्रधान पुत्र धर्मेंद्र सिंह ने इसकी शिकायत उप जिलाधिकारी से की। धर्मेंद्र सिंह के अनुसार उन्होंने जनवरी में मनरेगा के तहत इस मार्ग को नहर से भगवानदास के दरवाजे तक मिट्टी डालकर दुरुस्त कराया था। चकमार्ग काटे जाने से प्रधानमंत्री हर घर जल योजना के तहत बिछाई गई पानी की पाइपलाइन भी क्षतिग्रस्त हो गई। जिससे गांव में पानी की आपूर्ति बाधित हो गई है। शिकायतकर्ता ने यह भी आरोप लगाया है कि मार्ग काटने के बाद पूर्व प्रधान परिवार ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने मांग की है कि काटे गए मार्ग को पुनः दुरुस्त किया जाए। पाइपलाइन जोड़ी जाए और पूर्व प्रधान के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम अतुल कुमार सिंह ने लेखपाल को मौके पर भेजा। लेखपाल ने मौके पर पहुंचकर नापजोख की और चकमार्ग काटने का काम रुकवा दिया।



पूर्व प्रधान द्वारा काटा गया चक मार्ग

# रामलीला देख दर्शक हुए भाव विभोर

▸ मुख्य अतिथि के रूप में सभासद ने लिया भाग, हुआ स्वागत

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

बीते दिनों से कस्बे में चल रही रामलीला में मुख्य अतिथि के रुप में पहुंचे सभासद राहुल यादव ने आरती में भाग लिया। इस दौरान कमेटी के लोगों ने उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया। सीता हरण की लीला देखकर दर्शक भाव विभोर हो गये।

जानकारी के अनुसार कस्बा नवाबगंज में बीते दिनों से चल रही आदर्श रामलीला में बीती रात कमेटी के आह्वान पर मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राहुल यादव सभासद ने रामलीला के मंच पर आरती में भाग लिया। मुख्य अतिथि राहुल यादव सभासद का समस्त कमेटी के लोगों ने माला पहनाकर स्वागत किया। वहीं सीता हरण लीला का हुआ मंचन कानपुर से आए कलाकारों द्वारा किया गया। रामलीला का मंचन देखकर दर्शक भाव विभोर हो गये। इस मौके पर मुख्य अतिथि सभासद राहुल यादव, रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अनिल वर्मा उर्फ नन्हें भइया, कार्यवाहक अध्यक्ष आदेश राठौर, प्रबंधक सत्येंद्र यादव, प्रमोद मिश्रा, पिंटू गुप्ता, कमल भारद्वाज, कोषाध्यक्ष जयवीर यादव, विनीत भारद्वाज सहित समस्त कमेटी के पदाधिकारी व रामलीला कमेटी के कलाकार मौजूद रहे।



सभासद को राम दरबार की प्रतिमा भेंट करते कमेटी के लोग

# विभागीय कार्यों में लापरवाही बरतने पर समिति ने पंचायत सहायक को हटाया

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

ग्राम पंचायत में तैनात पंचायत सहायक द्वारा विभागीय कार्य न करने पर समिति के द्वारा की गई बैठक में पंचायत सहायक को हटाने की कार्रवाई की गयी।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत अचरिया बाकरपुर में ग्राम पंचायत के पंचायत सहायक के द्वारा विभागीय कार्य न करने और समय-समय पर निरीक्षण के दौरान पंचायत कक्ष में ताला पड़े होने के कारण विकास खंड अधिकारी के निर्देश पर ग्राम पंचायत सचिव कुलदीप राजपूत तथा ग्राम प्रधान दुर्वेश कुमार की अध्यक्षता में समिति की बैठक की गई। बैठक के दौरान पंचायत सहायक को हटाने की कार्रवाई की गई। ग्राम पंचायत सचिव ने बताया की लगातार पंचायत घर में होने वाले कार्यों को अनदेखा करने तथा अन्य अनियमिततायें बरतने के आरोप में ग्राम पंचायत सहायक अवधेश कुमार को हटाने का सभी समिति के सदस्यों द्वारा निर्णय लिया गया। इसके बाद ग्राम पंचायत सहायक को हटाने की कार्रवाई की गई। जिसकी रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को भेज दी गई।

# सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम में बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अमृतपुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर में विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षण संस्थान द्वारा सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने मंच पर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन और पुष्पार्पण से हुआ। विद्यालय प्रबंधक मंडल के सदस्यों, अतिथियों और शिक्षकों ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके बाद छोटे बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीत, नृत्य, लोकगीत और नाट्य मंचन के जरिए भारतीय संस्कृति, महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण और राष्ट्र प्रेम का संदेश दिया। अभिभावकों ने तालियां बजाकर बच्चों का उत्साह बढ़ाया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि विद्या भारती संस्था बच्चों में संस्कार, अनुशासन और राष्ट्रनिष्ठा की भावना जागृत कर उन्हें सच्चे नागरिक बनाने का कार्य कर रही है।

उन्होंने विद्यार्थियों से शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों को भी आत्मसात करने का आग्रह किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ने बताया कि सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के साथ भारतीय परंपरा और संस्कृति को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षक, अभिभावक, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक और ग्रामीण बड़ी संख्या में मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय परिवार ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर आभार व्यक्त किया। राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद अभिभावक, शिक्षक व बच्चे




स्कूल के बाहर दीवाल लगे विवादित पोस्टर

## फिर लगे आई लव मोहम्मद के पोस्टर

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** कमालगंज थाना क्षेत्र के ग्राम गौसपुर में बीती रात कुछ अज्ञात लोगों द्वारा आई लव मोहम्मद के पोस्टर प्राथमिक विद्यालय के गेट के पास दीवाल एवं गांव की बिजली के खंबों तथा गांव में ही रोड के किनारे कबाड़ी का काम करने वाली व्यवसायी की दुकान के बाहर लगा दिये। इसकी जानकारी होते ही गांव में सुगबुगाहट होने लगी। घटना की सूचना मिलने पर तुरंत पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने जांच पड़ताल शुरु कर दी है। पुलिस का कहना है कि सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जायेगा। उन्हें किसी भी कीमत पर छूट नहीं दी जायेगी।

## खबरें एक नजर में

### महिलाओं पर अश्लील टिप्पणी कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** आने जाने वाली महिलाओं व युवतियों पर अश्लील फब्तियां कस रहे युवक को पुलिस ने पकड़ लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को सूचना मिले कि मकू नगला आम रोड गंगा गली हनुमान मन्दिर के पास एक युवक आने वाली महिलाओं व युवतियों पर अश्लील टिप्पणी कर रहा है। पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ लिया। युवक ने पूछने पर अपना नाम कल्लू पुत्र रामचरन निवासी भोला नगला थाना कमालगंज बताया। पुलिस ने उसको जेल भेज दिया।

### विद्युत केबिल तोड़ने का आरोप लगाकर महिला को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** विद्युत केबिल तोड़ने का आरोप लगाते हुए दबंग ने महिला की पिटाई कर दी। पीड़िता ने थाना पुलिस को तहरीर दी है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार पीड़िता आशमा पत्नी अनीस निवासी नई बस्ती कस्बा थाना कमालगंज ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि पीड़िता के घर के सामने पड़ोसी रहीसुद्दीन पुत्र सरफुद्दीन की विद्युत केबिल टूट गयी थी। जिस पर दिनांक 23 अगस्त को करीब 6 बजे उपरोक्त रहीसुद्दीन ने पीड़िता के साथ गाली-गलौज करते हुए धक्का मुक्की कर दी। जिससे पीड़िता के काफी चोटें आयीं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

### गाली-गलौज व मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़ित सुदेश पुत्र नरेश निवासी गांव नगरिया देवधरापुर थाना कमालगंज का निवासी है। दिनांक 19 अगस्त को समय करीब रात 11 बजे पीड़ित अपने दरवजे पर बैठा था, तभी पड़ोसी मुकेश पुत्र नरेश, शीबू पुत्र मुकेश ने पीड़ित के दरवाजे पर आकर गाली-गलौज करने लगे। पीड़ित के मना करने पर उसके व उसकी पत्नी सुनीता के साथ मुकेश व शीबू लाठी-डंडों से मारपीट करने लगे। जिससे पीड़ित व पत्नी सुनीता के चोटें आयी हैं। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

### घूरा डालने से मना करने पर महिला समेत दो को पीटा

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पीड़िता शिल्पी पत्नी सोनू निवासी ग्राम कीरतपुर थाना कमालगंज की रहने वाली हूँ। दिनांक 12 अक्टूबर को दोपहर 2 बजे मेरे जेठ श्याम सुंदर पुत्र रघुनाथ ने पड़ोसी रीना पत्नी रामचंद्र व बिरजू पुत्र मुन्नू व नंदू पुत्र मुन्नू निवासी ग्राम किदरापुर थाना कमालगंज उक्त से घूरा डालने से मना किया, तो इसी बात पर जेठ श्याम सुंदर के साथ उक्त लोगों ने गाली-गलौज करते हुए लाठी-डण्डों से मारापीटा। मारपीट में जेठ के चोटें आई थी। उसी विवाद की रंजिश में दिनांक 14 अक्टूबर को दोपहर 1 बजे पड़ोसी रीना पत्नी रामचंद्र व कीमती, अंजू पुत्रीगण रामचंद्र, लखन पुत्र राजेश और बिरजू, नंदू पुत्रगण मुन्नू निवासी ग्राम किदरापुर थाना कमालगंज उक्त लोगों ने मेरे साथ गाली-गलौज व लाठी-डण्डों से मारापीटा। मारपीट मे मेरे सिर में चोटें आई हैं।

### पुलिस ने सीओ के नेतृत्व में छापा मारकर बरामद की एक हजार लीटर लहन



लहन को बरामद करती पुलिस व मौजूद सीओ

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पुलिस और आबकारी विभाग ने गिहार बस्ती में छापा मारकर भारी मात्रा में लहन बरामद कर नष्ट किया। इस दौरान अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया। पुलिस को देखकर कई भूमिगत हो गये। जानकारी के अनुसार बुधवार को मोहम्मदाबाद में पुलिस और आबकारी विभाग की संयुक्त टीम ने गिहार बस्ती में छापेमारी कर 1000 लीटर कच्ची शराब का लहन नष्ट किया। बताते चलें कि यह कार्रवाई दीपावली त्योहार के मद्देनजर की गयी। आबकारी निरीक्षक रीता वर्मा ने क्षेत्राधिकारी अजय वर्मा और थाना पुलिस के साथ मिलकर तकीपुर स्थित गिहार बस्ती में यह कार्रवाई की। हालांकि इस दौरान अवैध शराब बनाने वाला कोई भी आरोपी पुलिस के हाथ नहीं लग पाया। पुलिस के अचानक पहुंचने पर गिहार बस्ती के लोग अपन-अपने खेतों की ओर भाग खड़े हुए। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला ने बताया कि संयुक्त टीम ने छापा मारा था, लेकिन कोई गिरफ्तारी नहीं हुई। वहीं आबकारी विभाग का कहना है कि छापामार कार्यवाही जारी रहेगी। किसी भी कीमत पर शराब का अवैध कारोबार नहीं होने दिया जायेगा।

# भाकियू लोक शक्ति की महापंचायत सम्पन्न, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कृपि मण्डी समिति में भारतीय किसान यूनियन लोक शाक्ति की महापंचायत आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुँचे राष्ट्रीय अध्यक्ष श्योराज भाटी ने महा पंचायत में क्षेत्र की समस्याओं पर आवाज उठाई।

महा पंचायत की जानकारी होने पर उपजिलाधिकारी अतुल कुमार भी पहुंचे। जहॉ राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जिला अध्यक्ष के सहयोग से तीन सुत्रीय ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा है कि पांचाल घाट पुल से बहबलपुर तक बांध निर्माण कराया जाये, वारिश के मौसम में आयी बाढ़ से संपर्क मार्ग उखड़ गये थे, जगह-जगह गड्ढे हो गये, उनकी मरम्मत कराने करायी जाये, कई स्थानों पर स्मार्ट मीटर लगाये जा रहे हैं, लेकिन केबिल पुरानी डाली जा रही है। पुरानी केबिल को हटवाकर नई केबिल डलवायी जाये आदि मांगें शामिल हैं। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष अनुराग गुप्ता, जिला अध्यक्ष अली कायम, मुनेश कुमार, राघिव हुसैन, सऊद भाई सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे।



महा पंचायत में मौजूद राष्ट्रीय अध्यक्ष व अन्य

# लूट की रिपोर्ट न लिखने पर वृद्ध महिला ने पुलिस अधीक्षक से लगायी गुहार

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पीड़िता अनवरी पत्नी शेर जान निवासिनी सदरियापुर थाना कमालगंज की निवासिनी वृद्ध, कमजोर महिला है। पीड़िता अपने घर के बरामदे में दिनांक 14/15.10.2025 को रात्रि करीब 01:15 बजे अकेली सो रही थी। अचानक पीड़िता को घर में अचानक ताला टूटने आवाज सुनाई पड़ी, तो पीड़िता ने उठकर देखा कि कमरे का दरवाजा खुला है। जब पीड़िता ने कमरे के अन्दर जाकर देखा कि गांव का ही शादाब पुत्र अलीदराज पीड़िता के कमरे में रखे वक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे जेवरात एक सोने का हार, दो अंगूठी, दो जोड़ी झुमकी सोने की, दो जोड़ी चांदी की पायलें निकालकर जेब में रख लिये, तभी पीड़िता ने उसे पीछे से पकड़ लिया और जोर-जोर से चिल्लाने लगी। जिस पर पास पड़ोस के काफी लोग आ गये और उक्त शादाब को पकड़ने का प्रयास किया, परन्तु उसने अपनी गोट से तमंचा निकालकर तानते हुए पीड़िता को धक्का देते हुए जान से मारने की धमकी देकर पीड़िता का सारा जेवर लूटकर भाग गया। तब पीड़िता ग्रामीणों के साथ थाने पहुंची और पुलिस को तहरीर दी, लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हुई। तब पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया।



जानकारी देती पीड़िता अनवरी

# दीपावली पर डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के अवकाश पर रोक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दीपावली के त्योहार के मद्देनजर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी है। जिले के लोहिया अस्पताल सहित सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर 24 घंटे इलाज की व्यवस्था रहेगी।

दीपावली पर पटाखे चलाने के दौरान जलने या आंखों से संबंधित चोटों का खतरा रहता है। इसके अतिरिक्त त्योहार के दौरान अधिक पकवान खाने से फूड प्वाइजनिंग के मामले भी बढ़ जाते हैं। इन्हीं संभावित समस्याओं से निपटने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष तैयारियां की हैं। सीएमओ डॉ0 अवनींद्र कुमार ने बताया कि लोहिया अस्पताल और सभी सीएचसी, पीएचसी पर 24 घंटे चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। उन्होंने जांच के सभी उपकरण सक्रिय रखने और मरीजों को अस्पताल तक पहुंचाने के लिए एंबुलेंस तैयार रखने के निर्देश दिए हैं। जले हुए मरीजों के उपचार के लिए बर्न वार्ड तैयार रखने, आंखों के इलाज और फूड प्वाइजनिंग के मामलों के लिए पर्याप्त दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा गया है। त्योहार के दौरान डॉक्टरों, विशेषकर आंखों के डॉक्टरों और अन्य कर्मचारियों को कोई अवकाश नहीं मिलेगा। उनकी ड्यूटी रोस्टर के अनुसार लगाई जाएगी।

व्यवस्थाओं को सुचारु बनाए रखने के लिए नोडल अधिकारियों को अस्पतालों का भ्रमण करने के निर्देश भी दिए गए हैं। सीएमओ ने बताया कि लोहिया अस्पताल के बर्न वार्ड में 10 बेड आरक्षित किए गए हैं, जबकि सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर दो-दो बेड की व्यवस्था की गई है।



जानकारी देते मुख्य चिकित्साधिकारी

## पुत्री की शादी करने के विवाद में दबंगों ने महिला समेत तीन को पीटा, मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** पुत्री की शादी करने के विवाद में दबंगों ने महिला, उसके पति तथा देवर को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़िता ने थाने में दबंगों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है। नवाबगंज थाना क्षेत्र के कस्बा नवाबगंज स्थित चौराहे पर बीते दिन हुई मारपीट के मामले में मोहम्मदाबाद थाना क्षेत्र के गांव ताजपुर टिलियां निवासी पिंकी पत्नी संतोष कुमार ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह बीते दिन अपने देवर शिव कुमार के साथ नवाबगंज कस्बे के चौराहे पर हीरो एजेंसी पर शादी में देने के लिए बाइक की बुकिंग करने के लिए आई थी। उसने बताया कि वह अपनी पुत्री कोमल की शादी अपनी ननद सुनीता देवी पत्नी ओम शरण निवासी गढ़िया बबुरारा के पुत्र नागेंद्र के साथ कर रही है। जब वह हीरो एजेंसी पर अपने पति व देवर के साथ बैठी, तभी गांव गढ़िया बबुरारा निवासी अवधेश पुत्र अशोक कुमार, आदेश कुमार पुत्र अशोक कुमार, अशोक कुमार पुत्र देवी दयाल एक राय होकर हीरो एजेंसी पर आए और आकर अभद्र भाषा में पीड़िता के साथ गाली-गलौज करने लगे और कहा कि तुझको शादी अपने गांव में नहीं करने देंगे। जिस बात पर पीड़िता ने विरोध किया, तभी पीड़िता व उसके पति संतोष व देवर शिवकुमार के साथ मारपीट की। पीड़िता के बताएं उसके 20000 रुपये भी कहीं गिर गए। तब पीड़िता ने थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने पीड़िता तथा उसके पति व देवर शिव कुमार का मेडिकल परीक्षण कराकर आरोपीगणों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## पांच लीटर कच्ची शराब सहित महिला को पकड़कर भेजा जेल

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस ने महिला को पांच लीटर कच्ची शराब सहित गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार पुलिस को जरिये मुखबिर सूचना मिली कि एक महिला रेलवे लाइन के किनारे बकरा मण्डी में बैठी है। जो आने जाने वाले राहगीरो को अवैध शराब बेचती है। उसके पास एक प्लास्टिक की कट्टी मटमैला झोला में रखकर बेच रही है। सूचना पर पुलिस सक्रिय हो गयी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उपरोक्त महिला को पकड़ लिया। नाम, पता पूछने पर उसने अपना नाम सिया दुलारी पत्नी रामप्रकाश निवासी खैम रंगाई थाना कमालगंज बताया। जामा तलाशी से दाहिने हाथ में पकड़े झोले मटमैला से एक 05 लीटर की सफेद प्लास्टिक की पिपिया बरामद हुई। जिसे सूंघने पर शराब होने का पता चला। पुलिस ने महिला व शराब को गिरफ्तार कर लिया।

# जमीनी विवाद: घर में घुसकर मारपीट, मुकदमा दर्ज

▸ न्यायालय में चल रहा था मामला

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

मुकदमे की रंजिश को लेकर आरोपीगणों ने घर में घुसकर मारपीट की। पीड़ित ने थाने में तहरीर दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार नवाबगंज थाना क्षेत्र के गांव बीसलपुर बांगर निवासी राम बख्श पुत्र शालिग्राम ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि गांव के ही आरोपीगणों से जमीनी विवाद को लेकर हुई मारपीट के मामले में न्यायालय में मुकदमा चल रहा था। जिसके चलते आरोपीगणों ने बीती 8 अक्टूबर 2025 को आकर गाली-गलौज किया किया था। जब गाली-गलौज का विरोध किया, तो उक्त दबंगों ने कहा कि अपने मुकदमे को वापस ले लो नहीं तो तुमको जान से मार डालेंगे। जिस पर पीड़ित ने विरोध जताया। जिस पर आरोपीगणों ने घर में घुसकर मारपीट की थी। पीड़ित ने गांव के ही नामजद आरोपी प्रेमचंद पुत्र रामपाल, रतन पाल, महावीर, विजयपाल पुत्र प्रेमचंद निवासीगण बीसलपुर के विरुद्ध तहरीर दी। थाना पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी।

# जाति सूचक शब्दों का प्रयोग, विरोध करने पर पीटा, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

जाति सूचक गाली-गलौज करने का विरोध करने पर दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार पीड़ित बालेश्वर जाटव पुत्र राज निवासी ग्राम रामपुर थाना कमालगंज का निवासी है। दिनांक 12 अक्टूबर की दोपहर करीब 1 बजे मैं अपनी पत्नी लकी को दवा दिलाकर घर वापस जा रहा था, तभी रास्ते में गांव के पास कार संख्या-यू.पी.87एस3441 से आये लोगों ने कार आगे लगाकर पीड़ित की बाइक रोकी तथा कार में सवार विशाल यादव पुत्र पप्पू यादव, ओपेन्द्र यादव पुत्र पप्पू यादव, पप्पू यादव पुत्र दयाराम व लकी शुक्ला पुत्र टिंकू निवासी ग्राम मांझगांव ने उतरते ही जातिसूचक गाली-गलौज कर लाठी-डडों से मारपीट की। विरोध करने पर पत्नी लकी को भी पीटा। जाते-जाते सभी ने कहा कि चमार तुम अगर थाने गये तो जूतों से मारूंगा। मारपीट में मैं व पत्नी घायल हो गये। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं को जागरुक करते हुए दिखायी गयी लघु फिल्म

कायमगंज, समृद्धि न्यूज। शकुंतला पब्लिक स्कूल में जाकर अपराध निरीक्षक मोहम्मद कामिल खान मय मिशन शक्ति टीम द्वारा बालिकाओं को मिशन शक्ति के पांचवें चरण के तहत संबंधित लघु फिल्म दिखाई गई तथा बालिकाओं को सशक्त और जागरूक किया गया तथा विभिन्न हेल्पलाइन नंबर के बारे में जानकारी दी गई। जिसमें सरकारी हेल्पलाइन नंबर 1076, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर, 112 आपातकालीन पुलिस सेवा, 108 एंबुलेंस सेवा, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर, 181 वीमेन हेल्पलाइन नंबर, 102 गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं के लिए एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबर, 1090 वूमेन पावर लाइन नंबर, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर, 101 अग्निशमन सेवा आदि के बारे में बात कर जागरूक किया व मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 के प्रयोग के बारे में बताया गया।



मिशन शक्ति-5.0 के तहत छात्राओं को जागरुक करते पुलिसकर्मी

# सीएम से मृतक छात्रों के परिजनों को दस-दस लाख दिलाये जाने की विकास राजपूत ने की मांग

- पीड़ित परिजनों से मिलकर शोक संवेदना की व्यक्त
- उच्च स्तरीय जांच की भी उठायी मांग
- परिजनों ने प्रशासन पर लगाये लापरवाही के आरोप


पीड़ित परिजनों से जानकारी लेते विकास राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सातनपुर मण्डी रोड स्थित द सन लाइब्रेरी में हुए भीषण विस्फोट की घटना ने जनपद को शोक और सदमे में डाल दिया था। इस दर्दनाक हादसे में दो छात्र आकाश कश्यप व आकाश सक्सेना की असमय मृत्यु हो गई थी तथा कई अन्य छात्र-छात्राएं गंभीर रूप से घायल हो गए।

भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता एवं समाजसेवी विकास राजपूत ने इस हृदयविदारक घटना पर गहरा दुःख व्यक्त किया और कहा कि यह सम्पूर्ण जनपद के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के विभाग संगठन मंत्री संजय प्रताप सिंह राणा एवं परिषद के अन्य कार्यकर्ताओं व समर्थकों के साथ मृतक छात्रों के परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। विकास राजपूत ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर आग्रह किया कि सभी घायल छात्र-छात्राओं के उपचार की संपूर्ण व्यवस्था शासन स्तर से की जाए एवं घायलों के उपचार का समुचित व्यय प्रशासन द्वारा पीड़ितों को दिया जाए। मृतक दोनों छात्रों के परिजनों को 10-10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता (मुआवज़ा) शीघ्र दिया जाए। घटना की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए। वहीं घायलों के परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रशासन की लापरवाही से उन्हें अपने बच्चों का इलाज स्वयं कराना पड़ रहा है। उन्होंने पीड़ित परिजनों को भरोसा दिलाया कि उन्हें न्याय जल्द मिलेगा और प्रशासन की ओर से शीघ्र ही आवश्यक मदद मुहैया कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा।

# उज्जवला योजना के लाभार्थियों को वितरित की गई चेक

- मुख्यमंत्री का लाइव देखा गया प्रसारण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


गैस सब्सिडी की चेक दिखाती महिलायें

मुख्यमंत्री द्वारा लोकभवन से उज्जवला योजना के अन्तर्गत लाभार्थियों के बैंक खाते में निःशुल्क घरेलू सिलेण्डर रिफिल की धनराशि अन्तरित किये जाने सम्बन्धी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में जनप्रतिनिधि एवं लाभार्थियों तथा अधिकारीगण की उपस्थिति में सजीव प्रसारण देखा गया। निःशुल्क घरेलू सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी कार्यक्रम में जनपद में 200 उज्जवला लाभार्थी उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों ने सजीव प्रसारण की समाप्ति के उपरान्त 20 उज्जवला योजना के लाभार्थियों को सब्सिडी अन्तरण का प्रतीकात्मक चेक का वितरण किया। योजना 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक प्रथम चरण हेतु लागू रहेगी। जनपद में समस्त 165225 पात्र/क्रियाशील उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सब्सिडी की धनराशि रू0 559.58 को उनके खाते में अन्तरित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी, जिला पंचायत अध्यक्ष मोनिका यादव, भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचन्द्र वर्मा, विधायक कायमगंज डॉ. सुरभि, जिला पूर्ति अधिकारी सुरेन्द्र यादव, क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी अनिल कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

# विद्यालयों में टीईटी अनिवार्यता का काली पट्टी बांधकर किया गया विरोध


काली पट्टी बांधकर विरोध करते शिक्षक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

टीईटी अनिवार्यता के विरोध में शिक्षकों ने काली पट्टी बांधकर कार्य किया। सभी शिक्षकों ने एक स्वर में मांग की कि टीईटी अनिवार्यता के आदेश को वापस लिया जाये। प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष भूपेश प्रकाश पाठक ने कहा कि सेवारत शिक्षक भयभीत है। कई शिक्षकों की स्थिति मानसिक तनाव से गुजर रही है। सरकार इस निर्णय को शीघ्र वापस लें। जिला महामंत्री प्रवेश सिंह राठौर ने कहा कि निर्णय वापस नहीं लिया गया तो आंदोलन को तेज किया जायेगा और सभी लोग दिल्ली कूंच करेगें। शिक्षक नेता आर्येन्द्र यादव ने कहा कि इस आदेश से शिक्षकों में आक्रोश है। जब तक आदेश वापस नहीं लिया जायेगा, तब आंदोलन जारी रहेगा।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों में विरोध प्रदर्शन जारी रहा और काली पट्टी बांधकर कार्य किया। पीएस गांधी राजेपुर, पीएस गंधिया, कम्पोजिट विद्यालय ताजपुर, कम्पोजिट विद्यालय भुवनपुर, यूपीएस भाऊपुर चौरासी, यूपीएस तुर्कीपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय शमशाबाद, यूपीएस ईसेपुर नवादा, कम्पोजिट विद्यालय मौजमुल्ला, कम्पोजिट विद्यालय नयागांव, पीएस कुबेरपुर, यूपीएस बहादुरपुर आदि विद्यालयों में काली पट्टी बांधकर विरोध करते हुए कार्य किया गया।

## हनुमान गढ़ी के महंत राजूदास का डॉ. राजीव पाठक ने किया स्वागत


महंत राजूदास का स्वागत करते डॉ. राजीव पाठक आदि

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अयोध्या हनुमान गढ़ी के महंत राजूदास का जनपद में जोरदार स्वागत किया गया। समाजसेवी डॉ. राजीव कुमार पाठक व डॉ. आयुष पाठक ने अपने प्रतिष्ठान सूरज अल्ट्रासाउंड फतेहगढ़ पर महंत राजू दास का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वागत कर अंगवस्त्र पहनाये। डॉ. राजीव पाठक के साथ डॉ. वैभव पाठक,डॉ. आयुष पाठक ने फूल मालाओं से स्वागत किया। महंत राजूदास ने प्रसाद ग्रहण किया। जिसके उपरान्त महंत राजूदास का काफिला राजेपुर में चल रही रामलीला कमेटी द्वारा आयोजित कवि सम्मेलन पहुंचा। जहां उनका जोरदास स्वागत किया गया। सूरज अल्ट्रासाउंड के संचालक डॉ. राजीव कुमार पाठक के पुत्र डॉ. आयुष पाठक ने स्वामी जी का सम्मान किया और कवि सम्मेलन में जोश भरते हुए कविता पढ़ी। उन्होंने आयुष पाठक को मंच पर सम्मानित कर आशीर्वाद दिया। इस मौके पर रामखिलावन मिश्रा, टिंकू मिश्रा आदि लोगों ने भी स्वागत किया।

# दिवाली से पूर्व स्वास्थ्य संविदा कर्मचारियों को वेतन न मिला तो होगा आंदोलन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


बैठक में मौजूद संघ के लोग

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ की बैठक डॉ. राममनोहर लोहिया चिकित्सालय के सभागार में सम्पन्न हुई। अध्यक्षता पंकज शुक्ला ने की। संचालन साबिर हुसैन ने किया। सभी ने एक स्वर में कहा कि कर्मचारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

दीपावली पर्व को नजरअंदाज करते हुए कर्मचारियों का वेतन पिछले कई महीनों से नहीं दिया जा रहा है। साथ ही कर्मचारी एवं अधिकारियों के साथ सीएमओ द्वारा अभद्रता व भाषाशैली का निरंतर प्रयोग किया जा रहा है। संघ को जानकारी मिली है कि एसीएमओ डा0 सर्वेश यादव से भी अभद्र भाषा का प्रयोग करने की बात की गई है। संविदा कर्मचारियों से इससे पूर्व अभद्र एवं भाषा एवं गाली-गलौज का प्रयोग किया जा चुका है। जो की निंदनीय विषय है। जिलाध्यक्ष अभिषेक बाजपेयी ने कहा कि सीएमओ जिस प्रकार सार्वजनिक रुप से अधिकारी एवं कर्मचारियों से अभद्रता पूर्ण बात कर रहे है। उसी तरह वह माफी मांगे। सभी कर्मचारियों का दीपावली से पूर्व भुगतान किया जाये, नहीं तो संघ की ओर से आंदोलन किया जायेगा। इस मौके पर कर्मचारी महासंघ के जिला महामंत्री प्रमोद दीक्षित, अटल शुक्ला, नरेन्द्र मिश्रा, रजा अहमद, रेनू मिश्रा, रश्मि सिंह, अनुजा पाल, प्रदीप यादव, नरेन्द्र चौरसिया, भूपेन्द्र यादव, इमरान, राजीव दीक्षित, विजय शंकर तिवारी, गौरव कुमार, रत्नेश कुमार आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

## खबरें एक नजर में

### मिशन शक्ति के तहत छात्राओं को किया गया जागरुक


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जिला प्रोबेशन अधिकारी के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति अभियान 5.0 के तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय बिचपुरी कमालगंज में बालिकाओं को गुड टच बेड टच, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, समस्त टोल फ्री नंबर बालिकाओं को बताए गए। जेंडर स्पेशलिस्ट निर्मला राजपूत व थानाध्यक्ष राजीव ने बालिकाओं को साइबर क्राइम के बारे में बालिकाओं को जागरूक किया। सोनम पथरिया इंचार्ज प्रधानाध्यापक, सुरेंद्र पाल सहायक अध्यापक, जितेंद्र कुमार कठेरिया सहायक अध्यापक, चेतन भारती अनुदेशक कला, प्रवीण कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

### रोजगार मेले में 112 अभ्यार्थियों का हुआ चयन


साक्षात्कार देते अभ्यार्थी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठंडी सड़क पर रोजगार/अप्रेन्टिसशिप मेले का आयोजन किया गया। मेले में 6 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। मेले में 175 रिक्तियों के सापेक्ष 143 अभ्यर्थी उपस्थित हुए। कम्पनियों के प्रतिनिधियों ने 143 अभ्यार्थियों का साक्षात्कार कर कुल 122 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। जिसमें अप्रेन्टिसशिप के लिए 10 मुशाशी आटोपार्ट्स लि0 अंबिका आटो मोटिव सेफ्टिी कम्पोरेन्ट लि0 गुरुग्राम व जॉब ट्रेनी के लिए 112 अभ्यार्थियों का चयन किया गया। मेला की व्यवस्था नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, कार्यदेशक बृजेश कुमार, अप्रेन्टिसिप प्रभारी रंजीत कुमार सुमन, प्लेसमेंट प्रभारी सुनील कुमार, विजेन्द्र सिंह, राजकिशोर महतो एवं समस्त स्टाफ मौजूद रहा। नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

### कुश्ती में स्वर्ण पदक जीतकर जूली राजपूत ने जनपद का नाम किया रोशन


स्वर्ण पदक के साथ जूली राजपूत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता में जनपद की जूली राजपूत ने स्वर्ण पदक जीतकर नाम रोशन किया है। 13, 14 अक्टूबर को जीआईसी बंगरा जालौन में प्रदेश स्तरीय कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन हुआ था। जिसमें जनपद फर्रुखाबाद की चार कुश्ती खिलाड़ी जूली राजपूत, निशा परिहार, नेहा पाल, आस्था वर्मा ने प्रतिभाग किया। जिसमें जूली राजपूत ने 53 किलो भार वर्ग में 3 कुश्ती मुकाबले जीतकर स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इससे पूर्व भी गत वर्ष रांची में आयोजित राष्ट्रीय महिला कुश्ती प्रतियोगिता में जूली राजपूत रजत पदक प्राप्त किया था। जूली के स्वर्ण पदक जीतने पर जिला कुश्ती संघ के अध्यक्ष डॉ. पल्लव सोमवंशी, सचिव अरुण यादव, संजीव कटियार, अतुल कटियार, दीपक ने जूली को बधाई दी। जूली के जनपद वापस आने पर जिला कुश्ती संघ द्वारा महिला खिलाड़ियों को भी सम्मानित किया जायेगा।

# जिला कबड्डी प्रतियोगिता में सीपी ग्लोबल बना विजेता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रतियोगिता में मौजूद कबड्डी विजेता टीम

पंडित दीन दयाल जन्म शताब्दी वर्ष के अवसर पर जिला स्तरीय जूनियर बालक वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में हुआ। जिसका उद्घाटन नगर मजिस्ट्रेट संजय कुमार बंसल ने खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त कर किया।

जिला क्रीड़ाधिकारी कर्मवीर सिंह ने मुख्य अतिथि नगर मजिस्ट्रेट का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कबड्डी प्रतियोगिता में 9 बालक टीमों द्वारा निःशुल्क रजिस्ट्रेशन कराकर प्रतिभाग किया गया। विजेता-उपविजेता को पुरुस्कार आरजीटीएस के माध्यम से सीधे खाते में किया जायेगा। कबड्डी नॉट आउट मैच में पहला मैच बरौन व बढ़पुर के बीच हुआ। 26 अंकों के साथ जनता इंटर कालेज फतेहगढ़ व 7 अंक के साथ बरौन बढ़पुर टीम विजेता रही। दूसरा मैच मदनपुर क्लब 17 अंक बनाम वीरपुर के बीच हुआ। 11 अंक बनाकर मदनपुर टीम विजेता रही। तीसरे मैच में फरीदपुर व बरौन के बीच कबड्डी मैच हुआ। जिसमें फरीदपुर 10 अंक बनाकर विजेता रहा। चौथा मैच ज्ञानफोर्ड एनोवेटिव स्कूल व सीपी ग्लोबल सकवाई के बीच हुआ। सीपी ग्लोबल 20 अंक के साथ विजेता रहा। पांचवें मैच में शहीद देवानंद एकेडमी टीम व जनता इंटर कालेज फतेहगढ़ के बीच हुआ। शहीद देवानंद एकेडमी 9 अंक बनाकर विजेता बना। छठा सेमीफाइनल मैच फरीदपुर नवाबगंज व मदनपुर क्लब के बीच हुआ। फरीदपुर विजेता बना। दूसरा सेमीफाइनल मैच सपी ग्लोबल सकवाई व शहीद देवानंद एकेडमी के बीच हुआ। सीपी ग्लोबल विजेता बना। फाइनल मैच में सीपी ग्लोबल व फरीदपुर नवाबगंज टीम के बीच हुआ।

जिसमें सीपी ग्लोबल टीम 15 से जीत दर्ज कर विजेता बना। वहीं उप विजेता फरीदपुर नवाबगंज रहा। निर्णायक मण्डल में जिला कबड्डी एसोसिएशन के सचिव कुलदीप यादव, सुभाष चन्द्र, संजीव कटियार, अरुण कुमार, सुनील पाल, विमलेश कुमार, अभिषेक शाक्य, सपना यादव, अभिषेक पाल, अतुल कटियार ने भूमिका निभाई। इस अवसर पर कबड्डी एसोसिएशन के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप जायसवाल, सुशांत गुप्ता, अमित चौहान, विपिन कुमार, चंदन कुमार, संजीव द्विवेदी, मनीष कुमार आदि लोग मौजूद रहे।


उद्घाटन के दौरान मेजर जनरल व बच्चे

## मेजर जनरल ने स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स और एस्ट्रोनॉमी लैब का किया उद्घाटन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ कैण्ट के पेट्रॉन जीओसी मध्य यूपी सब-एरिया मेजर जनरल सलिल सेठ ने अपने सेण्टर विजिट के दौरान विद्यालय में स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स और एस्ट्रोनॉमी लैब का उद्घाटन किया। उन्होंने स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में बास्केटबॉल, वालीबॉल, बैडमिंटन तथा क्रिकेट ग्राउंड को देखते हुए उचित दिशा निर्देश दिये। मेजर जनरल सलिल सेठ का स्वागत विद्यालय के प्रधानाचार्य संजीव ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन स्टेशन कमाण्डर सिखलाई रेजीमेंट सेण्टर के ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन, डिप्टी चेयरमैन कर्नल गौरव बोस, मेजर सीआई सिंह, उप प्रधानाचार्य नितिन चतुर्वेदी सहित कई सैन्य अधिकारी एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## सपा ने मनायी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मिसाइल मैन के नाम से विश्वविख्यात भारत के पूर्व राष्ट्रपति एवं महान वैज्ञानिक डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती आवास विकास स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय पर धूमधाम से मनाई गई। जिला अध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव के नेतृत्व में मौजूद नेताओं, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने डॉ0 अब्दुल कलाम के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित किए। इस मौके पर जिला महासचिव इलियास मंसूरी, जिला अल्पसंख्य सभा के जिलाध्यक्ष साजिद खान, बृजेश पाल, ओम प्रकाश शर्मा, बिना शर्मा, रामपाल सिंह यादव, सुनीता शाक्य, कमल हसन, डॉ. रामकृष्ण राजपूत आदि मौजूद रहे।

# प्रा.वि.मदारपुर में मनाया गया विश्व हाथ धुलाई दिवस


रैली में भाग लेते बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में विश्व हाथ धुलाई दिवस मनाया गया। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल के नेतृत्व में आशा, उमा, सपना आदि ने स्कूली बच्चों के साथ मिलकर मनाया ग्लोबल हैंड वाश डे मनाया। उन्होंने बच्चों को स्वच्छता संबंधी जानकारी देते हुए स्वस्थ रहने के तरीके बताए। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकत्री मेमवती और आशा वर्कर रामदेवी ने बच्चों के साथ मिलकर संचारी रोग नियंत्रण रैली निकाली। जिसमें बच्चे स्वच्छता संबंधी नारे लिखी हुई तख्तियां लेकर चल रहे थे। रैली को स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष खेतल सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

# आईटीआई की एक दिन की प्रधानाचार्य बनीं छात्रा गुनगुन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


प्रधानाचार्य का कार्य करती छात्रा गुनगुन

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में मिशन शक्ति के अन्तर्गत नारी सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक दिन के लिए कु. गुनगुन शाक्य व्यवसाय कास्मेटोलाजी को प्रधानाचार्य बनाया गया तथा कु. तमन्ना गुप्ता व्यवसाय कास्मेटोलाजी एवं नागेन्द्र सिंह व्यवसाय इलेक्ट्रानिक्स मैकेनिक को कार्यदेशक बनाया गया है। प्रधानाचार्य कु. गुनगुन शाक्य ने कु. तमन्ना गुप्ता व नागेन्द्र सिंह कार्यदेशक के सहयोग से कार्यशालाओं व संस्थान परिसर का निरीक्षण किया और सम्बन्धित कर्मचारियों को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण देने के लिए निर्देशित किया। छात्रा गुनगुन ने बताया कि प्रधानाचार्य पद लेते हुए बहुत अच्छा लगा। भविष्य में भी आगे चलकर रियल प्रधानाचार्य बनने का प्रयास करूंगी। विद्यालय में लोगों ने अपनी समस्यायें बतायी। उन समस्याओं को प्रधानाचार्य से मिलकर समाधान कराऊंगी।

विद्यालय में सबसे ज्यादा लाइट की समस्या है। विद्यालय में पठन-पाठन बहुत अच्छा चल रहा है। प्रधानाचार्य के नेतृत्व में सभी लोग कार्य कर रहे है। इस अवसर पर नोडल प्रधानाचार्य राजवीर सिंह, कार्यदेशक बृजेश कुमार, सुनील कुमार, मो. इखलाक सिद्दीकी, समस्म स्टाफ व समस्त प्रशिक्षार्थी उपस्थित रहे। प्रशिक्षार्थियों के प्रेरणाश्रोत बने प्रधानाचार्य कु. गुनगुन शाक्य एवं कु. तमन्ना गुप्ता व नागेन्द्र सिंह प्रशिक्षार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## पेंशनरों की समस्याओं का कराया जायेगा निराकरणः विजय बहादुर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सेवानिवृत्त प्राथमिक शिक्षक कल्याण परिषद जनपद की कार्य समिति कई वर्षो से निष्क्रिय चल रही थी। जिसमें पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण नहीं हो पा रहा था। प्रदेश कार्य समिति के निर्देशानुसार जनपद में पेंशनरों की समस्याओं का निराकरण के लिए संयोजक मण्डल का गठन किया गया। विजय बहादुर यादव संयोजक, भगनानंद अग्निहोत्री सहसंयोजक, करन सिंह राठौर, शिवनंदन शास्त्री, बलवीर सिंह को सदस्य बनाया गया। इस संबंध में जिला संयोजक विजय बहादुर यादव ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा।


सम्मान के दौरान अर्पित शाक्य व शिवकिशोर सिंह

## डॉ. बीआर अम्बेडकर नेशनल आवार्ड से दो पत्रकारों को किया गया सम्मानित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजधानी दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित डॉ. भीमराव अंबेडकर नेशनल अवार्ड समारोह-2025 में देशभर के विभिन्न क्षेत्रों से चुनी गई 55 विशिष्ट विभूतियों और संस्थानों को सम्मानित किया गया। यह आयोजन डा. बी.आर. अंबेडकर स्पोर्ट्स फाउंडेशन द्वारा किया गया। फर्रुखाबाद से दो पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया। जिसमें अर्पित शाक्य व शिवकिशोर सिंह के नाम शामिल है। दोनों पत्रकारों को सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों को निष्पक्ष और निडर पत्रकारिता के माध्यम से जनहित में उठाने के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य ने पत्र लिखकर दोनों पत्रकारों को मिले सम्मान की प्रसंशा की।

# हमें अपने धर्म और आस्था के प्रति विश्वास होना चाहिए : महंत राजूदास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**


कार्यक्रम में सम्मानित होते विमलेश मिश्रा

श्री आदर्श रामलीला कमेटी राजेपुर राठौरी के तत्वावधान में रामलीला के समापन अवसर पर अखिल भारतीय काव्य समारोह का आयोजन रामलीला मैदान में हुआ। मुख्य अतिथि हनुमानगढ़ी अयोध्या धाम के महंत राजू दास महाराज व विशिष्ट अतिथि शिव शक्ति अखाड़ा के प्रमुख महंत मधुराम शरण शिवा महाराज, महंत दुर्वाषा ऋषि आश्रम के ईश्वर दास महाराज, बच्चा स्वामी महाराज रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती मां, भगवान राम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया। वाणी वंदना अतिथि कवयित्री इटावा से योगिता चौहान ने की। काव्य मंच के अध्यक्ष साहित्यकार महेश पाल सिंह उपकारी रहे। संचालन वैभव सोमवंशी ने किया।

कवि उत्कर्ष अग्निहोत्री ने पंक्तियां पढ़ी। रचनाकार योगिता चौहान ने पढ़ा भूल गई मै सारी बातें, एक फसाना याद रहा। भूलना चाहा जिसको मैने एक फसाना याद रहा। प्रमुख महंत राजू दास महाराज ने कहा कि हमें अपने धर्म के प्रति आस्था, अपने धर्म के प्रति विश्वास होना चाहिए। हम ये बिल्कुल नहीं चाहते कि किसी भी धर्म के लोग हमारे हिन्दू धर्म में शामिल हों, लेकिन ये जरूर चाहते हैं कि जो हमारे सनातन संस्कृति के लोग है वो सनातन संस्कृति से ही जुड़कर रहे। हिंदुओं को समझाकर धर्म परिवर्तन करानें वाले पर मेरी हमेशा कड़ी नजर रहती है। उन्होंने आयोजक मंडल को बधाई दी। प्रमुख महंत मधुराम शरण शिवा महाराज ने बताया कि यदि युवा देश का सोया रहेगा तो देश की आन वान और शान खतरे में होगी। ईश्वर दास महाराज ने कार्यक्रम संयोजक रामजी अग्निहोत्री को सफल आयोजन की बधाई दी और कहा कि हमारे जनपद में सर्वाधिक कार्यक्रम धर्म और अध्यात्म से ही संबंधित होते हैं। महंत बच्चा स्वामी ने बताया कि काव्य समारोह और संत समागम का कार्यक्रम एक मंच पर होना एक बहुत ही अद्भुत संयोग है। कार्यक्रम संयोजक मंडल अध्यक्ष युवा हिन्दू महासभा रामजी अग्निहोत्री ने सभी संतों एवं रचनाकारों का सम्मान किया। रास्ते में जगह-जगह महंत राजू दास का स्वागत किया गया। हिन्दू महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष विमलेश मिश्रा, सौरव मिश्रा, डॉ. अविनाश पाण्डेय आदि लोग काफिले में मौजूद रहे। कार्यक्रम में अध्यक्ष सुरेंद्र पाल सिंह, उमेश पाल सिंह, शैलेन्द्र सिंह राठौर, डॉ. अविनाश पाण्डेय, नरेंद्र सोमवंशी, राजीव चतुर्वेदी, अमन अवस्थी, डॉ. राजीव पाठक, मुनीश मिश्रा, डॉ. राघवेंद्र अग्निहोत्री, दिनेश सिंह तोमर, सुशील चौहान, सुबोध सिंह राठौर, सौरभ सिंह, नीतीश अग्निहोत्री, सिद्धांत सिंह सिद्धू, गौरव सिंह, श्याम अग्निहोत्री, अजय दुबे, सौरभ मिश्रा, आशीष मिश्रा, प्रशांत तोमर, विनय प्रताप सिंह, वेदप्रकाश सिंह आदि मौजूद रहे।

**सपा ने की मासिक बैठक में पंचायत चुनाव एवं एमएलसी चुनाव पर चर्चा**

# कार्यकर्ताओं ने उठाया खाद व जर्जर सड़क का मामला



**मिर्ज़ापुर, समृद्धि न्यूज।**

समाजवादी पार्टी की जिला इकाई की मासिक समीक्षा बैठक जिला कार्यालय लोहिया ट्रस्ट में संपन्न हुई। पंचायत चुनाव एवं एमएलसी चुनाव पर चर्चा की गई। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने खाद, जर्जर सड़क का मामला प्रमुखता से उठाया। कहा गया कि 2027 के विधानसभा चुनाव में सपा प्रचंड बहुमत से जीतकर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनायेगी।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि राष्ट्रीय नेतृत्व के निर्देश पर हर बूथ पर चल रही पीडीए चर्चा सफल है। उन्होंने कहा कि समाजवादी पार्टी समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। समता मूलक समाज की स्थापना और सामाजिक न्याय के लिए पार्टी संघर्षरत है।

भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि देश-प्रदेश में भ्रष्टाचार चरम पर है। युवा बेरोजगारी से परेशान हैं। पंचायत चुनाव, विधानसभा चुनाव, एमएलसी चुनाव को लेकर चर्चा की गई। कार्यकर्ताओं को सक्रिय करने और संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया। बैठक में खाद, जर्जर सड़क का भी मुद्दा उठाया गया।

बैठक में पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, अशोक यादव, रामजी मौर्या, झल्लु यादव, आदर्श यादव, संतोष गोयल, राम गोपाल बिंद, शैलेष पटेल, सोकिम अहमद, कन्हैया यादव, सतीश मिश्रा, सत्यप्रकाश यादव, जुम्मन खान, शुसील सिंह, संग्राम बिंद, हरिशंकर यादव, अमरेश सोनकर, रामराज यादव, बंदना गुप्ता बलराम यादव आदि मौजूद रहे।

## नाली को कब्जे में लेकर निर्माण कार्य करने पर सीएम पोर्टल पर की शिकायत

**सार्वजनिक नाली को ध्वस्त किए जाने से कस्बे में पानी निकासी की समस्या हो जाएगी उत्पन्न**

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवहट ग्राम निवासी सुरेंद्र प्रताप सिंह सोनू ने सार्वजनिक नाली को ध्वस्त कर निर्माण कार्य शुरू करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध मंगलवार को सीएम पोर्टल पर प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत देवहट के अंतर्गत आने वाले ड्रमंडगंज कस्बा निवासी दिलीप केशरी द्वारा अपने मकान के सामने गुजरने वाले नेशनल हाईवे के किनारे बनी सार्वजनिक नाली को कब्जे में लेकर पिलर का निर्माण करवाया जा रहा है। सार्वजनिक नाली को ध्वस्त किए जाने से कस्बे में पानी निकासी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी।

सुरेन्द्र प्रताप सिंह ने मामले की जांच व सार्वजनिक नाली को कब्जे में लेकर निर्माण कार्य शुरू करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है।

# आगे चल रहे ट्रेलर से टकराया ट्रक, चालक घायल

**ड्रमंडगंज (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



थाना क्षेत्र के मिर्ज़ापुर रीवा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित ड्रमंडगंज घाटी के जालिम मोड़ के पास मंगलवार की देर रात मध्यप्रदेश से सीमेंट क्लिंकर लादकर जा रहे ट्रेलर का ब्रेक फेल होने से अनियंत्रित ट्रेलर डिवाइडर से टकराते हुए आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गया।

दुर्घटना में ट्रेलर चालक 25 वर्षीय चंद्र लाल निवासी करनपुर थाना देहात कोतवाली गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना पर पहुंचे एस आई मनसुख यादव ने गंभीर रूप से घायल चालक को एंबुलेंस से पीएचसी हलिया भेजवाया। जहां प्रभारी चिकित्साधिकारी डा. अवधेश कुमार ने घायल चालक के सिर, आंख तथा पैर में आई गंभीर चोट को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया।

हादसे में अनार लदे ट्रक पिछला हिस्सा और ट्रेलर का आगे का हिस्सा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया।ट्रक चालक मोहम्मद सबरोज ने महाराष्ट्र से अनार लादकर बिहार जा रहा था कि घाटी में नीचे उतरते समय देर रात बारह बजे के करीब सीमेंट क्लींकर लादकर पीछे से आ रहे ट्रेलर ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी जिससे पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त और पहिया ब्रस्ट हो गया। एसआई मनसुख यादव ने बताया कि ड्रमंडगंज घाटी में नीचे उतरते समय सीमेंट क्लिंकर लादकर जा रहे ट्रेलर ने अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक में पीछे से टकरा गया। गंभीर रूप से घायल ट्रेलर चालक को उपचार हेतु एंबुलेंस से अस्पताल भेजवाया गया है। घटना की जांच की जा रही है।

## दर्शनार्थियों से भरा आटो पलटा, महिला व बालिका घायल

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के हलिया ड्रमंडगंज मार्ग स्थित रतेह गांव में पेट्रोल पंप के पास दर्शनार्थियों को लेकर जा रहा आटो सामने जा रही बाइक सवार को बचाने में अनियंत्रित होकर पलट गया। आटो में सवार महिला और उसकी नातिन घायल हो गई। प्रयागराज जिले के कोरांव थाना क्षेत्र के टिकर मर्यादपुर गांव निवासी 45 वर्षीया सविता देवी पत्नी प्रेम शंकर अपनी बेटी आराधना की एक वर्षीया पुत्री का मुंडन संस्कार कराने के लिए परिवार के अन्य सदस्यों के साथ आटो से गड़बड़ा धाम गई थी। दोपहर में मुंडन संस्कार कराने के बाद सभी लोग अपने घर वापस जा रहे थे।आटो जैसे ही रतेह गांव स्थित पेट्रोल पंप के पास पहुंचा तो आगे चल रहे बाइक सवार ने अचानक ब्रेक लगा दिया बाइक सवार को बचाने के चक्कर में दर्शनार्थियों से भरा आटो सड़क पर अनियंत्रित होकर पलट गया। वहीं घटना के बाद बाइक सवार मौके से भाग निकला। हादसे में आटो सवार सविता देवी उनकी दस वर्षीया नातिन नेहा पुत्री कन्हैया सिंह निवासी नीबी मगरहा थाना खीरी जिला प्रयागराज घायल हो गए संयोग था कि घटना में अन्य सवारिया बाल बाल बच गई। मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने सड़क पर पलटे आटो को सीधा करवाया और घायल महिला और बालिका को उपचार हेतु ड्रमंडगंज स्थित एक निजी हास्पिटल में भर्ती कराया। जहां चिकित्सक ने घायल महिला और बालिका का उपचार किया। महिला के बांए हाथ और चेहरे पर गंभीर चोटें आई हैं वहीं बालिका की हालत सामान्य है। परिजन प्राथमिक उपचार के बाद महिला की हालत गंभीर देखते हुए उपचार हेतु आटो से प्रयागराज लेकर चले गए। घटना की सूचना पाकर अस्पताल में पहुंचे एसआई मनसुख यादव ने घटना के संबंध में आटो चालक धीरेन्द्र कुमार और परिजनों से जानकारी ली। आटो चालक धीरेन्द्र कुमार ने बताया कि आटो में बच्चों सहित कुल छह सवारियां बैठी थी जिसमें अन्य लोग बाल बाल बच गए।

## खबरें एक नजर में

### सोनौली में अवैध पटाखों का बड़ा जखीरा बरामद

*एसडीएम व पुलिस के छापेमारी में अवैध पटाखे का हुआ भण्डाफोड़*

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** भारत–नेपाल सीमा पर स्थित सोनौली कस्बे में उपजिलाधिकारी (एसडीएम) नौतनवां नवीन कुमार और पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। इस दौरान भारी मात्रा में अवैध रूप से भंडारित पटाखे बरामद किए गए। छापेमारी में पुलिस क्षेत्र अधिकारी अंकुर गौतम, अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत सोनौली राहुल यादव और बड़ी संख्या में पुलिस बल भी मौजूद रहा। सोनौली थाना अध्यक्ष अजीत प्रताप सिंह को सूचना मिली थी कि कस्बे में कई स्थानों पर भारी मात्रा में पटाखे रखे हुए हैं। उन्होंने तत्काल इसकी जानकारी उच्च अधिकारियों को दी। एसडीएम को भी लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही थीं कि कुछ दुकानदार अवैध रूप से पटाखे छिपाकर बेच रहे हैं और इनकी तस्करी नेपाल भी की जा रही है। इन सूचनाओं को गंभीरता से लेते हुए प्रशासन ने आज दोपहर एसएसबी रोड स्थित एक कटरे में छापा मारा। छापेमारी के दौरान वहां पटाखों का भारी अवैध भंडारण मिला, जिसे तत्काल जब्त कर लिया गया। प्रशासन की इस सख्त कार्रवाई से पूरे कस्बे में हड़कंप मच गया है। जिन दुकानदारों ने अवैध रूप से पटाखों का भंडारण किया था, वे अब कार्रवाई से बचने के लिए इन्हें इधर–उधर करने में लगे हुए हैं। उपजिलाधिकारी नवीन कुमार ने बताया कि भारी मात्रा में पटाखे बरामद किए गए हैं और संबंधित दुकानदारों पर आवश्यक अधिनियमों के तहत कड़ी कार्रवाई की जा रही है।

### बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता में बीएसए रिद्धि पांडेय की मधुर प्रस्तुति ने जीता दिल

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता के शुभारंभ अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रिद्धि पांडेय ने जब कार्यक्रम में गाया दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा, चांद तारों को छूने की आशाज तो पूरा परिसर तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। बच्चों की ऊर्जा, शिक्षकों की मुस्कान और अभिभावकों की उत्सुकता के बीच यह सुरमयी आगाज़ प्रतियोगिता को एक यादगार शुरुआत दे गया। प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय स्टेडियम परिसर में किया गया, जिसमें जिलेभर के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों के छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। खेलों में दौड़, लंबी कूद, रस्साकशी, कबड्डी, खो–खो और क्रिकेट जैसे पारंपरिक खेलों के साथ–साथ कुछ नवाचारात्मक गतिविधियाँ भी शामिल थीं। बच्चों ने पूरे उत्साह और जोश के साथ भाग लिया, जिससे आयोजन में जीवंतता बनी रही। बीएसए रिद्धि पांडेय ने उद्घाटन भाषण में कहा कि बच्चों की प्रतिभा को मंच देना ही शिक्षा का उद्देश्य है। खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास भी सिखाते हैं। उन्होंने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि हर बच्चा विशेष है और उसकी छोटी–सी आशा भी बड़े सपनों की नींव रख सकती है। उनकी गायन प्रस्तुति ने न केवल बच्चों को प्रेरित किया, बल्कि उपस्थित शिक्षकों और अभिभावकों को भी भावविभोर कर दिया। यह पल आयोजन का सबसे भावनात्मक और प्रेरणादायक क्षण बन गया। कार्यक्रम में शिक्षकगण, अभिभावक और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहे। सभी ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की और आयोजन की सफलता के लिए आयोजकों को बधाई दी। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं को पुरस्कार और प्रमाणपत्र प्रदान किए गए।

### रेलवे ट्रैक पर मिली युवक की सिर कटी लाश परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

**फरेन्दा, महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** फरेन्दा तहसील क्षेत्र के अंतर्गत बृजमनगंज रेलवे स्टेशन के ट्रैक पर देर शाम 7:00 बजे के करीब एक युवक की सर कटी लाश मिली, जिसके शरीर पर एक भी कपड़े नहीं थे तथा पैर बधा हुआ दिखाई पड़ा जिसका धड मौजूद था सर गायब था जिससे पूरे स्टेशन परिसर में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान योगेंद्र यादव पुत्र बलवंत निवासी समरधीरा पुरंदरपुर के रूप में हुई है। शाम 7:00 बजे के करीब बृजमनगंज रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर एक के ओवर ब्रिज के नीचे ट्रैक के बीचों–बीच एक सर कटी लाश दिखाई देने से पूरे रेलवे स्टेशन पर हड़कंप मच गया और लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। तत्काल इसकी सूचना स्टेशन मास्टर को दी गई, जिन्होंने जीआरपी पुलिस को सूचना दी। वहां पर मौजूद भीड़ से पता चला कि घटना 75107 डेमो सवारी गाड़ी शाम 07:05 बजे जाने के बाद देखी गई। लोगों ने बताया कि बृजमनगंज पुलिस की जांच पड़ताल में उसके कपड़े और आधार कुछ दूरी पर मिले हैं, जिससे उसकी शिनाख्त योगेंद्र यादव के रूप में हुई। योगेंद्र की उम्र लगभग 25 से 27 वर्ष थी। परिजनों को फोन के माध्यम से सूचना दे दी गई है। परिजनों के पहुंचने पर लाश को देखकर पहचान की गई। उसके दाहिने हाथ पर योगेंद्र नाम लिखा हुआ था, जिसे देखते ही चीख–पुकार मच गई। पुलिस द्वारा काफी खोजबीन के बाद कुछ दूरी पर मृतक युवक सर भी बरामद कर लिया गया द्य मृतक के परिजन शव को देखकर दहाड़ मार कर रोने लगे उन्होंने हत्या की आशंका जताई। परिजनों ने बताया कि योगेंद्र सुबह 10:00 बजे फरेंदा से बस से गोविंदगढ़ पंजाब के लिए रवाना हुआ था। परिजनों ने बताया कि आज शाम 7:00 बजे सूचना मिली कि योगेंद्र की लाश रेलवे स्टेशन पर मिली है। योगेंद्र के परिवार में पत्नी विमलावती और दो छोटे बच्चे हैं, जिनका नाम अनुभव और अदिति है। इनकी उम्र लगभग 3 से 5 साल है।मौके पर बृजमनगंज पुलिस भी मौजूद रही जहां जीआरपी पुलिस शव को कब्जे में लेकर पंचायत नामा बनाकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है कि युवक की मृत्यु किस कारण से हुई है।

## क्षेत्रीय वनाधिकारी के पद पर पदोन्नति होने पर डीएफओ ने लगाया स्टार



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**

कैमूर वन्यजीव प्रभाग, मिर्जापुर के दो उप क्षेत्रीय वनाधिकारी त्रिभुवन प्रसाद सिंह (टीपी सिंह) व चंद्र प्रकाश त्रिपाठी (सीपी त्रिपाठी) को क्षेत्रीय वनाधिकारी पद पर पदोन्नति होने पर मंगलवार को प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग मिर्ज़ापुर तापस मिहिर तथा प्रभागीय वनाधिकारी मिर्जापुर राकेश कुमार, वन्यजीव प्रतिपालक चुर्क भास्कर प्रसाद पांडेय एवं डीएफओ कार्यालय के अधिकारियों की उपस्थिति में, प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव द्वारा त्रिभुवन प्रसाद सिंह, उपक्षेत्रीय वनाधिकारी व चंद्र प्रकाश त्रिपाठी को क्षेत्रीय वन अधिकारी पद पर पदोन्नत होने पर दोनों लोगो को बैच और स्टार लगाकर सम्मानित किया गया।

### भगतपुरवा में पशु चिकित्सा शिविर आयोजित



*शिविर में 430 पशुओं की निःशुल्क चिकित्सा की गई*

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।** नौतनवां के भगतपुरवां गांव में पशु विभाग द्वारा आयोजित नि:शुल्क पशु चिकित्सा शिविर में 430 पशुओं की नि:शुल्क जांच कर दवा वितरित की गई। आज बुधवार सुबह 10 बजे नौतनवां क्षेत्र की ग्राम सभा भगतपुरवां में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य शिविर मेला का आयोजन किया गया। नौतनवां के डिप्टी सीवीयू डॉ. अशोक कुमार यादव के नेतृत्व में हुए इस शिविर का उद्घाटन ग्राम प्रधान पिंटू मद्धेशिया ने फीता काटकर किया। बरगदवां पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ. दिलीप कुमार सिंह ने बताया कि आरोग्य शिविर में आए 430 पशुओं को नि:शुल्क जांच के बाद दवाएं दी गईं। इनमें कृमिनाशक, बुखार, गर्भधारण, पेट फूलने, खुजली, घाव सुखाने की दवाएं, साथ ही बधियाकरण और टीकाकरण शामिल थे। पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य संबंधी उपाय भी बताए गए। इस दौरान डॉ. प्रभाकर सिंह, डॉ. परमात्मा सिंह, राजाराम गुप्ता और शिवचरन सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### पूर्व विधायक का पास लगा वाहन सीज, महराजगंज के पुरन्दरपुर में पुलिस ने जांच की शुरू

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक चार पहिया वाहन को सीज किया है। बताया जाता है कि इस वाहन पर पूर्व विधायक का पास लगा हुआ था। दस्तावेजों की जांच के बाद पुलिस ने पास के कथित दुरुपयोग के संदेह में यह कार्रवाई की। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि यह पास एक पूर्व विधायक के नाम पर जारी किया गया था, जो वर्तमान में किसी सक्रिय पद पर नहीं हैं। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि क्या यह वाहन वास्तव में पूर्व विधायक के स्वामित्व में है या नहीं। वाहन चला रहे व्यक्ति से पूछताछ की गई, लेकिन वह कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सका। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि यदि जांच में पास का गलत उपयोग या फर्जीवाड़ा पाया जाता है, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वाहन को पुलिस अपने कब्जे में ले लिया है और मामले की विस्तृत जांच पड़ताल कर रही है।

## डीपीआरओ संतोष कुमार श्रीवास्तव ने गंदगी देख जताई नाराजगी, निलंबन की दी चेतावनी

**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।**



जिला पंचायत राज अधिकारी (डीपीआरओ) संतोष कुमार श्रीवास्तव ने मंगलवार देर शाम पांच बजे के करीब गड़बड़ा धाम पहुंचकर साफ सफाई की व्यवस्था का जायजा लिया। डीपीआरओ ने मंदिर परिसर के आसपास गंदगी देखकर सफाई कर्मी अरूण कुमार व संगीता द्वारा कार्य में सुधार नही लाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

डीपीआरओ ने ग्राम सचिवालय का निरीक्षण करने के बाद शासन द्वारा प्रस्तावित उत्सव भवन निर्माण हेतु सार्वजनिक भूमि का निरीक्षण किया लेकिन भवन के निर्माण के लिए अपर्याप्त भूमि पाया। डीपीआरओ ने गड़बड़ा धाम मंदिर के अगल बगल लगे कूड़े के ढेर को बुधवार शाम तक साफनही किए जाने पर संबंधित सफाई कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की हिदायत दी। डीपीआरओ ने एडीओ पंचायत रूपेश श्रीवास्तव को गड़बड़ा धाम में साफ सफाई व्यवस्था चुस्त दुरुस्त करवाए जाने के लिए निर्देशित किया। इसके बाद ग्राम पंचायत लोहराव में पहुंचकर संचारी रोग नियंत्रण अभियान का निरीक्षण किया इस दौरान बीसी स्वच्छता व प्रधान संजय सिंह व ग्राम प्रतिनिधि गड़बड़ा रजनीश गुप्ता मौजूद रहे।

# आत्मा परमात्मा के मिलन का एक संगम है : अन्नपूर्णा भारती

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

फरेदा धानी-नौगढ रोड पर स्थित ग्राम सभा बनकटा के प्रांगण में चल रहे मानस कथा ज्ञान यज्ञ के छठवें दिन अयोध्या धाम से पधारे मानस कोकिला अन्नपूर्णा जी ने परमपिता परमेश्वर की अमृतमयी कथा का रसापान कराते हुए श्रोताओं को बताया कि आत्मा परमात्मा का मिलन एक संगम है ।

उन्होंने कहा जब तक जीव राम के शरणागत नहीं होगा तबक मायाजाल में भटकता रहेगा। जैसा कि मानव जीवन पाने के लिए देवता तरसते हैं आज मानव जीवन पाकर आत्मा परमात्मा का मिलन का मिलन नहीं हो जायेगा तो मानव जीवन जीने का वास्तविक आनन्द नहीं मिलेगा।यह भी उन्होंने कहा कि आत्मा परमात्मा के मिलन को महारास कहा जाता है। उन्होंने मानस का रसास्वादन कराते हुए श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया, और यह भी बताया कि रामायण




जीवन जीने की कला सिखाती है।जैसा कि गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में वर्णित किया है -

रामचरन पंकज उर धरही। लंका अचल राज तुम करही

उक्त चौपाई विभीषण के लिए कहीं गई है लेकिन यह चौपाई सबके लिए लागू होती है।यह चौपाई हमे सींख देती है कि बिना रामनाम का आश्रय लिए जीव सरलता से सुखमय शांतिमय जीवन नहीं जी सकता है।

इसी क्रम में अयोध्या धाम से पधारे मानस मर्मज्ञ सोमनाथ शास्त्री ने कहा कि भगवान राम का आदर्श,शबरी का प्रेम,भाई भरत का त्याग,केवट का प्रेम, हमें यह सीख देती है कि बिना त्याग, समर्पण, प्रेम, बलिदान,व अटल विश्वास, के ईश्वर की न प्राप्ति हो सकती है न ही ईश्वरीय ज्ञान ही प्राप्त हो सकता है।

आयोजित मानस कथा के छठवें दिन के यजमान पूर्व तहसीलदार ग्रीशचंद पाण्डेय रहे। आयोजक मण्डल में केशव पाण्डेय, विवेका पाण्डेय, सुशील कुमार पाण्डेय, मनोज कुमार पाण्डेय, गोरख पाण्डेय, सोमनाथ पाण्डेय, विजय पाण्डेय, समेत अन्य लोग रहे। वहीं न्याय पंचायत छितही खुर्द के श्रद्धालुओं की उपस्थिति और उनके जयजयकार से पूरा ग्राम सभा बनकटा अयोध्या हुआ है।

## सपा ने मनाई डॉ. अब्दुल कलाम की जयंती



**मिर्जापुर, समृद्धि न्यूज।**

भारत रत्न पूर्व राष्ट्रपति डा0 अब्दुल कलाम देश के प्रति महत्वपूर्ण योगदान रहा डा0 एपीजे अब्दुल कलाम एक समर्थ परमाणु वैज्ञानिक होने के साथ साथ एक कुशल दार्शनिक, शिक्षक और लेखक थे।

यह उद्गार सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने पार्टी कार्यालय में आयोजित गोष्ठी में कही। इस अवसर सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने डा0 अब्दुल कलाम के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित पर उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प लिया। उन्होनें ने बताया कि राजनीतिक और आध्यात्मिक क्षेत्रों में उनकी विद्वता और शक्ति ने देश को नई दिशा दी। डा0 अब्दुल कलाम को 40 से अधिक विश्वविद्यालयों और संस्थानों से डॉक्टरेट की उपधि मिली थी, जो उनके उत्कृष्ट ज्ञान का प्रमाण है। श्री चौधरी ने ऐसे महान व्यक्तित्व को नमन करते हुए उनके आदर्शो पर चलने का संकल्प दोहराया।

इस मौके पर पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, अशोक यादव, रामजी मौर्या, झल्लु यादव, आदर्श यादव, संतोष गोयल, राम गोपाल बिंद, शैलेष पटेल, सोकिम अहमद, कन्हैया यादव, सतीश मिश्रा, सत्यप्रकाश यादव, जुम्मन खान, शुसील सिंह, संग्राम बिंद, हरिशंकर यादव, अमरेश सोनकर, रामराज यादव, बंदना गुप्ता बलराम यादव आदि मौजूद रहे।

# महराजगंज महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम की स्क्रीनिंग हुई शुरू

**जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज में 700 छात्रोंओं ने अपनी प्रस्तुति का जलवा बिखेरा**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

महराजगंज महोत्सव के अंतर विद्यालयी सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए स्क्रीनिंग प्रक्रिया आज बुधवार को जवाहरलाल नेहरू पीजी कॉलेज में शुरू हुई।

जनपद के विभिन्न विद्यालयों से आए लगभग 700 छात्र-छात्राओं ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इनमें जूनियर वर्ग के 32 और सीनियर वर्ग के 14 विद्यालयों के बच्चे शामिल थे। निर्णायक मंडल ने मंच प्रभावोत्पादकता, समन्वय और परिधान के आधार पर प्रस्तुतियों का मूल्यांकन किया। चयनित



प्रतिभागियों को आगामी महराजगंज महोत्सव के मुख्य मंच पर अपनी कला का प्रदर्शन करने का अवसर मिलेगा। कार्यक्रम का संचालन पंकज मौर्या ने किया। जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर महराजगंज महोत्सव को सफल बनाने और स्थानीय छात्र-छात्राओं की सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए यह स्क्रीनिंग प्रक्रिया 16 तारीख तक चलेगी। उन्होंने कहा कि महोत्सव का मुख्य उद्देश्य जनपद की लोकसंस्कृति, परंपरा और नई प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। इसके माध्यम से बच्चों में सांस्कृतिक चेतना और आत्मविश्वास का विकास करना महोत्सव की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

प्रभाकर मणि ने सभी विद्यालयों से अपील की कि वे अधिक से अधिक छात्र-छात्राओं को ऐसी गतिविधियों में शामिल करें। जिससे जनपद की सांस्कृतिक पहचान को नई ऊर्जा मिल सके।

इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक प्रदीप कुमार, एसडीएम विजय यादव, बेसिक शिक्षा अधिकारी ऋद्धि पांडेय और जिला पंचायतराज अधिकारी श्रेया मिश्रा सहित कई शिक्षक, अभिभावक और छात्र उपस्थित रहे। स्क्रीनिंग का संचालन उत्साहपूर्ण और अनुशासित वातावरण में किया गया।

# खेल एक महोत्सव है : राजेश



**सांसद स्पर्धा खेल महोत्सव का हुआ भव्य शुभारंभ**

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

नगर पंचायत आनन्दनगर में स्थित आनन्दराम जयपुरिया इण्टर कालेज के प्रांगण में अवस्थित मिनी स्टेडियम में सांसद खेल स्पर्धा महोत्सव का आज नगर पंचायत आनन्दनगर के पूर्व अध्यक्ष व अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर व दीप प्रज्ज्वलन कर भव्य शुभारंभ किया। उसके पश्चात उन्होंने कहा कि खेल भी एक महोत्सव है। खेल से आपसी भाईचारा पैदा होता है साथ ही साथ एक दूसरे के हुनर की जानकारी होती है। अंत में उन्होंने प्रतिभागियों का परिचय प्राप्त कर उन्हें उत्साहित किया। अंत में उन्होंने कहा कि जब खेलेगा इंडिया तभी तो बढ़ेगा इंडिया। आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित शिक्षक, सहित अन्य पदाधिकारी व दर्शक मौजूद रहे।

# पनियरा में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के सम्मान में कार्यक्रम का हुआ आयोज

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।**

महराजगंज के पनियरा ब्लॉक सभागार में मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम के जन्मदिन पर %कलाम को सलाम% कार्यक्रम आयोजित हुआ। इसमें परिषदीय स्कूलों के बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियां दीं।

बच्चों ने डॉ. कलाम के जीवन, संघर्षों और उपलब्धियों पर आधारित भाषण, कविता, नाटक और गीत प्रस्तुत किए। उपस्थित अतिथियों ने बच्चों की प्रतिभा की सराहना की।




मुख्य अतिथि खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) राहुल सागर ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम का जीवन सभी के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी हार नहीं मानी और निरंतर परिश्रम से सफलता प्राप्त की। हमें उनके जीवन से संघर्ष, अनुशासन और समर्पण की सीख लेनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी शिव कुमार ने की, जबकि संचालन अरविंद पांडेय ने किया। इस अवसर पर सीएम फेलो सत्यप्रकाश, एडीओ पंचायत गुड्डू प्रसाद, अवर अभियंता शिव कुमार सिंह सहित कई अधिकारी, शिक्षक और कर्मचारी मौजूद थे। अंत में, अतिथियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन डॉ. कलाम के प्रेरक विचार -सपना वह नहीं जो नींद में देखा जाए, सपना वह है जो आपको सोने न दे के साथ हुआ।